RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 17
नई दिल्ली, शनिवार, 19 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




न्यूजीलैंड दौरा नए खिलाड़ियों को और मौका देना
स्पोर्ट्स-12

# आतंकवाद को उखाड़ फेंकने तक चैन नहीं लेगा देश: मोदी

## दहशतगर्दी का समर्थन करने वाले देशों को इसकी कीमत चुकाने के लिए मजबूर किया जाना चाहिए

- आतंकियों को धन की आपूर्ति पर रोक लगाने संबंधी विषय पर आयोजित मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और चीन पर साधा निशाना
- आतंकवाद से ज्यादा खतरनाक है उसका वित्त पोषण: शाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को इसकी कीमत चुकाने के लिए मजबूर किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को उखाड़ फेंके जाने तक देश चैन से नहीं बैठेगा। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और चीन पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि कुछ देश अपनी विदेश नीति के तहत आतंकवाद का समर्थन करते हैं तो कुछ अन्य देश आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई को अवरुद्ध करके अप्रत्यक्ष रूप से ऐसा करते हैं।

उन्होंने आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को इसकी कीमत चुकाने के लिए मजबूर किए जाने का आह्वान भी किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से राजधानी स्थित होटल ताज पैलेस में आतंकियों को धन की आपूर्ति पर रोक लगाने संबंधी विषय पर आयोजित तीसरे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात कही। इसी सम्मेलन में एक सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कुछ इसी लहजे में पाकिस्तान और चीन पर परोक्ष रूप से हमला किया और कहा कि दुर्भाग्य से कुछ देश ऐसे भी हैं जो आतंकवाद से लड़ने के लिए सामूहिक प्रयासों को कमजोर और नष्ट करना चाहते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में 70 से अधिक देशों के लगभग 450 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इनमें मंत्री, बहुपक्षीय संगठनों के प्रमुख और वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख शामिल रहे।



अधिकारियों ने बताया कि इस सम्मेलन में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए। चीन को इसमें आमंत्रित किया गया था, लेकिन उसका कोई भी प्रतिनिधि इसमें शामिल नहीं हुआ। उल्लेखनीय है कि पिछले दो दशकों के दौरान, भारत ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के पाकिस्तान स्थित कई नेताओं को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 समिति की सूची में शामिल करने की बार-बार मांग की है, लेकिन परिषद का स्थाई सदस्य चीन इन प्रस्तावों पर वीटो लगाता रहा है। शाह ने कहा, कुछ देश आतंकवादियों का बचाव करते हैं और उन्हें पनाह भी देते हैं। आतंकवादी को संरक्षण देना, आतंकवाद को बढ़ावा देने के बराबर है। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि ऐसे तत्व और ऐसे देश, अपने इरादों में कभी सफल न हो सकें। सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में मोदी ने आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति पैदा करने की कोशिश करने वाले संगठनों और व्यक्तियों को भी अलग-थलग किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, यह सर्वविदित है कि आतंकवादी संगठनों को कई स्रोतों से पैसा मिलता है।

एक स्रोत किसी देश से मिलने वाली मदद है। कुछ देश अपनी विदेश नीति के तहत आतंकवाद का समर्थन करते हैं। वे उन्हें राजनीतिक, वैचारिक और वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में आदर्श रूप से किसी को भी दुनिया को आतंकवाद के खतरों की याद दिलाने की कोई आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हालांकि कुछ हलकों में आतंकवाद के बारे में अभी भी कुछ गलत धारणाएं हैं। मोदी ने कहा कि अलग-अलग हमलों को (शेष पेज 8)

# एलजी व आप सरकार में रार और बढ़ने के आसार

- सक्सेना के आदेश पर डॉयलॉग कमिशन उपाध्यक्ष को काम करने से रोका कार्यालय सील: अधिकारी
- यदि जैस्मीन गलत हैं तो उस आधार पर आईटीडीसी के अध्यक्ष संबित पात्रा पर भी कार्रवाई होनी चाहिए: सिसोदिया



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कई** मुद्दों को लेकर पहले से ही खींचतान के बीच उपराज्यपाल और आप सरकार के बीच रार और बढ़ने के आसार हैं। सरकार से जुड़े अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश के बाद दिल्ली संवाद एवं विकास आयोग (डीडीसीडी) के उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह को काम करने से रोक दिया गया है। साथ ही शाह के कार्यालय को भी सील कर दिया गया है और उन्हें दी गई तमाम सुविधाएं वापस ले ली गई हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से यह कहते हुए शाह को डीडीसीडी के उपाध्यक्ष पद से हटाने के लिए कहा है कि वह राजनीतिक मकसद से अपने कार्यालय का दुरुपयोग कर रहे हैं। उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री के निर्णय लेने तक उन्हें आयोग से जुड़े कामकाज से दूर रहने को कहा है और साथ ही इस पद के अनुरूप दी गईं सभी सुविधाएं इस्तेमाल नहीं करने को भी कहा। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जस्मीन शाह ने कहा कि इस तरह के आदेश एलजी नहीं दे सकते, यह उनके क्षेत्राधिकार से बाहर का मामला है। उन्होंने कहा कि एलजी के अनुसार डीडीसी के उपाध्यक्ष रहते वह आप के प्रवक्ता के तौर पर काम नहीं कर सकते।

यह पद दिल्ली सरकार के मंत्री के समकक्ष होता है। यदि उपराज्यपाल सक्सेना उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू करते हैं तो इस आधार पर वह राजनीतिक मोर्चे पर आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधित्व करने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य मंत्रियों को भी बर्खास्त कर सकते हैं। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इस घटनाक्रम को लेकर ट्वीट करते हुए लिखा कि उपराज्यपाल ने जैस्मीन पर आप के प्रवक्ता होने का आरोप लगाते हुए उनके कार्यालय को सील कर दिया है। तो अब भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) के अध्यक्ष संबित पात्रा के कार्यालय को सील कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि वह भाजपा के प्रवक्ता हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, योजना विभाग के निदेशक ने आप के आधिकारिक प्रवक्ता के रूप में काम करके सार्वजनिक कार्यालय का दुरुपयोग करने के आरोपों को लेकर 17 अक्टूबर को जो कारण बताओ नोटिस जारी किया था, शाह को उसका जवाब देने के दो अवसर दिए गए थे, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। एक सूत्र ने कहा कि इसके बजाय शाह ने कहा कि योजना विभाग के मंत्री को जवाब भेज दिया गया है। उपराज्यपाल के कार्यालय ने उनका उत्तर जानने के लिए चार नवंबर को मुख्यमंत्री के कार्यालय को पत्र लिखा था, लेकिन मुख्यमंत्री कार्यालय ने अभी तक इस पत्र का उत्तर नहीं दिया है। सूत्र ने कहा कि इसके बाद उपराज्यपाल ने शाह को हटाने को (शेष पेज 8)

# मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे के पास ट्रॉली बैग में मिला महिला का शव

- गोली मारकर हत्या नहीं हुई शिनाख्त

**पायनियर समाचार सेवा।** मथुरा



**मथुरा** जनपद में शुक्रवार दोपहर यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर लाल रंग के एक ट्राली बैग में प्लास्टिक में पैक एक युवती का शव बरामद किया गया है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (देहात) त्रिगुण विनेश ने बताया कि दोपहर में यह सूचना मिली कि राया क्षेत्र के कृषि अनुसंधान केंद्र के समीप यमुना एक्सप्रेसवे से सटे सर्विस रोड पर लाल रंग के ट्रॉली बैग पड़ा है। अधिकारी ने बताया कि बैग को खोलने पर उसमें प्लास्टिक में पैक किया हुआ युवती का एक शव पाया गया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि गोली मारकर हत्या करने के बाद उसका शव यहां लाकर डाला गया है। उन्होंने बताया कि युवती के कपड़ों से उसकी कोई पहचान सम्भव नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस अपनी जांच में जुटी हुई है और उसकी शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। इसके बाद युवती की हत्या करने वाले का पता लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि युवती की उम्र करीब 22 वर्ष जान पड़ती है। उसका कद पांच फीट दो इंच है और रंग गोरा और उसके लंबे काले बाल हैं। युवती ने स्लेटी कलर की टी-शर्ट पहनी हुई थी, जिस पर लेजी डेज लिखा है। नीचे नीला और सफेद फूल पत्तीदार प्लाजो पहन रखी थी। उसके बाएं हाथ पर कलावा और काला धागा बंधा है। विनेश ने बताया कि सूटकेस में लालसफेद एवं (शेष पेज 8)

# नवलखा को हर हाल में 24 घंटे के अंदर घर में नजरबंद किया जाए: कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की आशंकाओं को खारिज करते हुए शुक्रवार को आदेश दिया कि माओवादियों और पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से संपर्क रखने के आरोपी सामाजिक कार्यकर्ता गौतम नवलखा को हर हाल में 24 घंटे के अंदर घर में नजरबंद किया जाए। नवलखा एल्गार परिषद-माओवादी संपर्क मामले के सिलसिले में नवी मुंबई की तलोजा जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। न्यायमूर्ति के एम जोसफ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ ने अभियोजन पक्ष और अदालत के बीच तीखी बहस के बाद आदेश सुनाया। हालांकि, पीठ ने आदेश दिया कि गौतम नवलखा को नजरबंदी के तहत जहां रखा जाएगा, उस इमारत में अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। पीठ ने कहा, हमारे 10 नवंबर के आदेश को हर हाल में 24 घंटे के अंदर पूरा किया जाएगा। एनआईए ने (शेष पेज 8)

# सावरकर पर राहुल के बयान के बाद एमवीए में मची हलचल

- संजय राउत ने की आलोचना, डैमेज कंट्रोल में जुटी कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**शिवसेना** सांसद संजय राउत के इस बयान के बाद कि वीर सावरकर के बारे में राहुल गांधी का बयान गैरजरूरी था और उनकी पार्टी राहुल के रुख से सहमत नहीं है, कांग्रेस नेता जयराम रमेश शुक्रवार को डैमेज कंट्रोल की कवायद में जुट गए। उन्होंने कहा कि हिन्दुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर पर निशाना नहीं साधा है बल्कि सिर्फ ऐतिहासिक तथ्यों को सामने रखा है।

वही राहुल गांधी भी आज सावकर पर टिप्पणी करने से बचे। शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने जहां विवाद को ज्यादा महत्व नहीं दिया तो वहीं राहुल ने भी महाराष्ट्र के बुल्ढाणा जिले के शेगांव में रैली को संबोधित करते हुए सावरकर का उल्लेख नहीं किया। इस बजाये उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह देश में डर, नफरत और हिंसा फैला रही है। इससे पहले राउत ने राहुल की टिप्पणी की जमकर आलोचना की। वही आदित्य ठाकरे ने विवाद को ज्यादा तूल न देते हुए कहा कि इस मुद्दे पर मैं अपने पार्टी नेता उद्धव ठाकरे और संजय राउत के रुख से सहमत हूं लेकिन यहां पर सवाल यह उठता है कि क्या राष्ट्रीय दलों को इस मुद्दे पर बहस करनी चाहिए कि 50 या 100 साल पहले किसने क्या कहा था।

यदि हम ऐसा करते हैं कि तो भविष्य में कौन मुद्दों के लिए संघर्ष करेगा और देश मौजूदा राजनीतिक हालात के खिलाफ संघर्ष करेगा। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के महाराष्ट्र में बुल्ढाणा जिले के शेगांव पहुंचने पर, संवाददाता सम्मेलन में रमेश ने कहा कि उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना भले ही सावरकर पर राहुल गांधी के विचारों का समर्थन नहीं करती है, लेकिन इसका महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन पर कोई प्रभाव नहीं (शेष पेज 8)

# विदेश मंत्रालय में कार्यरत चालक जासूसी के आरोप में गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने विदेश मंत्रालय में कार्यरत एक चालक को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक आरोपी चालक पाकिस्तान से संबंध रखने वाले एक व्यक्ति को गोपनीय दस्तावेज कथित तौर पर मुहैया कराता था। सूत्रों के अनुसार आरोपी चालक को शुक्रवार को यहां जवाहरलाल नेहरू भवन से गिरफ्तार किया गया। सूत्रों ने बताया कि आरोपी चालक पाकिस्तान में स्थित एक व्यक्ति को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय और संवेदनशील जानकारी कथित तौर पर देता था। सूत्रों ने बताया कि चालक को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेस इंटेलिजेंस (आईएसआई) के एक व्यक्ति ने फंसाया था, जिसने चालक के साथ बात करते समय खुद को एक महिला बताया था। हालांकि, पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंता का हवाला देते हुए मामले की जानकारी साझा करने से इनकार कर दिया।

# डीपीडीपी बिल के प्रस्तावित मसौदे में भारी जुर्माना राशि का प्रावधान

- नियमों के उल्लंघन पर पेनाल्टी बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये तक करने का सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने डिजिटल निजी आंकड़ा संरक्षण विधेयक (डीपीडीपी) 2022 के प्रस्तावित मसौदे के तहत प्रावधानों का उल्लंघन करने पर जुर्माने की राशि बढ़ाकर 500 करोड़ रुपए तक कर दी है। निजी आंकड़ा सरंक्षण विधेयक के 2019 में जारी मसौदे में जुर्माने की राशि 15 करोड़ रुपए या किसी भी कंपनी के वैश्विक कारोबार का चार फीसदी रखना प्रस्तावित था।

मसौदा विधेयक में कहा गया, इस विधेयक का उद्देश्य डिजिटल निजी आंकड़ों का प्रसंस्करण कुछ इस प्रकार से करने की व्यवस्था देना है जिससे कि अपने निजी आंकड़ों की रक्षा करने का लोगों का अधिकार कायम रहे। साथ ही निजी आंकड़ों का प्रसंस्करण कानूनी उद्देश्यों के अलावा किसी और काम के लिए नहीं किया जाए। प्रस्तावित विधेयक आंकड़ा संरक्षण विधेयक के स्थान पर लाया गया है जिसे सरकार ने इस वर्ष अगस्त में वापस ले लिया था। मसौदा विधेयक के तहत भारतीय आंकड़ा संरक्षण बोर्ड की स्थापना करना प्रस्तावित है जो विधेयक के अनुरूप काम करेगा। इसमें कहा गया, जांच के निष्कर्ष में बोर्ड को ऐसा पता चलता है कि बहुत अधिक उल्लंघन किया गया है तो व्यक्ति को सुनवाई का समुचित अवसर देने के बाद वित्तीय जुर्माना लगाया जा सकता है जो प्रत्येक मामले में 500 करोड़ रुपए से अधिक नहीं होना चाहिए।

आंकड़ों का प्रसंस्करण करने वाली इकाई अपने नियंत्रण या अधिकार में मौजूद निजी जानकारी या आंकड़ों की सेंधमारी के खिलाफ संरक्षण करने में नाकाम रहती है तो उस पर 250 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा यदि आंकड़ों का प्रसंस्करण करने वाली (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,663 | ↓ 87 | |
| निफ्टी | 18,307 | ↓ 36 | |
| सोना | 53,220 | ↑ 45 | /10g |
| चांदी | 61,732 | ↑ 316 | /kg |

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंड में वाहन खाई में गिरने से 12 लोगों की मौत

**गोपेश्वर/देहरादून (उत्तराखंड)।** उत्तराखंड के चमोली जिले में शुक्रवार को एक वाहन के गहरी खाई में गिरने के बाद दो महिलाओं सहित 12 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल ने यह जानकारी दी। बचाव अभियान में जुटी एसडीआरएफ ने बताया कि 17 यात्रियों को ले जा रही एक टाटा सूमो शाम करीब चार बजे जिले के जोशीमठ इलाके के उरगाम में एक खाई में गिर गई। चमोली के पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रमेन्द्र डोभाल ने कहा कि घटना के समय यात्री जोशीमठ से पल्ला जखोल गांव जा रहे थे। एसपी ने कहा कि दो यात्री अंतिम समय में वाहन से बाहर कूद गए। एक चश्मदीद ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया कि खाई करीब 300 मीटर गहरी है और उस जगह तक पहुंचना मुश्किल है जहां दुर्घटनाग्रस्त वाहन पड़ा हुआ है।

# विक्रम-एस का सफल प्रक्षेपण

- भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के निजी उपक्रम का प्रारंभ

**भाषा।** श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)

**भारत** ने चार साल पुराने एक स्टार्टअप द्वारा विकसित रॉकेट के जरिए तीन उपग्रहों को कक्षा में शुक्रवार को सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया और इसी के साथ देश की अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी क्षेत्र के प्रवेश का प्रारंभ हो गया। अभी तक सरकारी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ही इस क्षेत्र पर आधिपत्य था। स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा बनाए गए विक्रम-एस का पहला मिशन सफल रहा।

भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई को श्रद्धांजलि देते हुए इस रॉकेट का नाम विक्रम-एस रखा गया है। नई शुरुआत के प्रतीक के रूप में इस मिशन को प्रारंभ नाम दिया गया है। स्काईरूट एयरोस्पेस भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है



जिसने 2020 में केंद्र सरकार द्वारा अंतरिक्ष उद्योग को निजी क्षेत्र के लिए खोले जाने के बाद भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में कदम रखा है।

भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इनस्पेस) के अध्यक्ष पवन गोयनका ने इसरो के मिशन नियंत्रण केंद्र से मुस्कुराते हुए कहा, मुझे स्काईरूट एयरोस्पेस के मिशन प्रारंभ के सफलतापूर्वक पूरा होने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने बताया कि रॉकेट 89.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचा और उसने 121.2 किलोमीटर की दूरी तय की, जैसी (शेष पेज 8)

# पर्यटकों को फिर लुभा रहा मिजोरम

- पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने शुरू की कई परियोजनाएं
- अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट में देखने को मिल रही खूबसूरत राज्य की झलक

**अर्चना ज्योति।** आइजोल (मिजोरम)

**खुशहाली** सूचकांक में टॉप पर होने और अपनी 'जिम्मेदार पर्यटन नीति' के भरोसे मिजोरम ने अपनी हरी-भरी पहाड़ियों और जंगलों में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए शानदार योजनाएं बनाई हैं।




यहां अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट 2022 में राज्य के पर्यटन क्षेत्र और इससे जुड़ी संभावनाओं की झलक देखने को मिल रही है। राज्य की प्रधान सचिव (पर्यटन) मनीषा सक्सेना कहती हैं कि कोविड महामारी का असर मिजोरम में काफी देर से पड़ा। इस कारण यह देर तक रही भी, इसलिए राज्य में कोविड संबंधी पाबंदियां भी बाद तक रहीं।

यह पर्यटकों के लिए खुलने वाला आखिरी राज्य था। इसका सीधा असर मिजोरम की पर्यटन से होने वाली आमदनी और इस उद्योग से जुड़े कई लोगों की आजीविका पर पड़ा। यहां अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट 2022 में सक्सेना ने कहा कि अब कोरोना के मामलों में तेजी से गिरावट आई है। हमने पर्यटन को बढ़ावा देने की नए सिरे से शुरुआत की है और इस क्षेत्र में मौजूद खूबसूरत परिदृश्य, हरी-भरी पहाड़ियां और मनोरम स्थलाकृति जैसी पर्यटकों को लुभाने वाली भरपूर (शेष पेज 8)

# विश्व कप स्टेडियमों में अल्कोहल वाली बीयर की बिक्री पर प्रतिबंध

**भाषा।** दोहा

**विश्व** कप के आठ स्टेडियमों में अल्कोहल वाली बीयर की बिक्री पर शुक्रवार को प्रतिबंध लगा दिया गया। यह फैसला फीफा टूर्नामेंट के शुरू होने से दो दिन पहले ही किया गया। अल्कोहल मुक्त बीयर देश में होने वाले 64 मैचों के दौरान बेची जाएगी।

फीफा ने एक बयान में कहा, मेजबान देश के अधिकारियों और फीफा के बीच चर्चा के बाद स्टेडियम की परिधि से बीयर की बिक्री को हटाकर फीफा फैन फेस्टिवल, प्रशंसकों के अन्य स्थलों और लाइसेंस प्राप्त स्थलों पर अल्कोहल वाले पेय पदार्थों की बिक्री पर ध्यान देने का फैसला किया गया। शैंपेन, वाइन, व्हिस्की और अन्य अल्कोहल स्टेडियम के लग्जरी आतिथ्य क्षेत्रों में परोसे जाएंगे। इन स्थानों के बाहर बीयर एकमात्र अल्कोहल होगा जो नियमित टिकटधारकों को बेची जाएगी। विश्व कप की बीयर प्रायोजक बडवाइजर की मूल कंपनी एबी इनबेव ने टिप्पणी के अनुरोध पर तुरंत जवाब नहीं दिया। एबी इनबेव प्रत्एक विश्व कप में बीयर बेचने के एक्सक्लूसिव अधिकारों के लिए करोड़ों डॉलर का भुगतान करती है और प्रशंसकों के लिए काफी स्टॉक ब्रिटेन से कतर भेज चुकी है।

बडवाइजर की मूल कंपनी की फीफा से यह साझेदारी 1986 टूर्नामेंट से शुरू हुई थी और उत्तरी अमेरिका में अगले विश्व कप के लिए इसे जारी रखने के लिए बातचीत कर रही है। इस तरह का अचानक लिया फैसला पश्चिम में अतिवादी लग सकता है लेकिन कतर में वंशानुगत उत्तराधिकारी अमीर का सभी सरकारी फैसलों पर पूर्ण अधिकार होता है जहां इस्लाम का अतिरूढ़िवादी रूप से पालन किया (शेष पेज 8)

# रेरा निगरानी में पूरी हुई देश की पहली बिल्डर योजना

## अंतिम दो टावरों, 11 व 12 की 156 इकाइयों को भी प्राधिकरण से ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट मिला




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेपी कैलिप्सो कोर्ट एक ऐसी परियोजना है जिसे रेरा को निगरानी में पूरा किया गया। उप्र रेरा के अन्तर्गत अधिगृहीत होकर पूर्ण होने वाली देश की प्रथम रियल स्टेट परियोजना बन गई है। इसे मेसर्स जयप्रकाश एसोसिएट्स जेपी लिमिटेड द्वारा नोएडा के जेपी विश टाउन, सेक्टर-128 पूरा किया गया है।

परियोजना के अंतिम दो टावरों, 11 व 12 की 156 इकाइयों को भी नोएडा प्राधिकरण ने ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट मिल गया है। आवंटियों की सहमति से 304 इकाइयों के शेष निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए जुलाई 2020 में पुनर्वासित किया गया था। अन्य 2 टावर को अगस्त 2022 में ओसी प्राप्त हो चुकी है और अब सभी 4 टावर में कुल 304 इकाइयां है। अब बायर्स को योजना के तहत पजेशन दिया जाएगा। रेरा ने बताया कि जुलाई 2020 में इस परियोजना के 4 टावर का पुनर्वास रेरा अधिनियम की धारा.8 के तहत किया गया था। प्रमोटर ने अगस्त 2022 माह में टावर 7 और 8 के 148 इकाइयों का ओसी प्राप्त कर लिया था।

इस प्रकार से सभी 4 पुनर्वासित टावरों के 304 इकाइयों को ओसी प्राप्त होने से इनके कुल 274 आवंटियों को कब्जा देने व शेष 30 इकाइयों के विक्रय का रास्ता खुल गया है। जेपी एसोशिएट ने ये परियोजना वर्ष 2010.11 में लेकर आया था। घर की बुकिंग के दस साल बाद आवंटियों को अपने सपनों के घर में प्रवेश मिल सकेगा।

रेरा के अधिकारियों का मानना है कि कैलिप्सो कोर्ट मॉडल अपने आप में एक मिसाल बनकर अन्य रुकी परियोजनाओं के प्रमोटर्स व आवंटियों में भरोसा बढ़ाने हेतु मील का पत्थर बनेगी। इसे दो साल में पूरा किया गया। यूपी रेरा के अध्यक्ष राजीव कुमार ने प्रमोटर व आवंटियों के संघ को हार्दिक बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि सालों से रुकी पड़ी परियोजना का पूर्ण होना पूरे रियल एस्टेट सेक्टर के लिए बड़ी उपलब्धि है। रेरा अधिनियम रियल एस्टेट परियोजनाओं के पूर्ण होने में अत्यधिक विलम्ब पर अंकुश लगाने व घर खरीदारों के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से लागू किया गया था। उन्होंने बताया कि ऐसी 14 और परियोजनाओं को भी रेरा को धारा.8 के तहत शेष निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत किया गया है।

विभिन्न स्तरों पर रुके इन परियोजनाओं की 7000 आवंटियों को उनका घर उप्र रेरा की देखरेख व निगरानी में पूरी कराया जा रहा हैं। उप्र रेरा और आरडी पाली वाल कन्सिलीएटर व अन्य सदस्यों के प्रयासों से ये सम्भव हो सका। योजना को पूरा करने के लिए प्रोमोटर की तरफ से प्रारंभिक धनराशि 45.00 करोड़ एक एस्क्रो अकाउंट में जमा कराए गए। कोविड .19 महामारी की दूसरी लहर एवं लॉकडाउन की चुनौतियों के बावजूद रेरा की निगरानी परियोजना अनुश्रवण और निगरानी समिति का गठन किया गया।

जो ऐसे परियोजनाओं का गहन निगरानी करता है। इसके अलावा थर्ड पार्टी निर्माण सलाहकार फ र्म को नियुक्त किया। इसके बाद प्रमोटर ने टावर 7 व 8 के लिए दिसंबर 2021 व टावर 11 व 12 के लिए मई 2022 में ओसी के लिए नोएडा विकास प्राधिकरण में आवेदन कर दिया।

इस परियोजना के 8 टावर को प्रमोटर ने साल 2017 में उप्र रेरा में पंजीकृत कराया था। पंजीकरण तिथि समाप्त होने तक केवल 4 टावर का निर्माण हो सका था।

### यूपीसीडा के प्रबंधक कैलाश भाटी की तबीयत खराब, जेल अस्पताल में भर्ती

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में नोएडा के थाना ईकोटेक- 3 क्षेत्र के तुस्याना गांव में हुए करोड़ों के भूमि घोटाला मामले में गिरफ्तार उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के प्रबंधक कैलाश भाटी की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें जेल के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

कैलाश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) नरेंद्र भाटी के भाई हैं। लुक्सर जेल के अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि कैलाश भाटी की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें जेल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जेल के चिकित्सक उनका परीक्षण कर रहे हैं। मालूम हो कि तुस्याना गांव में हुए करोड़ों के भूमि घोटाले में दो दिन पूर्व इस मामले की जांच कर रही एसआईटी ने एमएलसी नरेंद्र भाटी के भाई कैलाश भाटी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारी कमल सिंह तथा दीपक को गिरफ्तार किया था।

## संक्षिप्त समाचार



उद्घाटन के मौके पर डॉ. शंखधर, डॉ. पीएन अरोड़ा व एसएसपी मुनिराज।

### पेट के कैंसर का पता लगाना अब होगा आसान

**गाजियाबाद।** पेट का कैंसर पता लगाने वाली एंडोस्कोपी मशीन एक्स1 का उद्घाटन यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी में हुआ। समारोह में गाजियाबाद जिले के एसएसपी मुनिराज एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भावतोष शंखधर ने फीता काट कर मशीन का उद्घाटन किया। एसएसपी ने समस्त डॉक्टरों एवं स्टाफ को इस नई मशीन के हॉस्पिटल में लगाने पर बधाई दी। डॉ शंखधर ने कहा कि इस मशीन के माध्यम से रोगों एवं पेट के कैंसर का जल्दी डायग्नोसिस किया जा सकेगा। हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ. पीएन अरोड़ा ने कहा कि उन्नत और जटिल थर्ड-स्पेस एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं को करने के लिए यह मशीन बहुत उपयोगी है। डॉ कुणाल दास ने बताया कि एंडोस्कोपी मशीन पारंपरिक सफेद रोशनी के अलावा नैरो बैंड इमेजिंग और ऑटो फ्लोरेसेंस इमेजिंग प्रदान करती है। डॉक्टर हरित कोठारी ने बताया कि पेट में घावों का पता लगाने में नैरो-बैंड इमेजिंग एक महत्वपूर्ण सहायक उपकरण के रूप में प्रयोग किया जाता है। इस अवसर पर गाजियाबाद के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी भी मौजूद थे।

### चीनी मांझे से कटी सिपाही की गर्दन

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रताप विहार कॉलोनी के पास एक सिपाही चीनी मांझे की चपेट में आकर मौत के मुहाने पर पहुंच गया। सूत्रों के मुताबिक यह हादसा उस समय हुआ जब सिपाही बाइक पर सवार होकर सीबीआई हैड क्वॉर्टर से गाजियाबाद में स्थित सीबीआई एकेडमी आ रहा था। हादसे की सूचना पुलिस को देकर लोगों ने गंभीर रूप से घायल सिपाही को निकट के अस्पताल में भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने गर्दन में एक दर्जन से अधिक टांके लगाकर आईसीयू में भर्ती कर लिया। चिकित्सकों के मुताबिक घायल सिपाही की हालत गंभीर बनी हुई थी।

### कैप्टन के साथ चार लोगों ने की मारपीट

नोएडा। थाना इकोटेक-प्रथम क्षेत्र में रहने वाले एक कैप्टन के साथ 4 लोगों ने मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना इकोटेक. प्रथम के थानाध्यक्ष सरिता मलिक ने बताया कि एटीएस सोसायटी में रहने वाले राजीव सरदाना ने थाना इकोटेक.1 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी कार में सीएनजी डलवा कर एएमआर माल के पास से गुजर रहे थे, तभी चार लोगों ने उनकी कार को ओवरटेक किया तथा उनके साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने राहुल तथा जतिन भाटी सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया है।

### रेहड़ी पटरी वालों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-4 मैन मार्किट में रेहड़ी पटरी लगाने वालों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा है। पटरी दुकानदारों ने आरोप लगाया है कि अधिकतर रेहड़ी पटरी वालों ने बैंक से दस से बीस हजार रुपए का लोन लेकर काम शुरू किया था, लेकिन कुछ दबंग प्रदीप त्यागी, नीरज त्यागी, वीरजी, राजीव, दीवशे जैन आदि दुकानों को बंद करा देते हैं। दुकानदारों ने आरोप लगाया है कि 15 नवंबर को इन लोगों ने पुलिस व नगर निगम के अधिकारियों को बुलवाकर दुकानों में तोडफोड़ करवा दी। पीड़ित जयप्रकाश ने बताया कि इन हालातों में वह कारोबार तक नहीं कर पा रहे हैं जिसकी वजह से लोन चुकाना तो दूर परिवार भूखे मरने की स्थिति में आ गया है।

### चार साल की वान्या ने योग में किया बड़ा नाम



**गाजियाबाद।** मासूम वान्या शर्मा की उम्र मात्र 4 साल 9 माह है लेकिन योग के क्षेत्र में बड़ा मुकाम हासिल कर बड़ा नाम किया है। सिर्फ 2 वर्ष की आयु से योग करने वाली बच्ची ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग का प्रशिक्षण दे चुकी हैं। वान्या मिशन योगा फॉर हेल्दी हार्ट की ब्रांड अंबेसडर भी हैं। इसके अलावा उनको ढेरों सम्मान व पुरस्कार जैसे राइट चॉइस अवार्ड 2022, एमजीए अवार्ड 2022, कल्कि गौरव सम्मान 2022, योग वीर सम्मान 2022, महर्षि घेरण्ड योगरत्न सम्मान 2022, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा सम्मान 2022, इंटरनेशनल सोशल ऑनरेबल अवार्ड 2022, इंडिया स्टार इंडिपेंडेंट अवार्ड 2022 अब तक मिल चुका है। वान्या को आयुष मंत्रालय की ओर से मान्यता प्राप्त योगिनी, गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, 2 इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड,योगा बुक ऑफ रिकॉर्ड एवं यूनिवर्सल बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज।

# ग्रेनो प्राधिकरण में 200 टॉयलेट सीट लगाने का लक्ष्य तय किया

**विश्व शौचालय दिवस आज**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ऋतु माहेश्वरी

आज विश्व शौचालय दिवस है। इस उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने खास पहल की है। सीईओ ने ग्रेटर नोएडा में 200 शौचालय सीट शीघ्र लगवाने का लक्ष्य तय किया है।

इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्राधिकरण 32 नए ट्वॉयलेट जल्द बनवाने जा रहा है। इससे पहले 19 ट्वॉयलेट बन चुके हैं और 11 निर्माणाधीन हैं। सीईओ के निर्देश पर ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का जनस्वास्थ्य विभाग इन शौचालयों की स्वच्छता परखने के लिए शनिवार से फीडबैक प्राप्त करने का अभियान भी शुरू करने जा रहा है। शनिवार को नुक्कड़ नाटक व रैली के जरिए ग्रेटर नोएडावासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

19 नवंबर को विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर ग्रेटर नोएडा को स्वच्छता में नया मुकाम दिलाने के लिए प्राधिकरण विशेष अभियान शुरू करने जा रहा है। प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर शुरू हुए इस अभियान के अंतर्गत नए शौचालयों का निर्माण और ग्रेटर नोएडावासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के प्रयास किए जाएंगे। प्राधिकरण की सीईओ की तरफ से ग्रेटर नोएडा में 200 सीट लगाने का लक्ष्य तय किया है और इस लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण हाल-फिलहाल में 19 शौचालयों का निर्माण करा चुका है। 11 नए शौचालयों के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। ये सभी बिल्ट ऑपरेट एंड ट्रांसफर बीओटी पर बनाए जा रहे हैं। इन 30 शौचालयों में 21 कॉमन व 9 पिंक टॉयलेट हैं।

इन पर करीब 3.72 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। इसके साथ ही सीईओ ने 32 नए शौचालयों के निर्माण की मंजूरी दे दी है। इनमें कॉमन व पिंक दोनों तरह के ट्वॉयलेट शामिल हैं। इनके टेंडर शीघ्र ही जारी कर निर्माण शुरू कराने की योजना है। इन 32 शौचालयों के निर्माण पर 4.28 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है। एक शौचालय में चार सीट के हिसाब से इन 62 शौचालयों में 200 से अधिक सीटें लगाई जाएंगी।

# नगर निगम व पालिकाओं में बढ़े पौने दो लाख वोटर्स

- वर्ष 2017 में वोटर्स संख्या 23 लाख 46 हजार 365 थी जो 2022 में बढ़कर 25 लाख 26 हजार 801 हो गई

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




नगर निकाय की मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया है। जिला स्तर पर भी सभी नगर पालिका, नगर पंचायतों व गाजियाबाद नगर निगम की मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है।

नई जारी हुई सूची के अनुसार जिले की सभी नगर पंचायत, नगर पालिका व नगर निगम में वर्ष 2017 के मुकाबले इस बार एक लाख 80 हजार 436 नए मतदाता बढ़े हैं। वर्ष 2017 में वोटर्स संख्या 23 लाख 46 हजार 365 थी जो 2022 में बढकर 25 लाख 26 हजार 801 हो गई है।

इसमें सबसे अधिक नगर निगम में 59 हजार 392 वोटर्स इस बार बढ़े हैं। हालांकि, पतला नगर पंचायत में महज 212 वोटर्स ही बढ़े हैं जो सबसे कम है। उप निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि आज इस सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इसके बाद इस सूची में किसी फेरबदल की सम्भावना बेहद कम है। शासन को भी यह सूची भेजी गई है। नगर निगम के सौ वार्डों में इस बार मतदाताओं की संख्या 15 लाख 15 हजार 502 का आंकड़ा पार कर चुकी है। जबकि, वर्ष 2017 की सूची के अनुसार जिले में पुराने वोटर्स 14 लाख 56 हजार 110 थे, यानि नगर निगम में इस बार 59 हजार 392 वोटर्स अधिक हैं।

यही स्थिति नगर पालिकाओं की भी है जहां मोदीनगर पालिका में नई सूची के अनुसार 1 लाख सात हजार 671 वोटर्स हैं और यहां 15 हजार 18 वोटर्स बढ़े हैं। वहीं मुरादनगर पालिका में 13 हजार 634, लोनी नगर पालिका में 57 हजार 245, खोड़ा नगर पालिका में 15 हजार 147, निवाड़ी नगर पंचायत में 337, पतला नगर पंचायत में 212, फरीदनगर पंचायत में 230 और डासना नगर पंचायत में 219 वोटर्स बढ़े हैं।

### मॉल में चल रहे स्काई जंपर स्पोर्ट्स को किया बंद

**नोएडा।** सेक्टर-75 स्पेक्ट्रम मेट्रो में चल स्काई जंपर स्पोर्टस एंड एम्यूजमेंट पार्क को सील कर दिया है। इसका संचालन स्काई जंपर एंड एम्यूजमेंट पार्क प्राइवेट लिमिटेड की ओर से संचालित कराया जा रहा था।

मनोरंजन कर अधिकारी ने इसका औचक निरीक्षण किया। यह जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति प्राप्त किए बिना संचालन होता पाया गया। इसे बंद किया गया। मनोरंजन कर अधिकारी जेपी चंद ने बताया कि आगे भी अभियान चलाया जाएगा।

# गाजियाबाद में पशुओं की नकली दवा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



शासन के निर्देश पर औषधि विभाग की टीम ने साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में फीड सप्लीमेंट की एक फैक्ट्री पर छापा मारकर नियमों के विपरीत एलोपैथिक दवा बनाने का पर्दाफाश किया है। विभागीय टीम ने थोक के भाव में एलोपैथिक दवाएं बरामद करते हुए सील कर दी है।

साथ ही फैक्ट्री को भी बंद कराने के निर्देश जारी कर दिए हैं। 50 हजार की दवाओं को सील करते हुए जांच को सैंपल लिए गए हैं। संबंधित थाने में इसकी एफआइआर भी दर्ज कराई जा रही है। फिलहाल विभागीय टीम मौके पर कार्रवाई कर रही है। औषधि निरीक्षक आशुतोष मिश्रा ने बताया यह कार्रवाई शासन के निर्देश पर की गई है और अग्रिम आदेश तक के लिए फैक्ट्री को बंद करा दिया गया।

जांच में पाया गया कि फैक्ट्री संचालक के पास फूड लाइसेंस था लेकिन ड्रग लाइसेंस नहीं था।

### हैकाथॉन में पहुंचा 106 विदेशी छात्रों का पहला समूह, तैयारी शुरू

**नोएडा।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में शिक्षा मंत्रालय के द्वारा 22 नवंबर से 25 नवंबर तक होने वाले यूनेस्को इंडिया अफ्रीकन हैकथॉन में सीएम और प्रधानमंत्री के आगमन को तैयारी जोरों पर है। कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए अफ्रीकी देशों के करीब 106 विदेशी छात्रों का जत्था पहुंच गया है।

कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए सभी छात्र-छात्राओं की देखरेख के लिए जीबीयू प्रशासन ने 100 से अधिक छात्र.छात्राओं को वालिटियर के तौर पर रखा है, साथ ही प्रोफेसर को भी चिन्हित किया गया है।

कार्यक्रम में 22 तारीख को उद्घाटन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित अन्य 10 देशों के शिक्षा मंत्री हिस्सा लेंगे।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दि कोर प्रोजेक्ट्स ऐंड लॉजिस्टिक्स प्रा. लि., संजीव कुमार सिंह, अरविंद मिश्रा, प्रतिमा सिंह, संध्या मिश्रा, ई-55, द्वितीय तल, सनसिटी, सेक्टर-54, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर - 039905005489 एवं 039955000009 | फ्लैट नंबर 7252, प्रथम तल, सेक्टर बी, पाकेट 10, वसंत कुंज, नई दिल्ली- 110070 | 02-09-2022 रू. 1,35,91,651.81/- एवं रू. 31,34,607.67/- | 28-01-2022 |
| 2. | किरण इंटरनैशनल, अनीता चौहान, राज कुमार चौहान, 832, पाकेट 1, राधिका अपार्टमेंट, सेक्टर-14, द्वारका, दिल्लीखाता नंबर - 025005500902 | डीडीए एलआईजी फ्लैट 832, तृतीय तल, फेज-2, ग्रुप-3, पाकेट-3, राधिका अपार्टमेंट, सेक्टर-14, द्वारका, दिल्ली | 18-10-2022 रू. 18,57,034/- | 27-07-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 19 नवम्बर, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विनय अरोड़ा/अनुराधा अरोड़ा/ LBDEL00001822560/ LBDEL00002431494 | अपार्टमेंट- 151, पहली मंजिल, गौर होम्स एलिगेंट, ब्लॉक-ई, गोविंद पुरम, गाजियाबाद- 201001/ नवंबर, 15, 2022 | जून 24, 2022 रु. 8,59,559/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | कपिल भाटिया/नमिता भाटिया/ LBDEL00001452034 | एम आई जी फ्लैट- जी-3, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर- 139, राधेश्याम पार्क, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/ नवंबर 15, 2022 | मार्च 25, 2021 रु.14,86,818/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | मंजू/ राजीव कुमार/ LBDEL00002881373 | फ्लैट नंबर- एम-302, तीसरी मंज़िल, आनंद धाम, तुलसी निकेतन, परगना के सामने लोनी, क्षेत्र नंबर- 454/1, 444/2 मीटर ग्राम ब्रहापुर उर्फ भोपुरा, गाजियाबाद/ नवंबर 15, 2022 | जून 24, 2022 रु. 10,71,135/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | रुचि गोयल/ ब्रजभूषण गोयल/ LBFDB00005293742/ LBFDB00004923389 | फ्लैट नंबर- सी-1106, फ्लोर-11, मलबेरी काउंटी, एमजीएच होम्स, सेक्टर-70, फरीदाबाद, हरियाणा/ नवंबर 16, 2022 | जून 25, 2021 रु. 27,86,269/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | बिश्वजीत बिश्वास/ ज्योति विश्वास/ LBFDB00005141300 | फ्लैट नंबर-डी-103, फ्लोर-1 मलबेरी काउंटी, टावर डी, सेक्टर-70, फरीदाबाद/ नवंबर 16, 2022 | अगस्त 30, 2021 रु.35,31,120/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | कमलेश कुमार/ अर्चना सिंह/ LBFDB00004904282 | फ्लैट नंबर- एफ-1201, फ्लोर-12, टावर- टेरा लेविनियम, सेक्टर-75, फरीदाबाद/ नवंबर 16, 2022 | मई 07, 2022 रु.14,99,114/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 19, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Jaspal Singh and Mr. Inderpal Singh are the owners of Entire Second floor, without roof rights part of Property bearing No. 8, area measuring 200 Sq., Yds., out of Khasra No. 138, in block S, Situated in the area of Village Bindapur, Colony known as Vijay Vihar, Uttam Nagar, New Delhi vide Gift Deed dated 10.11.2022, Doc No. 28580. All persons are hereby informed that Mr. Jaspal Singh and Mr. Inderpal Singh want to mortgage the said property and intend to obtain a loan from our client against the said property. For the said property, Reg. Particulars page of Relinquishment Deed 31.10.2006 and Page 4 of GPA dated 03.08.2015 are also missing, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its mortgage/litigation, & any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सीमा शर्मा पत्नी श्री मुकेश शर्मा, Residential Plot No. 20, area measuring 98 Sq. Yards i.e., 81.93 Sq. Meters, comprised in Khasra no 196 Situated at Village Surajpur, Pargana Dadri, Tehsil & District Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh, को श्रीमति प्रभावती को बेच रहे हैं। उपरोक्त संपत्ति पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ बिक्री विलेख दिनांक 03.06.2008 क्रमांक संख्या 6757 कही खो गए है। इस सन्दर्भ में दिल्ली पुलिस को सूचना दिनांक 18.11.2022 को LR एप्लीकेशन नंबर 994687/2022 में दर्ज करवाई गई है।

यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

**एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड** — Edelweiss — Ideas create, values protect

सीआईएन - यू67100एमएच2007पीएलसी174759
पंजीकृत कार्यालय : एडलवेइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुंबई-400098
+91 22 4088 6090/6620 3149

परिशिष्ट-IV-ए [(देखें नियम 8(6) का परंतुक]

**अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल आस्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार एवं गारंटर को सूचना दी जाती है कि ईएआरसी ट्रस्ट एससी-30 के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड ("ईएआरसी") के पास बंधक/प्रभारित रखी गई निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति ("प्रतिभूत आस्ति"), जिसका भौतिक कब्जा ईएआरसी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 31 अक्टूबर, 2022 को लिया जा चुका है, ईएआरसी की केएलजी सिस्टेल लिमिटेड (परिसमापन में) ("कर्जदार") और श्री कुमुद गोयल तथा सुश्री पुष्प लता गोयल ("गारंटरगण") की तरफ 26-09-2013 तक बकाया रू. 168,68,69,408.00/- (रू. एक सौ अड़सठ करोड़ अड़सठ लाख उनहत्तर हजार चार सौ आठ मात्र) उस पर आगे संविदात्मक दरों पर ब्याज तथा अन्य खर्चों एवं लागतों सहित की वसूली के लिए "जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर ई-नीलामी एजेन्सी मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से उनके वेबसाइट पोर्टल https://edelweissarc.auctiontiger.net पर 21 दिसम्बर, 2022 को अप. 01.00 बजे से अप. 1.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तारों के साथ, यदि ई-नीलामी की समाप्ति से पहले कोई बोली दी जाती है, बेची जाएगी।

सम्पत्ति हेतु सुरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा निम्नानुसार होंगे :

| प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य | ईएमडी |
|---|---|---|
| सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति औद्योगिक भूखंड सं. 24, परिमाप 1000 वर्ग मीटर, सेक्टर-18, इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा, उसके ऊपर सभी बिल्डिंग/स्ट्रक्चर्स सहित (कुल निर्मित स्ट्रक्चर - 15,750 वर्ग फीट) और चौहद्दी निम्नानुसार है : उत्तर : पहुंच मार्ग, दक्षिण : प्लॉट नंबर 22, पूरब : पहुंच मार्ग, पश्चिम : प्लॉट नंबर 23 | रू. 12,75,00,000/- | रू. 1,27,50,000/- |

ई-नीलामी की समयरेखाएं

| | |
|---|---|
| साइट निरीक्षण | 01-12-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे के बीच |
| दस्तावेज सत्यापन | 01-12-2022 से 15-12-2022 के बीच कार्य दिवसों को |
| बोली दस्तावेज क्रय | 12-12-2022 से 19-12-2022 के बीच कार्य दिवसों को |
| बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 20-12-2022 अप. 05.00 बजे तक |
| ई-नीलामी बिक्री का आरंभन | 21-12-2022 को अप. 1.00 बजे |

नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक नामतः www.edelweissarc.in/Propertysale देखें।

हस्ता./-
तिथि : 19-11-2022
स्थान : मुंबई
प्राधिकृत अधिकारी
फोन नंबर : 7506642534

नगर निगम गुरुग्राम के भवन कर रिकॉर्ड अनुसार यूनिट आई० डी० न० 273C4359U27P339, 273C4359U27P339A, 273C4359U27P339B पता 144, 145, 146, GF, Sushant Vyapar Kendra, Block C, Sushant Lok Phase 1, Gurugram, जो कि Sh. BHAGWAN SINGH के नाम दर्ज है। जो कि SALE DEED न० 16348, 16349, 16350 दिनांक 08-01-1996 के अनुसार Sh. BHAGWAN SINGH मालिक है। Sh. BHAGWAN SINGH की मृत्यु दिनांक 29-11-2012 हो चुकी है। मृत्यु प्रमाण पत्र सलंग्न है। मृत्यु के उपरांत MRS GEETA W/o LATE Sh. BHAGWAN SINGH, WILL दिनांक 12-05-2011 के अनुसार मालिक है यूनिट आई० डी० न० 273C4359U27P339, 273C4359U27P339A, 273C4359U27P339B पता 144, 145, 146, GF, Sushant Vyapar Kendra, Block C, Sushant Lok Phase 1, Gurugram, नगर निगम के क्षेत्र में स्थित है। MRS GEETA W /O LATE Sh. BHAGWAN SINGH द्वारा दिए गए आवेदन पत्र के अनुसार Sh. BHAGWAN SINGH की मृत्यु दिनांक 29-11 -2012 के उपरान्त यूनिट न० 273C4359U27P339, 273C4359U27P339A, 273C4359U27P339B का मैं कानूनी वारिस हूँ। इसलिए यूनिट के सम्पति कर रिकॉर्ड के अनुसार नाम दर्ज किया जाये।

यदि इस भवन / यूनिट आई० डी० न० 273C4359U27P339, 273C4359U27P339A, 273C4359U27P339B पता 144, 145, 146, GF, Sushant Vyapar Kendra, Block C, Sushant Lok Phase 1, Gurugram में MRS GEETA W/o LATE Sh. BHAGWAN SINGH के नाम दर्ज करने हेतु किसी भी व्यक्ति को कोई एतराज है तो वह समाचार पत्र में प्रकाशित होने के 30 दिन (तीस दिन ) के अंदर- अंदर अपना एतराज अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में पेश कर सकता है समयाविधि समाप्त होने पर सम्पति कर में प्रार्थी के नाम दर्ज करने का निर्णय ले लिया जायेगा। जिसके लिए नगर निगम गुरुग्राम उत्तरदायी नहीं होगा। सूचित होवे।

पृ० क्रमांक MCG / ZTO -III / 2022 /841
दिनांक 18 -10 -2022
क्षेत्रीय कराधान अधिकारी -III
नगर निगम गुरुग्राम

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार राजेश कुमार, प्लाट नंबर 21 का हिस्सा, क्षेत्रफल 25 वर्ग मीटर है। गज,खसरा संख्या 190 मि.,ग्राम पर्सोंदा, परगना लोनी,तहसील एवं जनपद गाज़ियाबाद। को सलीम से ख़रीद रहे है तथा डी एम आइ हाउसिंग फाइनान्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ बंधक रख रहे है. तथा सलीम के पास प्रापर्टी से संबंधित मूल कागजात 1. मोहम्मद यासीन ख़ान के पक्ष में जीपीए, 2. मोहम्मद यासीन ख़ान के जीवित सदस्य प्रमाण पत्र। यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय अनिल कुमार और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति ने उक्त विलेख को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न. पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही.-७५. म. ९८९९०१३९१८

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार अभिषेक गैराथी संपत्ति के मालिक हैं, जिसका क्षेत्रफल 266 वर्ग मीटर है। वाईडीएस।,आईई। 222.40 वर्ग। मीटर।,खसरा नंबर 347 एम में से,ग्राम हलडोना,परगना दनकौर,तहसील और ज़िले गौतम बुद्ध नगर,प्लाट नंबर 21का हिस्सा,क्षेत्रफल 25वर्ग मीटर है। गज,खसरा संख्या 190मि.,ग्राम पर्सोंदा, परगना लोनी,तहसील एवं जनपद गाजियाबाद तथा यूनिटी स्माल फाइनेंस बैंक के साथ बंधक रख रहे है.तथा अभिषेक गैराथी के पास प्रापर्टी से संबंधित मूल कागजात 13साल की बैंक चेन नहीं है,जिसमें सत्यपाल के पक्ष में खतौनी संम्मिलित है। यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार,बिक्री,बंधक आदि सिवाय अनिल कुमार और उक्त संस्था के बीच,मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति ने उक्त विलेख को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न.पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही.-७५. म. ९८९९०१३९१८

**सार्वजनिक सूचना**

**रेहजा डेवलपर्स लिमिटेड**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स स्टैण्डर्ड फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड, एन ए बिल्डवैल प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स रेहजा आइकॉन इन्टरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स पैरागान बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड इत्यादि, मैसर्स रेहजा डेवलपर्स लिमिटेड (डेवलपर) की सहभागिता से, माइग्रेशन नीति दिनांक 18.02.2016 के तहत और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग, हरियाणा के दिनांक 24.01.2018 और 25.08.2022 में संशोधन के तहत और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के अन्य संशोधनों के तहत, 55.7444 एकड़ लाइसेंस सं. 4468 (11.2625 एकड़), लाइसेंस सं. 4469बी (13.10 एकड़), लाइसेंस सं. 4470 (7.3875 एकड़), लाइसेंस सं. 4471बी (5.18194) एकड़ व लाइसेंस सं. 4472बी (18.125 एकड़), जो कि मुख्य लाइसेंस सं. 2012 के 25 और लाइसेंस सं. 2014 के 19 द्वारा दी गई जमीन पर 5 एफोर्डेबल प्लॉटेड कालोनी स्थापित करने के लिए लाइसेंस लेने के लिए है। (डीडीजेएवाई-2016)।

मैसर्ज रेहजा डेवलपर्स लिमिटेड ने माइग्रेशन नीति के तहत लागू इस 55.7444 एकड़ भूमि के पार्सल पर किसी भी तृतीय-पक्ष को अधिकार नहीं दिया है। यदि कोई आबंटी या कोई अन्य व्यक्ति जिसने 2012 के लाइसेंस संख्या 25 और 2014 के लाइसेंस संख्या 19 के तहत विकसित/विकसित की जा रही लाइसेंस प्राप्त कॉलोनी में भूखंडों / इकाइयों को बुक किया है, तो उपरोक्त उल्लिखित माइग्रेशन और मूल रूप से स्वीकृत 2012 के लाइसेंस संख्या 25 और 2014 के 19 के लेआउट प्लान को, में संशोधन पर आपत्ति है, तो इस सार्वजनिक सूचना के जारी होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर लिखित रूप में सीनियर टाऊन प्लॉनर, गुरुग्राम के कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है।

डीडीजेएवाई कॉलोनियों के, पूर्व में स्वीकृत लेआउट प्लान और प्रस्तावित लेआउट प्लान की प्रति हमारी कंपनी की वेबसाइट www.raheja.com, साइट ऑफिस और सीनियर टाउन प्लॉनर, गुरुग्राम के कार्यालय में उपलब्ध है।

एसडी/
द्वाराःमैसर्स स्टैण्डर्ड फार्म्स प्रा. लि.
मैसर्स एन ए बिल्डवैल प्रा. लि.
मैसर्स रेहजा आइकॉन इन्टरटेनमेंट प्रा. लि.
मैसर्स पैरागान बिल्डकॉन प्रा. लि.
मैसर्स रेहजा डेवलपर्स लिमिटेड

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 19.11.2022


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली पुलिस ने चार राज्यों में छाने सबूत

## आफताब के खिलाफ ठोस साक्ष्य एकत्र करने को टीमें उत्तराखंड, हिमाचल, हरियाणा और महाराष्ट्र पहुंचीं

**श्रद्धा हत्याकांड**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


गुरुग्राम के जंगलों में सबूतों की तलाश करती पुलिस।

श्रद्धा वालकर हत्याकांड में आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ ठोस सबूत एकत्र करने के लिए दिल्ली पुलिस की अलग-अलग टीमें शुक्रवार को हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और महाराष्ट्र पहुंचीं। जांच से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा, ताकि उन लोगों का पता चल सके, जिनसे वह वालकर की हत्या के बाद संपर्क में था। इसके अलावा फोन से हटाए गए डेटा को भी प्राप्त किया जाएगा।

सूत्रों ने कहा कि पुलिस को अभी तक हड्डियां ही मिली हैं, जो प्रथम दृष्टया मानव अस्थि जैसी लगती हैं। डीएनए जांच से ही यह पता चल सकेगा कि ये श्रद्धा वालकर की हैं या नहीं। मुंबई से आने के बाद श्रद्धा और पूनावाला कई जगहों पर गए थे, जहां जाकर पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या इन यात्राओं के दौरान ऐसा कुछ हुआ था, जिसका हत्या से कोई लेनादेना हो।

एक सूत्र ने कहा कि हम हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के उन होटलों के मालिकों और कर्मियों से बात करेंगे जहां दोनों कुछ दिन ठहरे थे। हम उनसे पूनावाला की पहचान भी कराएंगे। पुलिस का एक दल आफताब को लेकर शुक्रवार को गुरुग्राम में एक निजी कंपनी के दफ्तर भी पहुंचा, जहां वह काम करता था। पुलिस को तलाशी अभियान के बाद कार्यालय के आसपास की झाड़ियों से बरामद चीजों से भरा एक प्लास्टिक बैग ले जाते देखा गया। हालांकि, अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि इस बैग में क्या है। उन्होंने बताया कि आरोपी श्रद्धा वालकर के साथ मुंबई से राष्ट्रीय राजधानी में आने के बाद इस कंपनी के दफ्तर में काम करता था। कंपनी परिसर में यह पता लगाने के लिए भी तलाशी ली गई कि क्या उसने श्रद्धा के क्षत-विक्षत शव के टुकड़ों, हथियार या मामले से संबंधित कुछ भी सामान आसपास के क्षेत्रों में फेंका था, जो जांच में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

पूनावाला को अगले कुछ दिन में मामले की जांच के सिलसिले में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अन्य स्थानों पर ले जाया जाएगा।

इसलिए दिल्ली की एक अदालत ने पूनावाला की पुलिस हिरासत की अवधि बृहस्पतिवार को पांच दिन और बढ़ा दी थी। वसई से दिल्ली आने के बाद श्रद्धा और आफताब इन दोनों पहाड़ी राज्यों में गए थे और कई दिन वहीं ठहरे थे।

पुलिस के अनुसार पूनावाला ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर (27) की गत 18 मई की शाम को कथित तौर पर गला घोंट कर हत्या कर दी थी और उसके शव के 35 टुकड़े कर दिए, जिन्हें उसने दक्षिण दिल्ली के महरौली में अपने आवास पर लगभग तीन सप्ताह तक 300 लीटर के फ्रिज में रखा तथा कई दिनों तक विभिन्न हिस्सों में फेंकता रहा।

श्रद्धा महाराष्ट्र के वसई की रहने वाली थी। दिल्ली पुलिस का चार सदस्य दल शुक्रवार को मुम्बई के निकट स्थित वसई में मानिकपुर थाने पहुंची। यहीं उसने वालकर के घनिष्ठ मित्र लक्ष्मण नाडर का बयान दर्ज किया। दिल्ली पुलिस स्थानीय पुलिस अधिकारियों के बयान भी लेगी, जिन्होंने वालकर के पिता द्वारा दर्ज कराई गई गुमशुदगी शिकायत रिकार्ड की थी तथा उसके सह-जीवन साथी (लिव-इन पार्टनर) आफताब पूनावाला से पूछताछ की थी।

श्रद्धा वालकर की नृशंस हत्या का मामला सामने आने से करीब 15 दिन पहले पूनावाला का परिवार वसई से चला गया था। पुलिस अधिकारी के अनुसार तब पूनावाला अपने परिवार को वसई स्थानांतरित करने में मदद के लिए आया था।

उन्होंने कहा कि उसके पूनावाला के रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जाएगी। मीरा भयंदर वसई विरार पुलिस आयुक्त कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह दिल्ली पुलिस का मामला है और हम उसे सभी जरूरी सहायता प्रदान करेंगे।


### पुलिस पांच दिन में कराए नार्को टेस्ट, थर्ड डिग्री इस्तेमाल न करे : अदालत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शहर पुलिस को निर्देश दिया है कि श्रद्धा वालकर की हत्या के आरोपी उसके लिव इन सहयोगी आफताब अमीन पूनावाला का नार्को परीक्षण पांच दिन के अंदर पूरा कराया जाए। अदालत ने यह भी साफ किया कि पूनावाला के विरुद्ध किसी थर्ड डिग्री उपाय का प्रयोग नहीं किया जाए।

मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विजयश्री राठौर ने फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, रोहिणी को निर्देश दिया कि जांच अधिकारी को पांच दिन के भीतर आरोपी का नार्को विश्लेषण परीक्षण करने दिया जाए। न्यायाधीश ने आदेश में कहा कि आईओ को निर्देश दिया जाता है कि किसी थर्ड डिग्री उपाय का प्रयोग नहीं किया जाए। मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) नियमों के अनुसार तैयार किया जाए।

### पूनावाला ने फ्लैट किराए पर लेते समय श्रद्धा को बताया था पत्नी

- सोशल मीडिया में श्रद्धा के चेहरे पर जख्म वाली तस्वीर वायरल, दोस्त ने किया दावा- पीटता था आफताब



पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली/मुंबई

अपनी लिव-इन पार्टनर की बेरहमी से हत्या करने का आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने मुंबई के निकट किराए का एक मकान ढूंढने के दौरान श्रद्धा वालकर को अपनी पत्नी बताया था। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे दोनों वसई में किराए का एक फ्लैट ढूंढ रहे थे और इस दौरान पूनावाला ने वालकर को कई बार अपनी पत्नी बताया था, हालांकि उनकी शादी नहीं हुई थी। उन्होंने 2019 में विवाहित होने का दावा करते हुए नायगांव (पूर्व) की एक इमारत में एक कमरे का फ्लैट किराए पर लिया था। अधिकारी ने बताया कि किराएदार का कोई पुलिस सत्यापन नहीं किया गया था, क्योंकि हाउसिंग सोसाइटी पंजीकृत नहीं थी। हालांकि, महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों में पुलिस सत्यापन अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2020 में वे वसई (पूर्व) में किराए के वन बीएचके (एक बेडरूम-हॉल-रसोई) फ्लैट में स्थानांतरित हो गए और पूनावाला ने फिर से वालकर को अपनी पत्नी के रूप में मकान मालिक से मिलवाया था। दस्तावेजों के रूप में, पूनावाला ने अपने माता-पिता के वसई स्थित घर के विवरण के साथ अपना आधार कार्ड दिया था। हालांकि, फ्लैट पूनावाला के नाम पर किराए पर लिया गया था, जबकि वालकर की तस्वीर पुलिस सत्यापन दस्तावेज में संलग्न की गई थी। दस्तावेज पर तुलिंज पुलिस की मुहर थी। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने सितंबर 2021 में वसई स्थित फ्लैट खाली कर दिया और माना जाता है कि वे आसपास की किसी अन्य इमारत में चले गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके बाद वह यहां से ही वे इस साल मार्च में दिल्ली चले गए थे।

इस बीच, यह भी पता चल रहा है कि आफताब श्रद्धा को बहुत बेरहमी से पीटता था। श्रद्धा की दोस्त ने एक ऐसी तस्वीर सोशल मीडिया में शेयर की है, जिसने उसके प्रेमी आफताब अमीन पूनावाला के बर्बर स्वभाव की ओर इशारा किया है। सोशल मीडिया पर वायरल इस तस्वीर में साफ-साफ देखा जा सकता है कि उसने श्रद्धा की किस कदर पिटाई की।

### श्रद्धा ने बताया था हिंसक है आफताब

- फरवरी 2021 में चिकित्सक को फोन कर लिया था परामर्श

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/मुंबई

मुंबई के एक चिकित्सक ने शुक्रवार को दावा किया कि श्रद्धा वालकर ने पिछले साल उनसे अपने अवसाद और लिव-इन-पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला के हिंसक व्यवहार पर परामर्श लिया था।

मलाड में एक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल चलाने वाले डॉ. प्रणव काबरा ने कहा कि उन्हें फरवरी 2021 में एक फोन आया था और कॉल करने वाली महिला ने अपना नाम श्रद्धा वालकर बताया था। वालकर उसी इलाके में एक कॉल सेंटर में काम करती थी। काबरा ने कहा कि वह रोगी को जाने बिना आमतौर पर फोन पर परामर्श नहीं देते थे, लेकिन उन्होंने श्रद्धा की बात सुनने का फैसला किया क्योंकि उसने उनकी परिचित एक सामाजिक कार्यकर्ता का हवाला दिया। डॉ. काबरा ने कहा, उसने मुझे अपने अवसाद के बारे में बताया और अपने पुरुष मित्र के गुस्से तथा हिंसक व्यवहार के बारे में बताया। मैंने उससे कहा कि मैं पहली बार सलाह लेने वाले रोगियों को फोन पर परामर्श नहीं देता, लेकिन युवती ने कहा कि कोविड के खतरे के मद्देनजर वह व्यक्तिगत रूप से अस्पताल नहीं आ सकेगी।



तब डॉ. काबरा ने उससे कहा कि उन्हें उसका और उसके पुरुष मित्र, दोनों के मनोविकार मूल्यांकन तथा मनोवैज्ञानिक जांच की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह कई कारणों से अस्पताल आने में संकोच कर रही थी, लेकिन उसने मुझसे फोन पर कहा कि आफताब छोटी-छोटी बातों पर बहुत गुस्सा हो जाता है और उसे डर है।

# नगर निगम चुनावः राजनीतिक दलों ने बदला प्रचार का गियर

## आप ने प्रचार वाहन, तो भाजपा ने लांच किया ऐप, कांग्रेस ने चलाया डिजिटल रथ




*दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान के लिए कमर कसते हुए उसे अधिक असरकारक बनाने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। जहां आम आदमी पार्टी ने राजधानी में कूड़े के 35 वाहनों को प्रचार वाहन के रूप में लांच किया है। वहीं भाजपा ने जनता को घर पर सेवाएं मुहैया कराने के लिए ऐप लाने और एमसीडी को पेपर लेस करने के वादे कर रही है, जबकि कांग्रेस ने डिजिटल रथ लांच करते हुए आम आदमी पार्टी और भाजपा पर निशाना साधा है*

### कचरा वाहन चलाकर भाजपा के खिलाफ छेड़ा अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- 35 कूड़े की गाड़ियों के बेड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

आम आदमी पार्टी ने एमसीडी चुनाव में प्रचार का अनोखा तरीका अपनाते हुए कूड़े की 35 गाड़ियों को प्रचार वाहन के तौर पर सड़कों पर उतारा है। ये गाड़ियां पूरी दिल्ली में घूमकर एमसीडी के कूड़े के पहाड़ों का प्रचार करेंगी।

दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने शुक्रवार पार्टी दफ्तर से 35 कूड़े की गाड़ियों के बेड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर गोपाल राय ने कहा कि पहले चरण में 35 गाड़ियां लॉन्च की जा रही है। इसके बाद आगे और गाड़ियां लॉन्च की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इन कूड़े के पहाड़ वाली गाड़ियों का एक ही संदेश है कि दिल्ली के लोगों ने 15 साल बीजेपी की सरकार बनाई, लेकिन लोगों को सिर्फ कूड़े के पहाड़ मिले। दूसरी तरफ दिल्ली में लोगों ने अरविंद केजरीवाल की सरकार बनवाई तो लोगों को मुफ्त बिजली, पानी, स्कूल और अस्पताल मिले।

गोपाल राय ने कहा कि इस कूड़े के पहाड़ का एक ही संदेश है कि अगर गलती से इस बार भी बीजेपी को वोट दिया तो दिल्ली में इसी तरह के कूड़े के पहाड़ बनेंगे। अगर केजरीवाल को वोट दिया तो जैसे दिल्ली में काम कर रहे हैं तो साफ-सफाई का काम भी वैसे ही करेंगे। ज्ञात हो कि आप लगातार भाजपा को कूड़े के मुद्दे पर घेरती रही है। वहीं भाजपा यमुना नदी साफ को लेकर हमलावर है।



### डिजिटल मोर्चे पर सक्रिय हुई कांग्रेस

**नई दिल्ली।** नगर निगम निकाय चुनाव में प्रचार के लिए शुक्रवार को दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी ने 'डिजिटल वैन' को हरी झंडी दिखाई।

कांग्रेस के मुताबिक वैन की डिजिटल स्क्रीन दिल्ली की प्रगति और विकास के लिए कांग्रेस के दृष्टिकोण को उजागर करेगी। इसके बारे में प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि 'दिल जीता है, दिल्ली जीतेंगे' की थीम पर पार्टी निकाय चुनाव में जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नारे पर जोर देने के अलावा डिजिटल वैन के माध्यम से 'भारत जोड़ो यात्रा' को लेकर भी जागरूकता बढ़ाए जाने का काम किया जाएगा।

### ऐप के जरिए घर-घर पहुंचेगी भाजपा

**नई दिल्ली।** नगर निगम चुनाव से पहले भाजपा ने जनता को अपने पक्ष में लाने के लिए ऐप के जरिए घर तक निगम सुविधाओं को पहुंचाने का वादा किया है। भाजपा की दिल्ली इकाई शहर के लोगों को उनके घर पर निगम की सुविधाएं मुहैया कराने के लिए एक मोबाइल ऐप विकसित करेगी। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के लिए भाजपा घोषणापत्र समिति के समन्वयक सतीश उपाध्याय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।


सतीश उपाध्याय

उपाध्याय ने कहा कि पार्टी दिल्ली नगर निगम को कागज मुक्त बनाएगी और अगले साल 31 मार्च तक माई एमसीडी मोबाइल ऐप विकसित करेगी ताकि लोगों को निगम की सुविधाएं घर बैठे मिल सकें। उन्होंने कहा कि इससे पहले वचनपत्र में भाजपा की दिल्ली इकाई ने झुग्गी-बस्तियों में रहने वालों को जहां झुग्गी वहीं मकान नीति के तहत फ्लैट मुहैया कराने का वादा किया था।

#### रोड शो करेगी पार्टी

एमसीडी चुनाव प्रचार में तेजी लाने को भाजपा सभी 14 संगठनात्मक जिलों में रोड शो करने का फैसला किया है। 19 नवंबर शाम तक सभी वार्डों के प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट होने के साथ ही भाजपा ने 20 नवंबर को दिल्ली के सभी 14 संगठनात्मक जिलों में रोड शो करने का फैसला किया है। भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ शामिल हैं।

# सीजन की सबसे सर्द सुबह, न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री

- वायु गुणवत्ता मे सुधार, ग्रेप के तीसरे चरण जरूरत नहीं : सीएक्यूएम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजधानी में शुक्रवार को इस मौसम की सबसे सर्द सुबह रही। इस दौरान न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम है।

इस बीच, दिल्ली की समग्र वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी हुई है, जो पहले के मुकाबले काफी सुधार की दिशा में है। ऐसे में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कहा है कि फिलहाल ग्रेप के तीसरे चरण की पाबंदियां लगाने की जरूरत नहीं है।

कुछ दिन पहले जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश का असर मैदानी इलाकों में देखने को मिल रहा है। हवा की गति तेज से होने से प्रदूषण से तो निजात मिली है, लेकिन पहाड़ों से ठंडी होकर आ रही हवा दिल्ली को सर्द कर रही है।

केंद्र के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शुक्रवार को कहा कि चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्रवाई योजना (ग्रेप) के पहले और दूसरे चरण के तहत जारी प्रदूषण-रोधी पाबंदियां दिल्ली-एनसीआर में जारी रहेंगी और वर्तमान में तीसरे चरण के तहत प्रतिबंधों को लागू करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस चरण में आवश्यक परियोजनाओं के अलावा अन्य निर्माण एवं तोड़-फोड़ गतिविधियों पर प्रतिबंध लागू था।

ग्रेप के तहत प्रदूषण-रोधी पाबंदियां लागू करने के संबंध में निर्णय लेने वाली उप-समिति ने बुधवार को वायु गुणवत्ता के हालात की समीक्षा की थी। सीएक्यूएम ने बयान में कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभागभारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान द्वारा प्रदान किए गए पूर्वानुमान के अनुसार, अगले कुछ दिनों में समग्र वायु गुणवत्ता में खराब और बहुत खराब श्रेणियों के बीच रहने की संभावना है।

### तिहाड़ जेल में ही रहेगा जैश का आतंकवादी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के आतंकवादी को तिहाड़ जेल से श्रीनगर जेल में स्थानांतरित करने से इनकार कर दिया है। न्यायालय ने सुरक्षा खतरे का मूल्यांकन करने के बाद अधिकारियों द्वारा बताई गई कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर विचार करते हुए आतंकवादी को श्रीनगर जेल में स्थानांतरित करने से मना कर दिया।

जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी अब्दुल मजीद बाबा (66) ने दिल्ली में तिहाड़ जेल से अपने गृह राज्य की श्रीनगर जेल में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था और कहा था कि उसके परिवार के सदस्य दिल्ली में उनसे बार-बार नहीं मिल पा रहे हैं।

न्यायमूर्ति पूनम ए. बंबा ने कहा कि दिल्ली जेल नियम, 2018 में प्रावधान है कि राज्य सरकार को पूर्व स्वीकृति से कैदी को चिकित्सा और मानवीय आधार पर एक जेल से दूसरी जेल में स्थानांतरित किया जा सकता है।

### वीडियो जारी कर आप नेता मुकेश गोयल को बताया भ्रष्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भाजपा ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मुकेश गोयल पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एक जूनियर इंजीनियर से पार्टी नेताओं को उपहार देने के एवज में पैसे मांगने का आरोप लगाया।

भाजपा ने आप नेता का एक स्टिंग ऑपरेशन वीडियो भी जारी किया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उन्हें बिना कोई देरी किए पार्टी से बर्खास्त करने का आग्रह किया। आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए आप के मध्य प्रदेश प्रभारी गोयल ने कहा कि वीडियो मनगढ़ंत है और उनकी पार्टी इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गोयल ने एमसीडी के जूनियर इंजीनियर से यह कहते हुए एक करोड़ रुपए मांगे कि इसकी जरूरत 100-150 नेताओं को दिवाली पर उपहार देने के लिए है।

# बाल अधिकार सप्ताहः बच्चों के साथ फुटबाल खेलते दिखे सचिन तेंदुलकर और आयुष्मान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर और बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना ने शुक्रवार को बच्चों के साथ फुटबाल खेलकर उनको मनोबल बढ़ाया। बाल अधिकार सप्ताह के अंतर्गत त्यागराज स्टेडियम में आयोजन किया गया। ज्ञात रहे कि राष्ट्रीय बाल दिवस 14 नवंबर से विश्व बाल दिवस 20 नवंबर तक बाल अधिकार सप्ताह बनाया जा रहा है।

इसके अलावा आयोजन में यूनिसेफ के कई बड़े पदाधिकारियों के साथ देश के नौ राज्यों के बच्चों शामिल हुए। बता दें कि इस बार का विश्व बाल दिवस विभिन्न खेलों पर ही केंद्रित है। यूनिसेफ चाहता है कि इस अवसर के जरिए विभिन्न खेलों में जो समानता और गैर-भेदभाव को बढ़ावा देने की जरूरत है। पूरे हफ्ते ही यूनिसेफ बाल सप्ताह के अंतर्गत अलग अलग कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस आयोजन का एक और उद्देश्य बच्चों को बाल अधिकारों से जागरुक करना भी है।

भारतीय संविधान बच्चों के लिए 41 बाल अधिकार हैं। लेकिन इन 14 में से 16 अधिकार भारतीय बच्चों के लिए सबसे अहम हैं। इन अधिकारों में जीवन का अधिकार मौलिक अधिकारों में आता है।

इस अधिकार के अलावा बच्चों से नस्ल, जाति, लिंग या किसी और किस्म का भेदभाव ना होने का उल्लेख भी बच्चों के लिए दिए अधिकारों में बताया गया है।

# आज से आम लोगों के लिए खुला अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला

- हर दिन 30 से 35 हजार दर्शकों को ही प्रवेश देने की योजना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



कोरोना महामारी के बाद बड़ी संख्या में आम दर्शकों के स्वागत के 41वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला आज (शनिवार) से से खुल जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि व्यापार मेले में पहले दिन ही भारी भीड़ हो सकती है। मेला आयोजक भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आइटीपीओ) ने हर दिन मेले में एक बार में 30 से 35 हजार दर्शकों को ही प्रवेश देने की योजना बनाई है। भीड़ बढ़ने पर इसके लिए इंतजाम किए जाएंगे। इस वर्ष व्यापार मेले की थीम वोकल फार लोकल, लोकल टू ग्लोबल है। इस बार मेले में दर्शकों को आजादी के अमृत महोत्सव की झलक भी देखने को मिलेगी।

गौरतलब है कि इस बार व्यापार मेले का आयोजन 73 हजार वर्ग मीटर में किया जा रहा है। इसमें करीब 2500 प्रतिभागियों ने भाग लिया है। इसमें 29 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, केरल, राजस्थान सहित कई राज्य हैं।

वहीं 14 देश जिनमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश, बहरीन, बेलारूस, ईरान, नेपाल, थाईलैंड, टर्की, यूएई व यूके शामिल हैं, ने भी मेले में शिरकत की है। नवनिर्मित हालों के ठीक सामने फूड कोर्ट बनाया गया है। जहां आप कई राज्यों के व्यंजनों का आनंद ले पाएंगे।

इसके अलावा नवनिर्मित बिल्डिंग के भीतर बने राज्यों के पवेलियन में प्रत्येक राज्य के बने व्यंजनों का स्वाद चखने के साथ ही उन्हें खरीद भी सकते हैं। यहां आपको अचार, पापड़, चटनी, मोरब्बा, दालें, नमकीन, गजक के अलावा कई बेहतरीन मिठाइयां भी दिखेंगी।

व्यापार मेले में इस बार नए बने एम्फीथिएटर में दर्शक राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की संस्कृति की झलक को देख पाएंगे। पहले की तरह ही रोजाना किसी एक या फिर दो राज्यों का स्टेट डे मनाया जाएगा।

#### उत्तर प्रदेश और केरल फोकस राज्य

व्यापार मेले में इस साल फोकस राज्य उत्तर प्रदेश व केरल को बनाया गया है। सहयोगी राज्य बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने की साकार होती संभावनाओं से लिए एक थीम बनाया गया है।

#### सुबह 10 से शाम 6 बजे तक का समय

आम जनता के लिए सुबह 10 से शाम साढ़े 6 बजे तक का समय रखा गया है। अंतिम दिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक का ही समय मेले में प्रवेश के लिए रखा गया है।

# अहीर रेजीमेंट की मांग पर आंदोलित लोगों की पुलिस से भिड़ंत

### सड़क जाम करने पहुंचे लोगों ने पुलिस पर किया पथराव

### जवाब में पुलिस ने आंदोलनकारियों पर भांजी लाठियां हिरासत में लिए

### आंदोलन का समर्थन करने पहुंचे सिंगर राहुल फाजिलपुरिया भी हिरासत में

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में अहीर रेजीमेंट की मांग को लेकर प्रदर्शन करते आंदोलनकारी।



गुरुग्राम में अहीर रेजीमेंट की मांग को लेकर प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारियों द्वारा की गई पत्थरबाजी।



गुरुग्राम में अहीर रेजीमेंट की मांग को लेकर प्रदर्शन के दौरान पत्थरबाजी करने वालों को हिरासत में लेकर जाती पुलिस।

**अहीर** रेजीमेंट बनाने की मांग को लेकर पिछले करीब चार महीने से यहां खेड़कीदौला टोल प्लाजा के पास धरने पर बैठे लोगों ने दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 को जाम करने का प्रयास किया। इस दौरान वहां तैनात पुलिस फोर्स से उनकी भिड़ंत हो गई। आंदोलनकारियों को हाइवे से हटाने के लिए पुलिस ने प्रयास तेज किए तो पुलिस के साथ झड़प हो गई। पुलिस पर पथराव भी किया गया। जवाब में पुलिस ने भी उन पर लाठियां भांजी और कईयों को हिरासत में लिया। आंदोलन का समर्थन करने पहुंचे सिंगर राहुल फाजिलपुरिया भी हिरासत में लिए गए।

खेड़कीदौला टोल प्लाजा के पास धरने पर अहीर रेजीमेंट बनाने की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा है। उनकी मांग को लेकर अनेक नेताओं ने समर्थन किया है। पक्ष-विपक्ष के नेता धरने पर पूर्व में आ चुके हैं। हरियाणा के अलावा कई अन्य राज्यों के लोगों ने भी अहीर रेजीमेंट बनाने की मांग का समर्थन किया है। काफी समय से धरना शांतिपूर्वक चल रहा था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को धरनास्थल पर सेंकड़ों लोग जुटे और टोल प्लाजा के पास हाईवे को जाम करने पहुंचे। नारेबाजी करते हुए सभी टोल फ्री कराने के लिए गए। इसी दौरान वहां तैनात भी पुलिस बल ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। पुलिस किसी भी कीमत पर सड़क जाम नहीं करने देना चाहती थी। अगर वे सड़क जाम करने में कामयाब हो जाते तो फिर जाम की धमक दिल्ली तक पहुंचती। राष्ट्रीय-राजमार्ग संख्या-48 पर कई किलोमीटर तक दोनों ओर जाम लग जाता। इससे पहले भी इसी तरह का प्रदर्शन करके सड़क को जाम किया गया था। इस बार पुलिस ऐसा नहीं होने देना चाहती थी। इसलिए पूरी तैनाती थी। अहीर रेजीमेंट संघर्ष समिति के नेताओं के आह्वान पर काफी संख्या में युवा, किशोर भी यहां प्रदर्शन करने पहुंचे। प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने पर तो पुलिस ने नरमी बरती, लेकिन उनके तेवरों को देखकर पुलिस ने सक्रियता बढ़ाई।

पुलिस आंदोलनकारियों को आगे बढ़ने से रोकती रही और वे जबरदस्ती करके आगे बढ़ने का प्रयास करते रहे। इसी दौरान दोनों तरफ से तनाव बढ़ गया। हालात बेकाबू से होते नजर आए। आंदोलनकारी नहीं माने और पुलिस के साथ उनकी झड़प हो गई। आंदोलनकारियों का नेतृत्व कर रहे संघर्ष समिति के नेताओं और युवाओं को पुलिस ने हिरासत में लेना शुरू कर दिया। पुलिस ने बाकी प्रदर्शनकारियों पर भी सख्ती दिखाई और उन्हें खदेड़ा जाने लगा। गुस्साए लोगों ने पुलिस पर ही पथराव करा शुरू कर दिया। इसमें पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालात बेकाबू होते देख पुलिस की दो और बटालियन मौके पर भेजी गई। शुक्रवार को दिल्ली-जयपुर हाइवे जाम करने के लिए क्षेत्र के कलाकारों से भी आग्रह किया गया था। इस आग्रह पर सिंगर राहुल फाजिलपुरिया मौके पर पहुंचे थे। जैसे ही वे हाइवे जाम करने के लिए आंदोलनकारियों के साथ आगे बढ़े तो पुलिस ने अन्य लोगों के साथ उन्हें भी हिरासत में ले लिया। हालांकि उन्हें बाद में रिहा कर दिया गया। संघर्ष समिति की तरफ से कहा गया कि अहीर रेजीमेंट उनका हक है। यह आंदोलन रेजीमेंट के गठन होने तक जारी रहेगा। आंदोलन को और अधिक मजबूती देने के लिए फिर से दूसरे राज्यों का सहारा लिया जाएगा।

# गुरुग्राम विवि में इंटर कॉलेज कबड्डी में छात्र-छात्राओं ने दिखाए दाव-पेंच

### महिला वर्ग की सात टीम और पुरुष वर्ग की नौ टीमों ने लिया भाग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम विवि में आयोजित इंटर कालेज कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

**शुक्रवार** को गुरुग्राम विश्वविद्यालय में इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गुरुग्राम यूनिवर्सिटी से संबद्ध 16 कॉलेजों की टीम ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में महिला वर्ग की सात टीम गुरुग्राम यूनिवर्सिटी, गवर्नमेंट कॉलेज सिधरावली, गवर्नमेंट कॉलेज बिसर, एनबीजीएसएम सोहना, गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर-14, गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर-9, द्रोणाचार्य गवर्नमेंट कॉलेज और पुरुष वर्ग की नौ टीम गुरुग्राम विश्वविद्यालय, मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज, गवर्नमेंट कॉलेज सिधरावली, एनबीजीएसएम सोहना, द्रोणाचार्य गवर्नमेंट कॉलेज, गवर्नमेंट कॉलेज रिठोज, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज सेक्टर-9, गवर्नमेंट कॉलेज जाटौली, पवित्र इंस्टीट्यूट ने भाग लिया। विवि के खेल विभाग द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। मेडलिस्ट, वर्ल्ड कबड्डी कप के गोल्ड मेडलिस्ट सुखबीर सांगवान ने मुख्य अतिथि, गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्य संरक्षक व विवि के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह एवं एसएचओ सेक्टर-50 राजेश कुमार ने संरक्षक के नाते कार्यक्रम में शिरकत की।

पुरुष वर्ग में प्रतियोगिता का फाइनल मैच द्रोणाचार्य गवर्नमेंट कॉलेज ने जीता। गवर्नमेंट कॉलेज जाटौली की टीम दूसरे स्थान पर रही। एनबीजीएसएम सोहना, गवर्नमेंट कॉलेज सिधरावली की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में द्रोणाचार्य गवर्नमेंट कॉलेज ने पहला, एनबीजीएसएम सोहना ने दूसरा, गुरुग्राम यूनिवर्सिटी, गवर्नमेंट कॉलेज सिधरावली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने विजेता टीमों को शुभकामनाएं देते हुए मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। गोल्ड मेडलिस्ट सुखबीर सांगवान ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि कबड्डी के खेल ने हरियाणा को पूरे देश में अलग पहचान दी है। आज खेलों के माध्यम से भी युवा अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विजेता टीमों को शुभकामनाएं दीं।

# यूरिया खाद के लिए किसानों की फिर से बढ़ी परेशानी



पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव।

**गुरुग्राम।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा खाद को लेकर किसानों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। पहले तो किसानों को समय पर डीएपी नहीं मिला और अब यूरिया खाद के लिए हाहाकार मचा हुआ है। यूरिया की समस्या हरियाणा प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों में भी भारी मात्रा में है।

उन्होंने कहा कि मांग के अनुसार खाद की आपूर्ति नहीं होने से किसान बहुत परेशान हो रहे हैं। आलम यह है कि एक बोरी यूरिया के लिए किसानों को घंटों कतार में खड़ा होना पड़ रहा है। उसके बाद भी खाद मिले तो मिले, नहीं तो नहीं मिल पाती है। यूरिया पहुंचने की सूचना पर हजारों किसान इकट्ठा हो जाते हैं, लेकिन किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। खाद की इतनी भारी किल्लत और बढ़ती महंगाई के बीच सरकार ने खाद पर जीएसटी लगाकर खाद महंगी कर दी है। ऐसे में किसानों को दोहरी मार पड़ रही है। देश में किसान परेशान होकर आत्महत्या कर रहे हैं। देश के किसानों की स्थिति बहुत ही दयनीय हो गई है। कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा यूरिया खाद की किल्लत के चलते खाद की दुकानों पर सवेरे से ही किसान खाद खरीदने के लिए जमा हो जाते हैं। सुबह से शाम तक मशक्कत करने के बावजूद किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

# नप जल्द चलाएगी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

**सोहना।** नगर परिषद शहर की सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ जल्द ही अभियान चलाएगी। जिसके लिए करीब पांच टीमों का गठन किया है। बार-बार अतिक्रमण करने वाले दुकानदार के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। त्योहारों का सीजन लगभग निकल गया है। नगर परिषद प्रशासन ने अतिक्रमण का सफाया जड़ से करने के उद्देश्य से योजना बनाई है। ऐसे दुकानदारों की पहचान भी की जाएगी। ताकि ऐसे दुकानदार पर केस दर्ज कराने के अलावा उसका सड़क, आम रास्ता या चौक-चौराहे पर रखा जाने वाला सामान जब्त किया जा सके।

**पांच कमेटियों में होंगे 15 सदस्य :** नगर परिषद ने इस बार अतिक्रमण की रोकथाम के लिए पांच कमेटियों का गठन किया है। इन कमेटियां में शामिल करीब 15 कर्मचारियों को उनका क्षेत्र बता दिया गया है। कमेटी संचालक अपने-अपने क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण का सफाया करेंगे। सफाया करने के बाद अतिक्रमण को दोबारा से करने वाले पर कानूनी प्रक्रिया कराने के उद्देश्य से जनहित में बाधा पहुंचाने के कारण थाने में मामला दर्ज कराया जाएगा।



सोहना शहर में फैला अतिक्रमण के कारण लगता जाम।

**दो फुट के दायरे में होगी छूट :** शहर की सड़क और बाजार में बैठे दुकानदार को दुकान से बाहर मात्र दो फुट तक सामान रखने की अनुमति हागी। इससे बाहर रखा सामान, तख्त, त्रिपाल या पर्दा, लोहे की एंगल आदि को हटाया जाएगा। दुकानदार सड़क के ऊपर नाम या दुकान के प्रचार-प्रसार के बोर्ड नहीं रख सकेंगे। नगर परिषद के एक्सइएन विक्की सिंह ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से सख्ती से प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। पांच कमेटियों के नियुक्त किए गए प्रभारियों के खिलाफ अतिक्रमण होने पर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बिजली कर्मी 23 को बिजली बिल के विरोध में दिल्ली जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बिजली** निजीकरण के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर 23 नंबवर को होने वाले विरोध प्रदर्शन में सोहना से सैकड़ों की संख्या में यूनियन के कार्यकर्ता भाग लेंगे। केन्द्र सरकार की बिजली बिली 2022 का कड़ा विरोध किया जाएगा।

शुक्रवार को 33केवीए पावर हाउस एसडीओ कार्यालय में स्थित ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन की बैठक यूनिट प्रधान विजयपाल की अध्यक्षता में हुई। केन्द्र की सरकार रोजगार देने की बजाय पक्के कर्मचारियों से रोजगार छीनने का काम कर रही है। इस बैठक में मुख्य वक्ता रहे यूनियन के राज्य महासचिव जितेन्द्र तेवतिया ने कहा कि केन्द्र सरकार से कई बार बिजली बिल 2022 को लागू न करने को लेकर बैठक हो चुकी है। इसके बावजूद राज्य व केन्द्र की सरकार इस बिल को सांसद में पारित करने के लिए आतुर हो रही है। आने वाले मानसून सत्र में केन्द्र सरकार इस बिल को सांसद में रखते हुए पास कराएगी। इस बिल के पास होने से जहां पक्के कर्मचारियों का रोजगार छिन जाएगा।



बिजली बिल 2022 के विरोध में सोहना में हुई बिजली कर्मियों की बैठक।

बैठक में आए कमेटी सदस्यों की बातें को सुनने के बाद यूनिट प्रधान विजयपाल ने आश्वासन दिया कि सोहना से सैकड़ों की नहीं हजारों की संख्या में जनतर मंतर पर पहुंचेंगे।

# जल संरक्षण गतिविधियों में तेजी लाएं अधिकारी : निशांत यादव

### जल शक्ति अभियान तथा अटल भूजल योजना की समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



जिला में जल शक्ति अभियान तथा अटल भूजल योजना को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

**जिला** में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल शक्ति अभियान तथा अटल भूजल योजना के तहत किए गए कार्यों की शुक्रवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने समीक्षा की। उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में जल संरक्षण संबंधी गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने सर्वप्रथम जल शक्ति अभियान के तहत अब तक जिला में किए गए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जल शक्ति अभियान के तहत हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण द्वारा विभागों को जल संरक्षण संबंधी अलग-अलग गतिविधियां करवाते हुए जिला में लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोक पिट, चेक डैम आदि सहित विभागों द्वारा आईईसी (इंफॉर्मेशन, एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन) गतिविधियों को लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जल शक्ति अभियान के तहत अपने-अपने विभागों से नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान को लेकर वह समय-समय पर बैठक करते रहेंगे। अधिकारियों से इस बारे में रिपोर्ट भी लेंगे। उन्होंने बैठक में जिन विभागों की प्रोग्रेस कम थी उन्हें कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अटल भूजल योजना के तहत जिला में किए गए कार्यों के भी उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

**अटल भूजल योजना के तहत 162 गांवों का चयन :** बैठक में बताया गया कि अटल भूजल योजना के तहत जिले में 162 गांवों का चयन किया गया है, जिनकी ग्राम पंचायतों को वाटर सिक्योरिटी प्लान बनाकर दे दिया गया है। इसके अलावा, जिला में 159 स्थानों पर फ्लो मीटर लगाए जा चुके हैं। जिला में 140 स्थानों पर वॉटर टेस्टिंग किट आबंटित की जा चुकी है। इसी प्रकार, 324 स्थानों से पानी के नमूने एकत्रित किए गए हैं तथा 814 स्थानों पर वॉटर क्वालिटी टेस्ट किये गए हैं। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में अटल भूजल योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम जैसे-वॉल पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, किसान जागरूकता कार्यक्रम, स्कूलों में कार्यशाला तथा रैलियों आदि का भी आयोजन किया गया है।

**गांवों में कार्यों की गुणवत्ता की जांच करेंगे डीसी :** बैठक में वाटर सिक्योरिटी प्लान के तहत प्रस्तावित कार्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में उपायुक्त ने पंचायती राज विभाग, गुरुजल सोसायटी, एमआईकाडा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, मृदा संरक्षण तथा सिंचाई विभाग द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि वे जल्द ही संबंधित अधिकारियों के साथ जिला के विभिन्न गांवों का दौरा कर कार्यों की गुणवत्ता की जांच करेंगे। इस दौरान उपायुक्त ग्राम पंचायतों में लगाए गए फ्लो मीटर, वॉटर टेस्टिंग किट, पानी के नमूने एकत्रित करने तथा वर्षा नापने के यंत्र को देखेंगे। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनु श्योकन्द के अलावा सभी संबंधित लाइन विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## सड़क यातायात पीड़ितों की याद में मनाया जाएगा विश्व स्मरण दिवस

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस द्वारा सड़क यातायात पीड़ितों की याद में 27वां विश्व स्मरण दिवस राहगीरी फाउंडेशन के सहयोग से मनाया जाएगा। इसका आयोजन जैनपैक्ट चौक पर 20 नवंबर को सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक किया जाएगा, जिसमें सड़क दुर्घटनाग्रस्त व दुर्घटना में जान गंवाने वाले पीड़ितों के सम्मान में मनाया जाएगा। इन दौरान वे अपने अनुभव भी साझा करेंगे ताकि लोगों को सड़क दुर्घटना से होने वाले जान-माल के नुकसान के बारे में जागरूक किया जा सके व लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस मौके पर एक साइकिल रैली का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें 500 से अधिक साइकिल सवार भाग लेंगे। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2005 में सभी देशों को सड़क यातायात दुर्घटनाओं के पीड़ितों और उनके परिजनों की स्मृति के रूप में यह दिन मनाने के लिए कहा। तब से हर वर्ष नवंबर माह के तीसरे रविवार को सड़क यातायात दुर्घटनाओं के पीड़ितों और उनके परिजनों के सम्मान में यह दिन मनाया जाता है।

## पुलिस ने एक घर से 23 पेटी शराब बरामद की

**सोहना।** सदर थाना पुलिस ने खंड के गांव अभयपुर में छापा मारकर 23 पेटी शराब बरामद की है। जिसमें 59 बोतल बीयर अलग से बरामद की हैं। पुलिस ने घर से फरार आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। गुरुवार को सोहना सदर थाना से गश्त कर रही पुलिस को सूचना मिली कि अभयपुर निवासी जयवीर अपने घर में अवैध शराब बेच रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस को देख जयवीर रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए दीवार कूदकर भाग गया। सदर थाना प्रभारी जयसिंह ने बताया कि एसडीएम के आदेश पर ताला बंद कमरे की तलाशी के लिए ड्यूटी मजिस्टेट बीडीपीओ सोहना प्रवेन्द्र सिंह को नियुक्त किया। जिनकी अगुवाई में ताला बंद कमरे को खोला गया। जिसमें 23 शराब की पेटियां तथा पांच पेटी बीयर की बरामद हुईं। उन्होंने बताया कि शराब की अलग-अलग ब्रांड थीं।

## मिक्स कचरा उठाने वाले वाहनों को किया गया जब्त



गुरुग्राम में जब्त किए गए मिक्स कचरा उठाने वाले वाहन।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन नियम की अवहेलना करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत मिक्स कचरा उठाने वालों की चेकिंग करते हुए उन्हें जब्त किया जा रहा है। विशेष सैनीटेशन स्क्वायड के सदस्यों ने गत रात्रि निरीक्षण के दौरान कचरा उठाने व डंप करने वाले वाहनों की चेकिंग की। टीमों ने दो गाड़ियों को जब्त किया। जब्त की गई एक गाड़ी शंकर चौक से तथा दूसरी गाड़ी सेक्टर-38 क्षेत्र में पकड़ी गई। टीम ने दोनों गाड़ियों को जब्त करके उनका चालान भी किया। टीम में सफाई निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, हरीश शर्मा, दीपक व गौरव शामिल थे। नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार के अनुसार ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत कचरे को अलग-अलग करना अनिवार्य है। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा हालांकि फिलहाल कचरा उठाने वाले वाहनों पर ही कारज़्वाई की जा रही है। 20 नवम्बर से घरों से भी केवल अलग-अलग कचरा ही उठाया जाएगा। अगर कोई नागरिक कचरा अलग-अलग नहीं करता है, तो उसका कचरा नहीं लिया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने कचरे को गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक श्रेणियों में अलग-अलग रखें तथा अलग-अलग ही कचरा गाड़ी में डालें।

## बिना दवा के उपचार की विधि है प्राकृतिक चिकित्सा : डॉ. बत्रा



गुरुग्राम के पालम विहार सी-2 ब्लॉक में आयोजित निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में भाग लेते नागरिक।

**गुरुग्राम।** योग संस्कृति उत्थान पीठ नई दिल्ली के संस्थापक डॉ. राजेश बत्रा ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा में बिना दवा के विभिन्न प्राकृतिक पद्धति द्वारा उपचार किया जाता है। इसमें पंच तत्वों आकाश, जल, वायु, अग्नि और पृथ्वी को आधार मानकर चिकित्सा की जाती है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को यहां पालम विहार सी-2 ब्लॉक में आयोजित निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में कही। यह शिविर आयुष विभाग की ओर से लगाया गया था। आयुष विभाग गुरुग्राम द्वारा जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मन्जू कुमारी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में 147 मरीजों ने प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ उठाया। प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरुक करते हुए डॉ. राजेश बत्रा ने कहा कि यह एक समग्र और विद्युत वैकल्पिक प्रणाली है। प्राकृतिक रहन सहन एवं खान-पान का प्रयोग करते हुये स्वस्थ रहना या बीमार होने पर प्रकृति द्वारा दिए गये तत्वों का प्रयोग करके निरोग हो जाना ही प्राकृतिक चिकित्सा है। डॉ. बत्रा ने कहा कि भोजन प्राकृतिक रूप में लिया जाना चाहिए। चिकित्सा के अन्तर्गत खुराक चिकित्सा, उपवास चिकित्सा, मृदा (मिट्टी) चिकित्सा, जलोपचार, मालिश थेरेपी, एक्यूप्रेशर आदि शामिल हैं।

# विद्याज्ञान में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में आर्थिक रूप से वंचित, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए एकेडमी, विद्याज्ञान लीडरशिप एकेडमी में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्याज्ञान में हर साल दो राउंड में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से लगभग 200विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। एकेडमी में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 नवंबर, 2022 है। इसकी प्रारंभिक लिखित परीक्षा 18 दिसंबर, 2022 को आयोजित होगी। विद्याज्ञान उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों के प्रतिभाशाली, वंचित विद्यार्थियों के लिए एक निःशुल्क आवासीय स्कूल है। यह शिव नादर फाउंडेशन की एक पहल है, जो एक ज्यादा समानतापूर्ण, योग्यता आधारित समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। यह लोगों को परिवर्तनकारी शिक्षा द्वारा सशक्त बनाता है, और सामाजिक-आर्थिक अंतर को खत्म करता है। विद्याज्ञान में प्रवेश के लिए उत्तर प्रदेश के 75 जिलों से लगभग 2.5 लाख विद्यार्थी आवेदन करते हैं, जिनमें से लगभग 200 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन प्रवेश के लिए किया जाता है, और फिर उन्हें विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करते हुए कक्षा 12 तक उनका विकास किया जाता है।

**विद्याज्ञान में तीन चरण की प्रवेश प्रक्रिया में शामिल है:**

- उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में प्रारंभिक लिखित परीक्षा।
- प्राथमिक राउंड में चयनित विद्यार्थियों के लिए लिखित परीक्षा।
- चयनित विद्यार्थियों और उनके परिवारों के साथ संवाद।

**पात्रता के मापदंड**

- आवेदक किसी ग्रामीण स्कूल में कक्षा पांच में अध्ययन कर रहा हो।
- लड़कियों की उम्र 12 साल से कम या उसके बराबर हो, और लड़कों की उम्र 11 साल से कम या उसके बराबर हो।
- ग्रामीण, कम आय वाले परिवारों के विद्यार्थी, जिनकी संयुक्त पारिवारिक आय एक लाख रुपये प्रतिवर्ष से अधिक न हो।

विद्याज्ञान की स्थापना साल 2009 में बुलंदशहर में की गई थी, जिसके बाद विद्याज्ञान सीतापुर परिसर की शुरुआत हुई। दोनों परिसरों के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 की परीक्षा शानदार ग्रेड्स के साथ उत्तीर्ण की। साल 2022 में यहाँ से 187 विद्यार्थी ग्रेजुएट हुए, जिनमें से 138 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कॉलेज, पर्ड्यू यूनिवर्सिटी, वर्जिनिया टेक, पेनसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी एवं यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, डेविस आदि में प्रवेश मिला है। विद्याज्ञान के विद्यार्थियों ने भारत के सर्वोच्च संस्थानों, जैसे दिल्ली यूनिवर्सिटी, एनआईटी, जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, एनआईएफटी आदि में भी उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश लिया है। विद्याज्ञान के एलुमनी का प्रोफेशनल सफर भारत एवं अमेरिका के अग्रणी संस्थानों जैसे बायजूज, एमेजॉन, टीच फॉर इंडिया, कोल इंडिया आदि के साथ शुरू हुआ है।

# बीके : यहां एम्बुलेंस को निकलने की जगह भी नहीं मिलती

## बीके अस्पताल में बेतरतीब खड़े होने वाले वाहनों से रोज लगता है जाम

कविता। फरीदाबाद

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में गेट से अपातकालीन कक्ष की दूरी तय कर पाना एम्बुलेंस चालकों के लिए परेशानी भरा हो गया है। अस्पताल के अपातकालीन कक्ष से गेट की दूरी महज एक से दो मिनट की है। लेकिन अस्पताल में यहां-वहां खड़ी गाड़ियों के कारण एम्बुलेंस को दो मिनट के बजाय पांच से दस मिनट तक पहुंचने में लग जाते हैं। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन की तरफ से यहां व्यवस्था बनाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

**फंस जाती है एम्बुलेंस :** बीके अस्पताल में बने गोल चक्कर से लेकर अपातकालीन कक्ष के सामने सड़क के दोनो तरफ वाहन खड़े रहते हैं। ऐसे में यहां एक गाड़ी मुश्किल से पार हो पाती है, पैदल आने वाले मरीजों का तो निकलना भी यहां दुर्भर हो जाता है। मरीजों को लेकर पहुंचने वाली एम्बुलेंस कई बार यहां फंस जाती है। गाड़ियां यहां बेतरतीब तरीके से खड़ी होती हैं।


बीके अस्पताल में निजी गाड़ियों के कारण एम्बुलेंस को निकलने में हो रही परेशानी।



बीके अस्पताल परिसर में जहां-तहां खड़े वाहनों से पैदल निकलने वालों को हो रही परेशानी।

**लोग हैं लापरवाह :** अस्पताल में तैनात एम्बुलेंस चालकों ने कहा कि एक तरफ तो अस्पताल में अपातकालीन कक्ष के सामने रस्सी बांधकर रास्ता बंद कर रखा है, दूसरी तरफ यहां एम्बुलेंस का निकालना भी दुर्भर हो रहा है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में यहां-वहां निजी वाहन खड़े रहते है। यहां आने वाले वाहन चालक सही तरीके से वाहनों को लगाने के बजाय गलत ढंग से खड़ा करके छोड़ देते है। ऐसे में एम्बुलेंस फंस जाती है।

**हो रही है भीड़ :** अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। यहां नो पार्किंग में भी वाहनों को खड़ा देखा जा सकता है। कई बार तो सड़क के बीचों-बीच वाहन चालक अपने वाहन पार्क करके चले हो जाते हैं। जिस कारण यहां अपातकालीन तो क्या ओपीडी में भी जाना परेशानियों से भरा होता है। यहां जगह-जगह खड़े वाहनों से स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। मरीजों का निकलना भी दुर्भर हो जाता है।

# संसद कूच में फरीदाबाद-पलवल से हजारों बिजली कर्मचारी लेंगे भाग

## बिजली वितरण प्रणाली के लाइसेंस प्राईवेट लोगों को दिए जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बिजली** (अमेंडमेंट) बिल 2022 के खिलाफ 23 नवंबर को आयोजित संसद कूच में फरीदाबाद-पलवल से हजारों बिजली कर्मचारी भाग लेंगे। यह निर्णय शुक्रवार को ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के सर्कल सचिव कृष्ण कुमार व रामचरण की अध्यक्षता में सर्कल कार्यकारिणी की सेक्टर सात यूनियन कार्यलय में आयोजित सर्कल कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया।

बैठक में बिजली अमेंडमेंट बिल 2022 के कर्मचारियों, उपभोक्ताओं व किसानों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देने के लिए 21 व 22 नवंबर को सब डिवीजन स्तर पर गेट मीटिंग करने का फैसला लिया गया। कई सब डिवीजन में शुक्रवार को भी गेट की गई और कर्मचारियों से ससंद कूच में बढ़-चढ़ कर भाग लेने का


सेक्टर-7 यूनियन कार्यालय पर आयोजित बैठक में भाग लेते आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के सदस्य।

आह्वान किया गया। संसद घेराव का आह्वान नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी आफ इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज एंड इंजीनियर (एनसीसीओईईई) ने किया है। सर्कल कार्यकारिणी की बैठक में इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी, सीसी सदस्य मनोज जाखड़, यूनिट कमेटी के पदाधिकारी भूप सिंह, गिरीश राजपूत, सुरेन्द्र शर्मा, धर्मेंद्र तेवतिया, वेद प्रकाश, श्याम सुंदर, देवेन्द्र त्यागी, मुकेश लांबा आदि मौजूद थे।

इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा व एएचपीसी वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी ने मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार देश के बिजली कर्मचारियों, इंजीनियर व किसानों के तीखे विरोध के बावजूद बिजली वितरण प्रणाली को निजी हाथों में सौंपने के लिए आमादा है। उन्होंने बताया कि बिल पारित होने के बाद जनता के खून पसीने व करदाताओं के टैक्स से खड़े किए गए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के ढांचे को मुनाफे के लिए निजी हाथों में सौंपा जाएगा। बिजली वितरण प्रणाली के लाइसेंस प्राईवेट लोगों को दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सब्सिडी व क्रॉस सब्सिडी समाप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि बिजली की प्रति यूनिट लागत 7.45 पैसे है और बिल में प्राईवेट लाइसेंसी को 16 प्रतिशत मुनाफा कमाने का प्रावधान है। इसलिए बिजली की दरें करीब दस रुपये प्रति यूनिट होगी। सब्सिडी खत्म होने के बाद किसान का प्रति महीने करीब दस हजार रुपये एक महीने का बिल आएगा। जिससे किसान वहन नहीं कर पाएंगे। जिसके कारण बिजली गरीब उपभोक्ताओं और किसान की पहुंच से बाहर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की बजाय प्राईवेट लाइसेंसी को अधिकार होगा कि किस उपभोक्ता को बिजली दे और किसी को न दें। इसलिए वह कम लाईनलास वाले व ज्यादा रियलाइजेशन वाले फीडर को ही बिजली सप्लाई देंगे। उन्होंने कहा कि जिसको प्राइवेट लाइसेंसी बिजली नहीं देंगे, उसको सरकारी बिजली निगम सप्लाई करेगी।

# दुर्गा शक्ति ने महिलाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए बल्लभगढ़ महिला थाना प्रभारी इंदु बाला तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने बल्लभगढ़ एरिया में स्थित पार्क में आमजन को समाज की विभिन्न कुरीतियों के बारे में जागरूक किया तथा उन्हें आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला थाना बल्लभगढ़ व दुर्गा शक्ति की टीम ने आमजन को महिला व बाल अपराध के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें इस प्रकार की कुरीतियों से लड़ने के लिए प्रेरित किया। समाज में फैली कुरीतियों के बारे में जागरूक करते हुए इंस्पेक्टर इंदु ने बताया कि समाज के कुछ नकारात्मक प्रवृत्ति के लोग भ्रूण हत्या, निरक्षरता, शोषण, नशा इत्यादि कुरीतियों को अपनी संस्कृति समझते हैं परंतु उन्हें यह ज्ञात होना चाहिए कि यह पूरे समाज के लिए नुकसानदायक है जिसकी वजह से समाज में अपराध और अपराधियों की संख्या में वृद्धि होती है। जन्म से पहले ही लिंग जांच करवाकर कन्याओं को गर्भ में ही मरवा दिया जाता है जो कि कानून के साथ-साथ मानव जगत की नजर में भी एक अपराध है और हमें इस प्रकार के अपराधों के प्रति जागरूक होकर इसके विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए ताकि किसी अन्य बच्चे या महिला को इसका शिकार होने से बचाया जा सके। दुर्गा शक्ति की टीम ने पार्क में मौजूद महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए और बताया कि वह अपराधियों से अपनी रक्षा करने के लिए क्या-क्या तरीके अपना सकती हैं।

# महिला हवलदार दस हजार लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केस** से दुष्कर्म की धारा हटाने के नाम पर पैसों की मांग कर रही एक महिला हवलदार को विजिलेंस विभाग की टीम ने रंगे हाथों एनआईटी महिला थाना सेक्टर-21 से गिरफ्तार किया है। आरोपी को विजिलेंस विभाग की टीम ने अपना जाल बिछाकर गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक विजिलेंस विभाग को सूचना मिली थी कि कल्पना नामक महिला हवलदार केस से दुष्कर्म की धारा हटाने के पैसे मांग रही है। जिस पर विजिलेंस की डीएसपी मीना कुमारी ने टीम को साथ लेकर जाल बिछा दिया। शिकायत में पाया कि बड़खल निवासी शब्बीर नाम के व्यक्ति की पत्नी ने उसके खिलाफ घरेलू हिंसा की शिकायत दे रखी थी। महिला ने शिकायत में इच्छा के विरुद्ध संबंध बनाने की बात भी लिखी थी। इस पर मामले की जांच कर रही महिला



हवलदार कल्पना ने दुष्कर्म की धारा हटाने के नाम पर 35 हजार रुपये की मांग रखी। आरोपी ने बीस हजार रुपये पहले ले लिए थे। शुक्रवार को कल्पना ने शिकायतकर्ता को 15 हजार रुपये के साथ बुलाया था। टीम ने दस हजार की गड्डी पर पाउडर लगाकर शिकायतकर्ता को दे दिए। महिला हवलदार ने जैसे ही पैसे लिए टीम ने इशारा पाते ही उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला पुलिस कर्मी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# कपड़ा उद्योग में क्रांतिकारी बदलाव लाने का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** के साथ ही पड़ोसी दक्षिण-पूर्व एशियाई और मध्य-पूर्व देशों के कपड़ा उद्योग की मशीनरी और टेक्नोलॉजी जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत में हर चार साल में एक बार प्रतिष्ठित, बहुप्रतीक्षित मेगा टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग बी2बी प्रदर्शनी 'इंडिया आईटीएमई 2022' का आयोजन किया जाता है। इंडिया आईटीएमई 2022 का 11वां संस्करण 8 से 13 दिसंबर 2022 तक आयोजित किया जाएगा यह महामारी के बाद पहला मेगा इवेंट है।

यह बहुप्रतीक्षित प्रदर्शनी इंडिया आईटीएमई 2022 उत्तरी भारत में पहली बार विश्व स्तरीय स्थल आईईएमएल ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जा रही है, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में एक अच्छी तरह से डिजाइन किया गया और भारत में सबसे बड़ा प्रदर्शनी स्थल है, जो 235,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है। आईईएमएल रणनीतिक रूप से ग्रेटर नोएडा में स्थित है जो एक इंडस्ट्रीयल एरिया है और यह पश्चिमी और पूर्वी समर्पित फ्रेट कॉरिडोर के चौराहे पर स्थित है और दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर का प्रवेश द्वार भी है। यह भारत की राजधानी – नई दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के भीतर है और नोएडा से सटा हुआ है, जो एशिया के सबसे बड़ी इंडस्ट्रीयल टाउनशिप में से एक है। नवीनतम तकनीक के साथ भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री के और विकास से जुड़े प्रमुख विषयों और कपड़ा मशीनरी निर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की नीति पर सीईओ कॉन्क्लेव में चर्चा की जाएगी। इंडिया आईटीएमई सोसायटी और ईईपीसी ने आपसी सहयोग को मजबूती देने



आरबीएसएम के लिए एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं। सीमा श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक, भारत आईटीएमई सोसायटी और अधिप मित्रा एडिशनल एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, ईईपीसी ने 18 नवंबर को इंडस्ट्री के सदस्यों, मीडिया, पत्रकारों और मेहमानों की उपस्थिति में प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इंडिया आईटीएमई सोसाइटी ईईपीसी के साथ संयुक्त रूप से बी2बी पार्टनर के रूप में इंडिया आईटीएमई 2022 के दौरान बायर-सेलर मीट (आरबीएसएम) का आयोजन कर रही है। यह बायर-सेलर मीट भारत आईटीएमई सोसाइटी और ईईपीसी द्वारा टेक्सटाइल इंजीनियरिंग के कारोबारों को वैश्विक अवसरों तक पहुंच देती है। यह इंडिया आईटीएमई सोसायटी और ईईपीसी द्वारा कपड़ा उद्योग के लिए एक तरह की पहल है। बांग्लादेश, श्रीलंका, पोलैंड, बोत्सवाना, इथियोपिया, केन्या, घाना, मिस्र, मोरक्को, इंडोनेशिया, मलेशिया, म्यांमार, वियतनाम, फिलीपींस, थाईलैंड, कंबोडिया, चीन, उज्बेकिस्तान, तुर्की, ईरान, इजराइल, भूटान, दक्षिण अफ्रीका, तंजानिया, जिम्बाब्वे, फिजी, ग्वाटेमाला और किर्गिस्तान जैसे कई अन्य देशों से खरीदारों के प्रतिनिधिमंडल मुख्य रूप से अपनी व्यावसायिक संभावनाओं का आकलन करने इंडिया आईटीएमई 2022 में भाग लेंगे।

# वाणिज्य विभाग द्वारा कॅरियर जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के वाणिज्य विभाग द्वारा कैरियर जागरुकता कार्यक्रम पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हमारे प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन और प्रेरणा से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सी एस रिया कथूरिया थीं। संचालन डॉ. रेखा सैन ने किया। मुख्य वक्ता ने दर्शकों को कंपनी सेक्रेटरी कोर्स के बारे में जागरूक किया और बताया कि कैसे आप आसानी से इस कोर्स को क्रैक कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आप अपने आत्मविश्वास के स्तर को कैसे सुधार सकते हैं और उनके आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाने के लिए कुछ गतिविधियां भी कीं। उन्होंने पर्सनैलिटी को बेहतर बनाने के लिए कुछ टिप्स भी दिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए कई अवसर जोड़े जिनका वे सीएस कोर्स करने के बाद लाभ उठाएंगे। कार्यक्रम में टीम के सदस्य डॉ. शोभना गोयल के साथ डॉ. डिंपल, सुश्री पूजा, सुश्री प्रीति, सुश्री नेहा, श्री पंकज भी शामिल थे।

# पहला दिन : 20 लड़कियों ने दिया फुटबाल का ट्रायल

## खेलो हरियाणा यूथ गेम्स के लिए ट्रायल का आज दूसरा दिन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनआईटी** स्थित राजा नाहर सिंह फुटबाल ग्राउंड में खेलो हरियाणा यूथ गेम्स के लिए शुक्रवार से शुरू हुए ट्रायल के पहले दिन फुटबॉल में लड़कियों का ट्रायल लिया गया। जिसमें 20 लड़कियों ने ट्रायल दिया। आज यानि शनिवार को लड़कों के ट्रायल होंगे।

जानकारी के मुताबिक जिला खेल अधिकारी देवेन्द्र गुलिया और फुटबॉल कोच प्रमोद सिंह की देखरेख में शुक्रवार से खेलो हरियाणा यूथ गेम्स के ट्रायल शुरू हुए। जिसमें पहले दिन फुटबॉल के लिए 20 लड़कियों ने ट्रायल दिया। खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया ने बताया कि अधिकांश खेल के ट्रायल शनिवार और रविवार को आयोजित कराए जाएंगे। जिसमें तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, साईकलिंग, फुटबॉल, जिम्नैस्टिक, हॉकी, हैंडबॉल, जूडो, कबड्डी, नैशनल स्टाईल, खो-खो, लॉनटैनिस,


फुटबॉल टीम में शामिल होने को ट्रायल देने पहुंची खिलाड़ी।

शूटिंग, तैराकी, टेबलटेनिस, कुश्ती, भारतोलन, वालीबॉल, तलवारबाजी, गतका, मल्लखंब तथा योग लड़के तथा लड़कियों की श्रेणी में कराए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की जन्मतिथि एक जनवरी 2004 या उसके बाद की होनी चाहिए।

इनके अलावा जिम्नैस्टिक में लड़कों व लड़कियों के ट्रायल 19 नवंबर को खेल परिसर में होंगे। हॉकी खेल में लड़कों तथा लड़कियों के ट्रायल 19 नवंबर को होंगे, जबकि जूडो में लड़कों तथा लड़कियों के ट्रायल 19 नवंबर को खेल परिसर में होंगे। कबड्डी में लड़कों के ट्रायल 19 नवंबर को तथा लड़कियों के ट्रायल 20 नवंबर को खेल परिसर में होंगे। शूटिंग खेल में लड़कों के ट्रायल 19 नवंबर तथा लड़कियों के ट्रायल 20 नवंबर को खेल परिसर में होंगे। गतका खेल में लड़कों व लड़कियों के ट्रायल 20 नवंबर को खेल परिसर में होंगे।

साईक्लिंग खेल में लड़कों व लड़कियों के ट्रायल 20 नवंबर को सेक्टर-12 खेल परिसर में आयोजित कराए जाएंगे। तलवारबाजी खेल में लड़कों व लड़कियों के ट्रायल 20 नवंबर को सेक्टर-12 खेल परिसर में आयोजित कराए जाएंगे। बैडमिंटन के मुकाबले 23 नवंबर को केएल मेहता स्कूल सेक्टर-7 में सुबह नौ बजे होंगे।

# मोहना में किया गया प्रतिभा खोज खेल का आयोजन

**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी एवं संघर्ष ट्रस्ट इंडिया के खेल निदेशक सत्यवीर धनखड़ ने बताया जागृति विद्या निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहना में प्रतिभावान खिलाडी खोज अभियान के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और पदक विजेता स्थान प्राप्त किए।

स्कूल के चेयरमैन बलजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्र एवं छात्राओं के सर्वांगीन विकास के लिए स्कूल मैदान पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य बलदेव सिंह ने सभी खिलाड़ियों को अनुशासन में रहते हुए खेलने का ज्ञान दिया और सभी प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रहने की हिदायत दी। स्कूल के खेल प्रशिक्षक राजबीर सिंह ने बताया कि जागृति विद्या निकेतन स्कूल खेल मैदान पर विभिन्न आयु वर्गों के विद्यार्थियों के लिए अलग अलग खेलों का आयोजन किया गया।

# आयुष विभाग में प्रदर्शनी और सेमिनार आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**5 वें** राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत जिला फरीदाबाद में आयुष विभाग द्वारा बीके अस्पताल में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अजित सिंह के मार्गदर्शन में आयुष विंग जिला अस्पताल फरीदाबाद में एक दिवसीय सेमिनार व प्रदर्शनी का आयोजन शुक्रवार को किया।

संगोष्ठी में इस वर्ष का विषय आहार ही औषध है था। संगोष्ठी में प्राकृतिक चिकित्सक डॉ रुचि, राजेश भाटी, जैविक किसान ने प्राकृतिक चिकित्सा पर अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम का प्रारंभ धनवंतरी भगवान के पूजन एवं हवन के साथ किया गया। हवन में प्रकृति को शुद्ध करने वाले गुग्गुल, लोबान आदि द्रव्यों का इस्तेमाल किया गया। प्रदर्शनी में प्राकृतिक चिकित्सा में उपयोग होने वाले उपकरण को दर्शाया गया साथ ही प्राकृतिक मौसमी फल एवं सब्जियों को भी दिखाया गया। संगोष्ठी में आये हुए आम जन को इन के लाभ व उपयोग के विषय में भी बताया। संगोष्ठी में लगभग 100 प्रतिभगियों ने हिस्सा लिया। जिला अस्पताल के आयुष विंग में प्राकृतिक चिकित्सा जैसे कि मिट्टी, जल, चिकित्सा का लाभ भी रोगियों को दिया गया। इस कार्यक्रम में विकास यादव योग विशेषज्ञ, डॉ. मोहित वासदेव, डॉ. मनीषा लंबा, डॉ. प्रीति रानी ने भाग लिया।

# संक्षिप्त समाचार

## जिया का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**फरीदाबाद।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय डींग के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य अध्यापक समर देशवाल ने कहा कि ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सरकारी स्कूल डींग व गांव के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि जिया बेटी का जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हो गया है। जिया सुपुत्री सुरेश ने स्कूल का व गांव का नाम रोशन किया है। हमें व ग्राम वासियों को जिया बेटी पर बहुत गर्व है। जिया से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। सम्मान समारोह में जिया सुपुत्री सुरेश निवासी गांव डींग का विद्यालय के मुख्य अध्यापक व समस्त अध्यापक गणों एवं स्कूल प्रबंधन कमेटी ओर गांव के मौजिज लोगों ने पुरस्कार देकर सम्मान किया। गांव में व स्कूल में खुशी का माहौल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के मुख्य अध्यापक समर देशवाल, भविचंद, अनिल कुमार, रघुनाथ, माया, निशा, सीमा, बबीता, रीता व जनहित सेवा संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत, विद्यालय की प्रबंधन कमेटी एवं गांव के मौजिज व्यक्ति विशेष रूप से मौजूद थे।

## फीवा ने मंडल आयुक्त को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन



**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं एवं विधवाओं के लिए की गई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नगर निगम फरीदाबाद द्वारा अपने प्लाट धारकों को ना दिए जाने की शिकायत के संदर्भ में फरीदाबाद एस्टेट एजेंटस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मंडल आयुक्त फरीदाबाद के मार्फत मुख्यमंत्री को आज एक मांग पत्र सौंपा गया। मंडल आयुक्त कार्यालय के अधीक्षक संजय जैन को मांग पत्र सौंपते समय फीवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल के साथ उप प्रधान राज कुमार जिंदल एवं रोहतास फोगाट भी उपस्थित रहे। उपरोक्त संदर्भ में जो हरियाणा सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में महिलाओं और विधवा प्लाट धारकों को समय अवधि शुल्क में छूट दिए जाने की कल्याणकारी योजना 2006 में लागू की गई थी। उसे पूरे प्रदेश के अन्य सभी विभागों द्वारा अक्षरश्य समय पर लागू कर दिया गया था, लेकिन एकमात्र नगर निगम फरीदाबाद ने इस कल्याणकारी छूट की घोषणा के लाभ से महिलाओं व विधवा प्लाट धारकों को अब तक वंचित रखा हुआ है। इस विषय में संबंधित अधिकारियों से कई बार व्यक्तिगत रूप से मिलकर मौखिक एवं लिखित निवेदन किए जाने पर बार-बार आश्वासन दिये जाने के बावजूद अब तक इसे लागू नहीं किया जा रहा है। यह एक ही प्रदेश में उस सरकार द्वारा की गई घोषणाओं का अनुपालन संबंधित नगर निगम फरीदाबाद द्वारा ना किए जाने से महिलाओं और विधवा के जायज हितों व हको पर कुठाराघात है। ऐसा भेदभाव इस विभाग द्वारा नहीं किया जाना चाहिए था। पूरे प्रदेश की महिलाओं और विधवाओ को एक समान रुप से योजनाओं का लाभ अवश्य मिलना चाहिए। यहीं तर्कसंगत एवं एकसमान स्वच्छ न्याय प्रणाली का आधार है। हमारी संस्था इस पत्र के माध्यम से आपसे मांग करती है कि, आप अपने प्रभाव का इस्तमाल करते हुए तुरंत प्रभाव से इसे लागू करने के आदेश जारी कर समस्त महिलाओं एवं विधवाओं को न्याय दिलवाकर उनकी विशेष दुआओं और शुभकामनाओ के पात्र बनें। हमारी संस्था इस कार्य के लिए सदैव आपकी ऋणी रहेगी।

## कॉलेज में पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**फरीदाबाद।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा उन्नत कंप्यूटर और एनीमेशन व्यवसाय में रोजगार की संभावनाएं विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला (14 नवंबर-18 नवंबर 2022 तक) के पांचवें और अंतिम दिन वीएफएक्स प्रभाव और उनकी बढ़ती लोकप्रियता और छात्र इसमें अपना करियर कैसे बना सकते हैं पर एक वार्ता आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन 'माया एकेडमी ऑफ एडवांस्ड सिनेमैटिक्स' के सहयोग से किया गया है जिसे एमएएसी के नाम से जाना जाता है। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में महाविद्यालय इस तरह की गतिविधियों का संचालन करता रहता है। सत्र की शुरुआत कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सचिन गर्ग के स्वागत भाषण से हुई। डॉ. संजीव गुप्ता (प्रभारी विंग तृतीय) ने छात्रों को मीडिया उद्योग में बढ़ती नौकरी की संभावनाओं के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को यह भी बताया कि कॉलेज का मैक के साथ समझौता ज्ञापन है और मैच इस क्षेत्र में नौकरियों और प्लेसमेंट के संबंध में छात्रों को हर संभव सहायता प्रदान करेगा। मंच संचालन डॉ. पूजा गुप्ता ने किया। आज के सत्र में प्रोडक्शन एक्सपर्ट अंकित भाटिया और सहायक संकाय निखिल कश्यप मुख्य वक्ता थे। अंकित भाटिया ने 3डी एनीमेशन में मीडिया प्रोडक्शन और एमएएसी द्वारा पेश किए जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में बताया। छात्रों के बीच अधिकतम रुचि और जिज्ञासा उत्पन्न करने के लिए कार्यशाला में फिल्में और एनिमेशन बहुत प्रभावी थे। कार्यशाला से कुल 120 विद्यार्थियों को लाभ हुआ। सत्र अत्यधिक संवादात्मक था और पूनम शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुआ। कार्यशाला में शिखा अरोड़ा, पारुल, निशा और मधु सहित कंप्यूटर विज्ञान विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने भाग लिया। डॉ. शिल्पा गोयल, संयोजक और डॉ. सचिन गर्ग, डीन डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस के प्रयास के कारण, यह कार्यशाला सफल और सार्थक सिद्ध हुई।

## टेकचंद की पुण्यतिथि पर आठ पंखे किए दान




**बल्लभगढ़।** पीएफ डिपार्टमेंट में कमिश्नर पद से सेवानिवृत्त टेकचंद अग्रवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके परिवार ने दीवार पर लगने वाले आठ पंखे श्री वैश्य अग्रवाल समाज को दान दिए। टेकचंद अग्रवाल बहुत ही नेक दिल एवं गरीबों के काम आने वाले सामाजिक व्यक्ति थे। टेकचंद सेवानिवृत्ति के बाद श्री वैश्य अग्रवाल समाज में महासचिव पद पर अपनी अवैतनिक सेवाएं दे रहे थे। दो वर्ष पूर्व कोरोना की चपेट में आने से उनका निधन हो गया। निधन के बाद उनके ज्येष्ठ पुत्र लोकेश अग्रवाल संस्था में महासचिव पद का दायित्व निभा रहे हैं। विगत दिवस उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर उनकी धर्मपत्नी शशि अग्रवाल, उनके पुत्र लोकेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल एवं पुत्रवधू प्रेरणा अग्रवाल ने ये पंखे श्री वैश्य अग्रवाल समाज को दान दिए। उल्लेखनीय है कि उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर अग्रवाल परिवार ने दो चिकित्सीय बेड संस्था को दान में दिए थे, जिनका उपयोग जरूरतमंद लोगों द्वारा किया जा रहा है। जरूरतमंद व्यक्ति इन चिकित्सीय बेड को अग्रवाल धर्मशाला चावला कॉलोनी से निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। पंखों के दान दिए जाने के अवसर पर श्री वैश्य अग्रवाल समाज के प्रधान भगवान दास गोयल, उपप्रधान कन्हैयालाल गोयल, उपप्रधान जयकिशन गर्ग, कोषाध्यक्ष नरेश मंगला, सचिव राजेश गुप्ता, अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंगला, ललित गोयल, कन्हैया लाल गर्ग एवं सुमित मंगला उपस्थित थे। समाज के पदाधिकारियों ने पंखों के दान दिए जाने पर अग्रवाल परिवार का आभार व्यक्त किया है।

# अमेरिका में चुनाव

## रिपब्लिकनों को बढ़त

**अमेरिका** में हाल में हुए मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकनों को सदन में बहुमत मिल गया है। इसका अर्थ है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन को बाकी कार्यकाल में अपना उदारवादी एजेंडा चलाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। यह सच है कि हालांकि, अमेरिका के मध्यावधि चुनावों में 'लाल लहर' हावी नहीं हुई, पर निश्चित रूप से इसने सरकार के कामकाज में एक बाधा जरूर पैदा कर दी है। अब संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को ऐसे सदन से निपटना होगा जो स्वास्थ्य रक्षा, जलवायु परिवर्तन व बंदूकों पर नियंत्रण के उनके उदारवादी एजेंडे के पक्ष में नहीं होगा। यही मुख्य कारण है कि अमेरिका में मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटों व रिपब्लिकनों के बीच कड़ी टक्कर हुई थी। हालांकि, कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान था कि रिपब्लिकनों के पक्ष में कोई 'लहर' नहीं थी, पर सदन में शक्ति संतुलन अब निश्चित रूप से रिपब्लिकनों के पक्ष में झुक गया है। चुनाव की रात में ही स्पष्ट हो गया था कि रिपब्लिकनों को उनकी उम्मीदों के अनुरूप भारी बढ़त नहीं मिलेगी। ऐसा लगता है कि शायद उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता पर बहुत अधिक उम्मीद लगा रखी थी। अमेरिकन मध्यावधि चुनावों के परिणाम स्पष्ट रूप से संकेत देते हैं कि पूर्व राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की लोकप्रियता गायब हो रही है तथा कई चुनाव क्षेत्रों में उनके 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन'-मागा आंदोलन का असर घट रहा है। इसके साथ ही यह कंजरवेटिव-झुकाव वाले सर्वोच्च न्यायालय के



कठोर निर्णय का भी परिणाम हो सकता है जिससे जून में संघीय गर्भपात अधिकारों को समाप्त किया था। अधिकांश अमेरिकनों ने इस निर्णय को पसंद नहीं किया है। लेकिन विडंबना है कि 'गर्भपात अधिकार' आंदोलनों की व्यापक लोकप्रियता के बावजूद जनता ने रिपब्लिकनों को पूरी तरह खारिज नहीं किया। पार्टी ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के नाम पर सामाजिक सुरक्षा व चिकित्सा देखभाल में कमी की बात भी कही थी, लेकिन मतदाता इससे भी पूर्णतः हतोत्साहित नहीं हुए। लेकिन अब बहुत कुछ विधेयकों के पास होने पर निर्भर करेगा क्योंकि सदन में रिपब्लिकन प्रभावी रूप से राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा प्रस्तावित किसी प्रगतिशील विधेयक को रोक सकते हैं। यह एक प्रकार से डेमोक्रेटों का रास्ता बंद होना है और उनको अपने प्रगतिशील विचारों को कानूनी पुस्तकों में शामिल कराने के लिए प्रतीक्षा करनी होगी। इस प्रकार जलवायु परिवर्तन, शिक्षा व नस्ली समानता जैसे मुद्दों को अब संभवतः ठंडे बस्ते में डालना पड़ेगा, जबकि उनका डेमोक्रेटों के एजेंडे में केन्दीय स्थान है। इससे भी अधिक संभावना है कि अपने बहुमत के कारण रिपब्लिकन राष्ट्रपति जो बाइडेन व प्रशासन के कुछ अन्य सदस्यों के खिलाफ महाभियोग के बारे में भी सोच सकते हैं। वे सदन की जनवरी 6 समिति को भी भंग करने के बारे में सोच सकते हैं जो उनके अपने पक्षपात की जांच कर रही है। हालांकि, डेमोक्रेटों के लिए अच्छी बात है कि उनका अभी भी सिनेट पर नियंत्रण है जिससे वे जजों की नियुक्तियों की पुष्टि कर सकते हैं। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका में बना यह गतिरोध 2024 में राष्ट्रपति चुनाव के बाद भी जारी रहेगा। अमेरिका और बाकी दुनिया के लिए यह खुशी की बात है कि ट्रंप का कद अब पहले जैसा नहीं रहा और शायद यह सांत्वना की बड़ी बात है।

# अत्यधिक लाभकारी 'अगार' वृक्षारोपण

जंगल के पेड़ों व कृषि के बीच सिनर्जी पिछले 40 साल में बढ़ी है। किसानों को अगार वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहित करना बहुत लाभदायक होगा।



**वी के बहुगुणा**
(लेखक पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के पूर्व महानिदेशक हैं)



संसाधन प्रबंधन अत्यधिक संवेदनशील विषय है। हमारी समृद्ध जैव-विविधता के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए भारतीय नीति निर्माताओं को इस पर ध्यान देना चाहिए। वन प्रबंधन 150 साल पुराना विषय है। औपनिवेशिक काल में यह टिम्बर तैयार करने पर केन्द्रित था ताकि भारत में औपनिवेशिक हितों की पूर्ति के साथ ही देश में रेलवे की आवश्यकतायें पूरी हों। वर्तमान समय में भारत में वन प्रशासन का प्रमुख काम कृषि व जल सुरक्षा की आवश्यकतायें पूरी करना है। आज किसानों के सामने एक समस्या जलवायु परिवर्तन तथा अनियमित वर्षा के कारण कृषि उत्पादकता में आने वाली बाधायें हैं। खेतों के आकार छोटे होते जाने के कारण साल दर साल उत्पादकता घटती जा रही है। भारत के 86 प्रतिशत से अधिक किसान छोटे व सीमान्त हैं जिनके पास एक हेक्टर से कम कृषि भूमि है। कृषि गणना 2015-16 के अनुसार 16 से 70 प्रतिशत तक परिवार कृषि पर निर्भर हैं।

इन परिस्थितियों में किसानों की आमदनी बढ़ाने का एकमात्र रास्ता विविधीकरण है। भारत सरकार ने किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। लेकिन 2020 में तीन कृषि कानूनों के माध्यम से उठाए गए कुछ अच्छे कदमों को बड़े विवाद के कारण सरकार को वापस लेना पड़ा। इसका कारण किसानों का आंदोलन उग्र होना तथा उसमें 'राष्ट्र-विरोधी' तत्वों का प्रवेश था। इन स्थितियों में कृषि वानिकी का महत्व बहुत बढ़ जाता है। खेती के अतिरिक्त किसानों की आय बढ़ाने के लिए पेड़ लगाने का साधन महत्वपूर्ण है। जंगल में पेड़ों तथा कृषि के बीच सिनर्जी को पिछले 40 सालों में काफी महत्व मिला है। देश में औद्योगिक व निजी उपयोग के लिए लकड़ी की 85 प्रतिशत से अधिक आवश्यकता निजी कृषि फार्मों व आयात से पूरी होती है।

भारत में उगने वाले दो सर्वाधिक महत्वपूर्ण पेड़ अगर वुड व रेड सैंडर्स हैं। ये पेड़ ऐसी कुछ वृक्ष प्रजातियों में शामिल हैं जिनकी चाय, काफी, रबर व देश की अन्य नकदी फसलों की तरह खास देखभाल की जरूरत है। अगर के पेड़ सोने की खान से कम नहीं हैं क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसके तेल व लकड़ियों की भारी कीमत है। इसे 'वुड आफ गाड्स' भी कहा जाता है। लेखक ने इन पेड़ों की संभावनाओं का अध्ययन करने के लिए हाल ही में त्रिपुरा में किसानों के खेतों की यात्रा की। इस अध्ययन से राष्ट्रीय स्तर पर एक नीतिगत ढांचा बनाने में सहायता मिल सकती है। रेड सैंडर्स की चर्चा अलग से की जानी चाहिए।

त्रिपुरा की राजधानी अगरतला का नाम अगरवुड वृक्ष के कारण पड़ा है जो अगरतला शहर तथा त्रिपुरा के सभी जंगलों में बड़े पैमाने पर उगे थे। लेकिन इस विरली प्रजाति के भयंकर दोहन के कारण आज यह 'कन्वेंशन आन इंटरनेशनल ट्रेड इन इंडैजर्ड स्पीसीज़ आफ वाइल्ड फाना एंड फ्लोरा'-साइट्स की सूची में शामिल हो गया है। अगर वृक्ष एक सदाबहार प्रजाति है जिसे वैज्ञानिक रूप से एक्वीलेरिया मैलासेंसिस कहा जाता है। पहले इसे एक्वीलाफोलिया अगालोचा कहा जाता है। यह प्राकृतिक रूप से भारत व अन्य दक्षिण एशियाई व दक्षिणपूर्व एशियान देशों में उगता है। भारत में यह पश्चिम बंगाल तथा सभी पूर्वोत्तर राज्यों व सिक्किम में 3000 से 3500 फीट की ऊंचाई पर पाया जाता है। यह बहुत मूल्यवान व आसानी से उगने वाला पेड़ है और नम जलवायु स्थितियों में इसे किसानों के खेतों में उगाया जा सकता है। अगर वृक्ष केवल तभी मूल्यवान बनता है जब इस पर कीड़ों के हमले के बाद इस पर फफूंद का प्राकृतिक प्रकोप हो जाता है। ओडिशा, केरल और कर्नाटक के किसानों ने भी इसे उगाना शुरू कर दिया है। अगर के तेल और इसकी लकड़ी के टुकड़ों की सऊदी अरब, यूएई, आदि मध्यपूर्व के देशों में भारी मांग है। इसका प्रयोग सुंगध, दवायें व अन्य मूल्यवान उत्पाद बनाने में होता है। कोरिया में इससे वाइन बनाई जाती है तथा चीन में इसका प्रयोग आयोजनों में सुंदरता बढ़ाने के लिए होता है। एक किलो अगर तेल की कीमत लगभग 25 लाख तथा अगर के लकड़ी के एक किलो टुकड़ों की कीमत लगभग एक लाख रुपये है। प्राकृतिक परिस्थितियों में इसमें फफूंद का संक्रमण हो जाता है जिससे अगर में एक प्रकार का गोंद बनता है। अगर लकड़ी के टुकड़ों का प्रयोग सुगंध पैदा करने के लिए तथा तेल का प्रयोग परफ्यूम बनाने में होता है। भारत में असम व त्रिपुरा अगर लकड़ी के अंतरराष्ट्रीय व्यापार के केन्द्र हैं।

हालांकि, अगर के जंगली पेड़ों की संख्या के बारे में मोटा अनुमान भारतीय वन सर्वेक्षण ने किया था। लेकिन बाद में त्रिपुरा वन विभाग ने जीका परियोजना के अंतर्गत विशेष रूप से भर्ती किए गए 'वन मित्र' की सहायता से अनुमान लगाया कि राज्य में 54 लाख से अधिक अगर पेड़ थे। वन मित्रों को मासिक मानदेय दिया जाता है और वे वन विभाग की सहायता करते हैं। पिछले कुछ सालों में जीका परियोजना के अंतर्गत सात लाख से अधिक अगर वृक्ष किसानों के खेतों में लगाए गए हैं। 20 साल के चक्रानुक्रम में हर साल फसल काटने के लिए पांच लाख अगर पेड़ उपलब्ध होंगे, लेकिन इनमें उपलब्ध गोंद आमतौर से 20 से 22 प्रतिशत होगा। अगर में कृत्रिम संक्रमण भी काफी सफल हुआ है। भारतीय वन शोध एवं शिक्षा परिषद ने कृत्रिम संक्रमण की मानक प्रक्रिया विकसित की है जिसका प्रयोग किसान बड़े पैमाने पर कर सकते हैं। साइट्स ने भारत के लिए निर्यात कोटा 75,000 किलो अगर लकड़ी के टुकड़ों तथा 1,500 किलो तेल तय किया है, लेकिन 2021 की निर्यात नीति में बहुत अधिक नौकरशाही व लाल-फीताशाही नियंत्रणों के कारण विधिक निर्यात ठीक से नहीं हो पा रहा है। वियतनाम जैसे देशों में चैंबर्स आफ कामर्स के प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेज निर्यात के लिए काफी हैं और साइट्स इनके आधार पर परमिट दे देता है।

भारत में राज्य वन विभागों के प्रमाणपत्र निर्यात के लिए काफी होने चाहिए तथा साइट्स को सभी देशों के लिए समान प्रक्रियायें अपनानी चाहिए। विडंबना है कि हमारे देश में सिद्ध न होने तक हर चीज संदिग्ध मानी जाती है। चीजों के सही सिद्ध करने की इस सीमा के कारण अधिकारियों की संवेदनहीनता से उद्यमिता व जोश ठंडा हो जाता है। विकृत दिशानिर्देशों के कारण अन्य देश भारी मुनाफा कमा रहे हैं या व्यापार गोपनीय रूप से होता है। इसलिए दिशानिर्देशों को सरल बनाने की आवश्यकता है। हमें राजनयिक रूप से साइट्स में मौजूद भारत-विरोधी गठजोड़ों का मुकाबला करना चाहिए। विडंबना है कि हमारे शीशम जैसे पेड़ को भी साइट्स की सूची में डाला गया है, जबकि यह व्यापक रूप से सारे भारत के खेतों पर उगाया जाता है। भारत सरकार को तत्काल उपयुक्त कदम उठाते हुए अगर वृक्ष जैसी प्रजातियों को बढ़ावा देना चाहिए। इसके लिए विशेष योजनायें बनाई जानी चाहिए ताकि किसान बिना किसी कठिनाई के उपयुक्त जलवायु वाली परिस्थितियों में अगर के पेड़ लगा सकें।

एक 'नेशनल अगरवुड आफ इंडिया' की स्थापना होनी चाहिए जिसके क्षेत्रीय केन्द्र अन्य राज्यों में होने चाहिए। त्रिपुरा में इसका एक केन्द्र अवश्य बनाया जाना चाहिए क्योंकि यह राज्य किसानों में अगर वृक्षारोपण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रहा है। इसके लिए ढांचागत संरचनाओं का विकास तथा एक सुपरिभाषित 'अगरवुड नीति' की जरूरत है। हमें कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' से सबक लेना चाहिए जिसमें वाणिज्यिक बिजनेस में अगर की लकड़ी के प्रयोग के व्यापक विवरण मिलते हैं। उपयुक्त जलवायु वाले क्षेत्रों में किसानों के खेतों पर अगर वृक्षारोपण से हम उनको समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

# मानसिक स्वास्थ्य अध्ययनों में व्याप्त अनिश्चितता





**संतोष के बिसवाल** **सायंतनी बेहुरा**

बॉलीवुड फिल्म का दिल दहलाने वाला डायलॉग 'ये सुसाइड नहीं मर्डर है सर' अभी भी हमारे दिमाग में ताजा है और समय-समय पर नया होता जा रहा है। फिल्म का दृश्य शैक्षणिक माहौल में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से निपटने का तर्क देता है। रैंचो का किरदार सिल्वर स्क्रीन पर सही था और फिर भी, संवाद की प्रासंगिकता समकालीन, भयावह और उचित है। मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के खतरे को रोकने के तरीकों में से एक मजबूत अकादमिक शोध को बढ़ावा देना है। शैक्षणिक अनुसंधान समाज के प्रमुख मुद्दों को उजागर करके सीखने को बढ़ावा देता है।

हालांकि, दुनिया भर में इस तरह के शोध की कमी एक कठोर वास्तविकता बनी हुई है। इस मुद्दे के प्रति अकादमिक जांच की उदासीनता को विधिवत संबोधित नहीं किया गया है। अनुसंधान की अनिश्चित स्थिति बेरोकटोक जारी है। वर्षों से, मानसिक स्वास्थ्य पर विद्वानों के अध्ययन अधर में लटके हुए हैं। हालाँकि, कुछ शोधकर्ता यह भी सोचते हैं कि उनके शोध का क्षेत्र जीवंत है और इसमें विभिन्न पहलुओं से अधिक निवेश होना चाहिए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट है कि 2019 में, दुनिया भर में हर 8 में से 1 व्यक्ति या 970 मिलियन लोग मानसिक विकार, चिंता और अवसादग्रस्तता विकारों के साथ जी रहे थे। हालांकि, 2020 में, चिंता और अवसादग्रस्तता विकारों के साथ रहने वाले लोगों की संख्या में काफी वृद्धि हुई, जो कि कोविड-19 महामारी के आगमन के लिए धन्यवाद है, जिसने मानव जाति को अभूतपूर्व और अघोषित क्षति पहुंचाई है। केयरिंग मेंटल साइलो में नहीं रहता, बल्कि संयुक्त राष्ट्र जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इसके लिए प्रयास कर रही हैं।

एक वैश्वीकृत जगत में, एक शैक्षणिक संस्थान में वैज्ञानिक अन्वेषणों की भूमिका को उनकी स्थिरता और विकास के लिए जाना जाता है। नवाचार पर आधारित इस तरह के ज्ञान-संचालित विकास को बढ़ावा देना अत्यावश्यक है। ज्ञान की खोज किसी भी प्रकार के अनुसंधान करने के पीछे प्रेरक सिद्धांत है। शोध कार्य की गुणवत्ता सीधे कक्षा में शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया की गुणवत्ता में परिवर्तित होती है, जो आगे चलकर छात्रों, समाज और देश को भी लाभान्वित करती है। जब मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के क्षेत्र में योगदान देने के लिए किसी भी अकादमिक शोध को चुनौती दी जाती है, तो शोध और प्रकाशन की प्रक्रिया



सामने आती है। कई शोधकर्ताओं के दृष्टिकोण के अनुसार, अनुसंधान के क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य पर विद्वानों का अध्ययन घटिया और धीमी गति का है, और कुछ मुद्दों से जूझ रहा है। यह किसी देश तक सीमित नहीं है; बल्कि इस तरह के अकादमिक दोष ने वैश्विक स्तर पर अकादमिक बिरादरी को दूषित कर दिया है। साहित्य समीक्षा से लेकर प्रकाशन तक वैज्ञानिक जांच या शोध प्रक्रिया कमियों से ग्रस्त है। विद्वानों के शोध की प्रक्रिया में साहित्य समीक्षा की अपनी स्थिति है। हालांकि, कई विद्वानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि मौजूदा साहित्य विभिन्न आयामों से पर्याप्त नहीं है। जब अनुसंधान पद्धति की बात आती है, तो कुछ संरचनात्मक बाधाओं के कारण विषय पर डेटा संग्रह तार्किक नहीं होता है। अधिकतर, मात्रात्मक दृष्टिकोण में अध्ययन किए गए हैं, और विषय के लिए मजबूत गुणात्मक दृष्टिकोण पर जोर नहीं दिया गया है। विकसित देशों की तुलना में विकासशील देशों के पास पर्याप्त प्रकाशन क्षेत्र नहीं हैं। विकासशील देशों में कई अंत:विषय पत्रिकाएँ मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर न्यूनतम ध्यान नहीं दे रही हैं। समीक्षकों की हमेशा कमी रहती है। दोबारा, संभावित समीक्षक डोमेन में उपलब्ध नहीं हैं।

किसी विशेष क्षेत्र में कुशल अनुसंधान पर्यवेक्षकों की कमी जैसे कारक अकादमिक अनुसंधान की प्रक्रिया में एक बाधा बने हुए हैं। मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती के विषय पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नई तकनीकों के प्रभाव के बारे में कुछ विद्वान सूक्ष्म नहीं हैं। गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने के लिए धन की आवश्यकता होती है। शैक्षणिक कैरियर संरचना और अनुसंधान निधि के लिए आवंटन प्रक्रिया अनिवार्य रूप से विद्वानों के बीच योग्यता आधारित प्रतियोगिता को दर्शाती है।

कहने की जरूरत नहीं है, मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती चर्चा का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन का स्पष्ट आह्वान 'मानसिक स्वास्थ्य और सभी के लिए एक वैश्विक प्राथमिकता बनाएं' वर्तमान वर्ष के लिए अच्छी तरह से योग्य है। यदि अनुसंधान और अभ्यास साथ-साथ चलते हैं तो मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना अधिक व्यावहारिक होगा और मानसिक कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण बनाए रखा जा सकता है। अकादमिक अनुसंधान की पूरी प्रक्रिया और प्रक्रिया स्वस्थ, नैतिक और मानव जाति के अधिक से अधिक हित के लिए अग्रणी होनी चाहिए।

मानसिक आवश्यकताओं पर विद्वतापूर्ण अध्ययन की प्रक्रिया को संतुलित, महत्वाकांक्षी और सचेतन होना चाहिए। मानसिक मुद्दों के बच्चों, लिंग और भूगोल को संबोधित करने की जरूरत है। विकासशील देशों को विकसित देशों के समान प्रकाशन करना चाहिए। नीतिगत प्रभावों, समुदाय स्तर के मुद्दों और बहु-विषयक विचारों पर चर्चा को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। अनुसंधान में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित एकीकृत देखभाल, साक्ष्य-आधारित प्रथाओं, सांस्कृतिक कारकों और नैतिक और नियामक विचारों पर विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, यह सभी हितधारकों से मानसिक स्वास्थ्य को दिए गए मूल्य और प्रतिबद्धता को गहरा करने के लिए एकजुट होकर काम करने, मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले अनुसंधान वातावरण को नया रूप देने और मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने वाली प्रणालियों को मजबूत करने का आह्वान करता है।

## आप की बात

### सावरकर पर वार

**राहुल** गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महाराष्ट्र में कहा कि सावरकर ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अंग्रेजों की मदद की थी। वही वीर सावरकर जिन्होंने एक दशक से भी ज़्यादा समय काला पानी की सजा भुगती, जिन्हें अंग्रेजों ने भारतीय छात्रों को ब्रिटिश उपनिवेश के ख़िलाफ़ प्रोत्साहित करने के जुर्म में लंदन से गिरफ्तार किया व स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के कारण उनकी ग्रैजूएशन की डिग्री भी वापस ले ली। राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेन्स करके सावरकर की ब्रिटिश सरकार को लिखी एक चिट्ठी दिखाते हुए कहा कि इसमें उन्होंने अपने को अंग्रेजों का आज्ञाकारी कहा,परंतु इस तरह के पत्र स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भारत के कई नेताओं ने लिखे थे और देश परतंत्र होने के कारण इसका एक मसौदा होता था तभी यह पत्र स्वीकार हो सकते थे, और पत्र के केवल कुछ अंश दिखाकर वह सावरकर को अंग्रेजों का आज्ञाकारी घोषित करना चाहते हैं और वह भी उस महाराष्ट्र में जहां उनको वीर स्वतंत्रता सेनानी माना जाता है। पार्टियों में वैचारिक मतभेद अलग बात है परंतु शीर्ष नेताओं द्वारा प्रेस बुलाकर एक ऐसे व्यक्ति की छवि धूमिल करना जिसने अपना सारा जीवन देश के लिए न्योछावर कर दिया, दुर्भाग्यपूर्ण है।

– **पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

### न्यायाधीशों की नियुक्ति

**भारत** में कोलेजीयम के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति पर लगातार प्रश्न खड़े होने के कारण यह प्रक्रिया एक बड़ी बहस का मुद्दा बन गया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली बेंच ने इस विषय पर दाखिल याचिका पर सुनवाई के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है। हालांकि 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग की गठन की मांग को खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट की यह चिंता वाजिब है कि केलीजियम का मकसद राजनीतिक दखलअंदाजी से इस प्रक्रिया को अलग रखना था। भारत में पहले से ही सिविल सेवा के लिए संघ लोक सेवा आयोग है जो कि एक सफल प्रक्रिया है इसलिए जजों की नियुक्ति के लिए आयोग का गठन जरूरी है को स्वतंत्र हो एवम पारदर्शी हो। वर्तमान प्रक्रिया पर भाई भतीजावाद और परिवारवाद के आरोप भी लगते रहे हैं जिसका समाधान निकालना बेहद जरूरी है। भारत में न्यायपालिका का बहुत बड़ा महत्व है आज भी भारतीय जनमानस में न्यायपालिका के प्रति श्रद्धाभाव है और विश्वास रखते हैं। यदि विधायिका या प्रशासनिक व्यवस्था में न्याय नहीं मिलता है तो न्यायपालिका में न्याय जरूर मिलेगा, इस विश्वास को और मजबूत करना होगा।

– **वीके जाटव**, दिल्ली

### आजकल की राजनीति

**आजकल** की राजनीति में तेरा... मेरा... कुछ ज्यादा ही चल रहा है । मेरे गांधी, मेरे सावरकर, मेरे अंबेडकर, मेरे भगत सिंह, मेरे वल्लभभाई पटेल या वगैरह-वगैरह...! देश के लिए कुर्बानी देने वाले व हित में काम करने वाले, चाहे आम हो या खास सभी हम सबके हैं, वे केवल कांग्रेस, भाजपा, आम आदमी पार्टी के ही नहीं है! रामायण में लिखा गया है बीती ताहि बिसार दे, आगे की सुधि लें, मगर दुखद बात है कि सियासत में वर्तमान बुनियादी मुद्दों पर काम करने, काम करके दिखाने की बजाय निरर्थक बहसों के द्वारा देश व जनहित के मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है। तेरे, मेरे करने से देश/जन मजबूत नहीं बनता है। बुनियादी मुद्दों पर पर ठोस काम करने से ही देश (जनता) मजबूत होगा। सियासत करना है तो मुद्दों पर कीजिए, गड़े मुर्दों को उखाड़ने से कोई फायदा नहीं है! आखिर सियासत करने वाले बेतुके/निरर्थक मुद्दों से मुंह क्यों नहीं मोड़ते? वर्तमान राजनीतिक हालतों को देखते हुए तो सहज रूप से कहा जाता है कि देश को गड्ढे में ही धकेला जा रहा है!

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मैं** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी घोषित करने जा रहा हूं।

– **डोनाल्ड ट्रंप**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

**डोनाल्ड** ट्रंप ने संयुक्त राज्य अमेरिका को नीचा दिखाने का काम किया है।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**किसानों** की मूल आवश्यकतायें डीजल, पेट्रोल व गैस सिलिंडर हैं, लेकिन सरकार इनके दामों पर लगाम लगाने में विफल रही है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# सीमावर्ती इलाकों में सुविधाओं के साथ की जाए सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्थाः योगी

## बार्डर मैनेजमेंट पर प्रमुख सचिव गृह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समीक्षा, दस दिनों के भीतर मांगा विस्तृत प्लान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़े राज्यों व नेपाल सीमा से जुड़े प्रदेश के सीमावर्ती इलाको में आधारभूत अवस्थापना सुविधाओं यथा सड़क, बिजली, पानी, सुरक्षा, संचार आदि के विकास एवं सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस कार्य के लिये किसी भी प्रकार से धन की कमी आड़े नही आएगी।



मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद की अध्यक्षता में लोक भवन स्थित कमांड सेण्टर में बार्डर मैनेजमेन्ट के संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संबंधित विभागों से राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास एवं अवस्थापना सुविधाओं को उपलब्ध कराने में अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई एवं इस दिशा में भविष्य की योजनाओं के संबंध में 10 दिवस के अंदर शासन द्वारा आख्या मांगी गई है। शासन द्वारा इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि जहां कही भी किसी प्रकार की कमी नजर आए उसपर त्वरित कार्रवाई करने के लिए प्राथमिकता दी जाए। प्रमुख सचिव गृह ने कहा कि इन सीमावर्ती इलाकों का सुनियोजित विकास व सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरूस्त व सुदृढ़ बनाए जाने के लिए इन क्षेत्रों में नए, प्रतिभावान, ऊर्जावान व सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाले अधिकारियों की तैनाती को प्राथमिकता दी जाण ताकि यह अधिकारी क्षेत्र की संवेदनशीलता को और बेहतर ढंग से समझकर अपना सार्थक योगदान दे सके। संजय प्रसाद ने कहा कि हमारा सबका प्रयास होना चाहिए कि इन क्षेत्रों का भी अन्य स्थानों की भांति तीव्र गति से विकास सुनिश्चित किया जाए। पर्यटन विभाग से अपेक्षा की गयी है कि वह इन क्षेत्रों में पर्यटन की नई संभावनाएं तलाश कर उसके लिए विशेष प्रयास करे। सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीण इलाकों में समय समय पर ग्रामीण त्यौहार व हाट आदि के माध्यम से इन क्षेत्रों में और अधिक जन चेतना विकसित करने के प्रयास किए जाएं। बैठक में जानकारी दी गई कि शासन द्वारा सीमावर्ती इलाकों में सुदृढ़ एवं चुस्त दुरूस्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में भी प्रभावी प्रयास किए जा रहे है। इसके लिए थाना स्तर को ड्रोन सहित अन्य सभी अत्याधुनिक जरूरी संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पुलिस की गतिशीलता बढ़ाने के लिए आवश्यकतानुसार वाहनों की संख्या भी बढ़ाए जाने की दिशा में गंभीरता से प्रयास किए जा रहे है। भारत सरकार के सुरक्षा बलों के अधिकारियों के साथ प्रदेश पुलिस बल के अधिकारियों द्वारा बेहतर समन्वय के साथ संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग आदि लगातार किए जाने पर विशेष बल दिया गया है।



राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट करतीं भाजपा नेत्री अपर्णा यादव

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से प्रदेश के आर्थिक व औद्योगिक विकास को मिलेगी रफ्तारः नंदी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा है कि फरवरी 2023 में यूपी में होने जा रही ऐतिहासिक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से प्रदेश के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को तेज रफ्तार मिलेगी एवं प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि आज माफियामुक्त, भ्रष्टाचारमुक्त उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरे देश में एक मिसाल बनी है।

नंदी शुक्रवार को लखनऊ में एक कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पिछड़ेपन के दौर से आगे निकल कर विकास के एक्सप्रेसवे पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। हर गुजरते दिन के साथ उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास और आर्थिक प्रगति के नए अध्याय लिख रहा है। उन्होंने कहा कि अगर आज भारत पूरी दुनिया में इन्वेस्टमेंट के लिए सबसे अच्छा डेस्टीनेशन है तो भारत में उत्तर प्रदेश इन्वेस्टमेंट के सबसे अच्छे डेस्टीनेशन के रूप में उभरा है। 3 जून 2022 को सम्पन्न हुई प्रदेश की तीसरी ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में 80224 करोड़ की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास उत्तर प्रदेश में निवेशकों के बढ़ते भरोसे व विश्वास का प्रमाण है। प्रदेश के चहुंमुखी औद्योगिक विकास के साथ-साथ निवेशकों के हितों एवं सहूलियतों का संरक्षण हमारी प्राथमिकता है। नंदी ने कहा कि हाईवेज, एक्सप्रेसवेज, एयरपोर्ट, डिफेंस कॉरिडोर, फू ड पार्क, लाजिस्टिक पार्क, ट्वाय पार्क, डाटा सेंटर नये भारत के नये उत्तर प्रदेश की नई पहचान बनकर उभरे हैं। यातायात की सुविधा, ट्रांसपोर्टेशन की सुगमता एवं प्रदेश के महानगरों के बीच एयर कनेक्टिविटी ने भी प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेशकों को आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश प्राकृतिक रूप से बेहद सम्पन्न एवं समृद्ध राज्य है। उद्योगों के लिए पर्याप्त आवश्यक रॉ-मैटेरियल की उपलब्धता, बड़ी मात्रा में उपलब्ध कुशल मानव संसाधनए उन्नत तकनीकी दक्षता एवं खपत के लिए बड़ा बाजार होने के कारण प्रदेश में इन्वेस्टमेंट के लिए बेहद अनुकूल परिस्थितियां एवं अपार संभावना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास को एक नई गति देने के लिए आगामी फरवरी 2023 में प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा एवं ऐतिहासिक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित होने जा रहा है। जीआईएस 2023 के लिए हमने 10 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अगले माह कैबिनेट के मंत्रीगण जीआईएस 2023 को सफल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न देशों में आयोजित होने वाले रोडशो में सम्मिलित होंगे। प्रस्तावित रोडशो के दौरान दुनिया की तमाम लीडिंग कंपनियों और उनके सक्षम अधिकरियों से द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से प्रदेश में निवेश आकर्षित करने में सहायता मिलेगी।

# अयोध्या में राम मंदिर बनने से पहले पूरी होनी चाहिए फ्रॉम टैप योजनाः दुर्गा शंकर

## राज्य स्तरीय उच्चाधिकार संचालन समिति की बैठक में 1600 करोड़ रुपए लागत की 24 परियोजनाओं को दी गई मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने से पहले ड्रिंक फ्रॉम टैप योजना पूरी हो जानी चाहिए, इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव शुक्रवार को लखनऊ में राज्य स्तरीय उच्चाधिकार संचालन समिति की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक मे ट्रैंच-1 के तहत गाजियाबाद में सीवरेज योजना (करहैड़ा जोन) के लिए 55013.77 लाख रुपए, ट्रैंच-1 गाजियाबाद के वार्ड-46 पेयजल योजना, फेज-1 के लिए 658.18 लाख रुपए, ट्रैंच-1 श्रावस्ती के इकौना नगर पंचायत में पेयजल पुर्नगठन योजना के लिए 1391.60 लाख रुपए, ट्रैंच-1 बाराबंकी के फतेहपुर नगर पंचायत में पेयजल योजना के लिए 5102.86 लाख रुपाए, बहराइच के कैसरगंज नगर पंचायत में पेयजल योजना के लिए 4205.99 लाख रुपए, ट्रैंच-1 मेरठ के खरखौदा नगर पंचायत में पेयजल पुर्नगठन योजना के लिए 1559.99 लाख रुपए, ट्रैंच-12 मेरठ के करनावल नगर पंचायत में पेयजल पुर्नगठन योजना के लिए 1506.02 लाख रुपए, ट्रैंच-1 मेरठ के परीक्षितगढ़ नगर पंचायत में पेयजल पुर्नगठन योजना के लिए 2280.49 लाख रुपए, ट्रैंच-1 इटावा के भरथना नगर पालिका परिषद में पेयजल पुर्नगठन योजना के लिए 1117.09 लाख रुपए ट्रैंच-1 कानपुर देहात के राजपुर नगर पंचायत में पेयजल पुर्नगठन योजना के लिए 1397.87 लाख रुपए, ट्रैंच-1 बरेली के फतेहगंज पूर्वी नगर पंचायत में पेयजल पुर्नगठन योजना के लिए 1193.65 लाख रुपए, ट्रैंच-1 बरेली के मीरगंज नगर पंचायत में पेयजल पुर्नगठन योजना के लिए 1386.21 लाख रुपए, ट्रैंच-1 बरेली के विशारतगंज नगर पंचायत में पेयजल पुर्नगठन योजना के लिए 1404.09 लाख रुपए, ट्रैंच-1 बरेली के सेंथल नगर पंचायत में पेयजल पुर्नगठन योजना के लिए 1296.64 लाख रुपए, ट्रैंच-1 औरैया के बाबरपुर अजीतमल नगर पंचायत में पेयजल पुर्नगठन योजना के लिए 2728.62 लाख रुपए सहित कुल 159273.67 लाख रुपए की कुल 24 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास रंजन कुमार, एमडी जल निगम अनिल कुमार, संयुक्त प्रबंधक निदेशक जल निगम अमित कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ

## 30 नंवबर तक प्रदेश की सभी सड़कें हो जाएं गड्ढामुक्तः मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने निर्देशित किया कि आगामी 30 नवंबर तक उत्तर प्रदेश की सभी सड़के गड्ढा मुक्त हो जाएं। यूपी विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 5 दिसंबर से शुरु होने जा रहा है उससे पहले सड़कों की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य अवश्य पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क की बेहतर कनेक्टिविटी प्रगति का माध्यम होती हैं। गांव हो या शहरए अच्छी सड़कें आम जनमानस का अधिकार है। सड़के सिंगल लेन की हो अथवा दो, चार या छह लेन की, उसकी गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए।

इसके साथ ही समय-समय पर इनके गुणवत्ता की जांच भी की जाए।



उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय मार्ग, एनएचएआई (वेस्ट यूपी), एनएचएआई (ईस्ट यूपी), मंडी, पंचायती राज, सिंचाई विभाग, ग्राम्य विकास, नगर विकास, गन्ना विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन, अवस्थापना एवं औद्यौगिक विकास विभाग एवं कार्यदायी संस्थाओं के समस्त श्रेणी के लगभग 401025 किमी लंबाई के मार्ग हैं। जिनकी गड्ढामुक्ति का अभियान मानसून के पश्चात् हर साल चलाया जाता है। बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविन्द कुमार, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव लोक निर्माण नरेंद्र भूषण, सचिव लोक निर्माण अजय चौहान, सचिव नगर विकास रंजन कुमार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पीपुल्स रिपब्लिक पार्टी के संयोजक व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस में शामिल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों से प्रभावित होकर पीपुल्स रिपब्लिक पार्टी के संयोजक एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार श्रीवास्तव और मुकेश पाल वासन उर्फ टार्जन के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारियों ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर संगठन महासचिव दिनेश सिंह ने सदस्यता ग्रहण कराते हुए कहा कि नव संकल्प के माध्यम से उप्र में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की दिशा में प्रवीण कुमार श्रीवास्तव व मुकेश पाल वासन उर्फ टार्जन आदि जमीनी नेताओं के शामिल होने से ताकत मिलेगी।

# गुजरात चुनाव पर्यवेक्षक पद से हटाए गए यूपी कैडर के आईएएस अभिषेक सिंह

## सोशल मीडिया पर पब्लिसिटी स्टंट करना पड़ा भारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/ लखनऊ

**गुजरात** विधानसभा चुनाव में पर्यवेक्षक पद पर ड्यूटी में तैनात किए गए यूपी कैडर के आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह को सोशल मीडिया पर पब्लिसिटी स्टंट करना भारी पड़ा। उनके द्वारा इंस्टाग्राम पर अपने आधिकारिक कार्यों से संबंधित तस्वीरें पोस्ट किए जाने को चुनाव आयोग ने गंभीरता से लेते हुए सामान्य पर्यवेक्षक पद से हटा दिया।

आयोग ने शुक्रवार को गुजरात के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को कड़े शब्दों में लिखे एक पत्र में कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा में यूपी कैडर के 2011 बैच के अधिकारी अभिषेक सिंह ने सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में अपनी नियुक्ति की जानकारी साझा करने के लिए सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम का इस्तेमाल किया और अपने आधिकारिक पद का इस्तेमाल पब्लिसिटी स्टंट (प्रचार हथकंडे) के लिए किया। सूत्रों ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने सीईओ से उक्त अधिकारी द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरें भी साझा की। सूत्रों ने पत्र का हवाला देते हुए बताया कि आयोग ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया और उन्हें सामान्य पर्यवेक्षक की भूमिका से तत्काल मुक्त कर दिया। सिंह ने अपने ट्विटर अकाउंट पर अपनी पहचान में खुद को आईएएस के अलावा एक जन सेवक, कलाकार और सामाजिक उद्यमी बताया है। उन्होंने ट्विटर पर भी उन तस्वीरों को साझा किया है, जो उन्होंने इंस्टाग्राम पर साझा किया था। आयोग के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए सिंह ने ट्वीट किया कि वह आयोग के निर्णय को पूरी विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि उनके पोस्ट में कुछ भी गलत नहीं है और वह न तो प्रचार है और न ही स्टंट। आयोग ने अगले आदेश तक उस अधिकारी को चुनाव संबंधी कोई भी जिम्मेदारी सौंपे जाने पर रोक लगा दी है। सूत्रों के मुताबिक उक्त अधिकारी को उस निर्वाचन क्षेत्र को छोड़ने का भी निर्देश दिया गया है, जहां की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई थी। अधिकारी से कहा गया है कि वह अपने मूल कैडर में अपने नोडल अधिकारी को रिपोर्ट करें। इस अधिकारी से बतौर पर्यवेक्षक मिलने वाली सारी सुविधाएं भी वापस ले ली गई हैं। सूत्रों ने बताया कि उक्त अधिकारी की जगह एक अन्य आईएएस अधिकारी को संबंधित विधानसभा क्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह अपनी गाड़ी के साथ खड़े हैं और उस पर ऑब्जर्वर लिखा हुआ है। फोटो कैप्शन में लिखा है 'गुजरात चुनाव के लिए पर्यवेक्षक के रूप में अहमदाबाद में शामिल हुए।

एक जनपद, एक खेल योजना

# यूपी के दस जिलों में खेल परिवर्तन के लिए भेजे प्रस्ताव पर केंद्र ने दी सैद्धांतिक सहमति



### ● एसीएस खेल डॉ. नवनीत सहगल ने 15 दिनों के अंदर संबंधित 10 जिलों में कोच नियुक्त करने के निर्देश दिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप भारत सरकार ने 'एक जनपद एक खेल' योजना के अंतर्गत प्रदेश के 10 जनपदों में खेल परिवर्तन के लिए भेजे गए प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति दे दी है। अपर मुख्य सचिव खेलए डॉ. नवनीत सहगल ने 15 दिवस के अंदर इन सभी 10 जनपदों में कोच की नियुक्ति करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

डॉ. सहगल ने बताया कि 'एक जनपद एक खेल' योजना के तहत जनपद मथुरा में कुश्ती खेल के लिए स्वीकृत प्राप्त हुई है। पहले यहां जूडो खेल स्वीकृत था। इसी प्रकार जनपद बलिया, अम्बेडकरनगर, फतेहपुर तथा कानपुर देहात में एथलेटिक्स खेल संबंधी प्रस्ताव पर सहमति मिली है। इन जनपदों में पहले बैडमिण्टन खेल स्वीकृत था। इसके अतिरिक्त जनपद बहराइच में बैडमिण्टन के स्थान पर फुटबाल, गोण्डा में बैडमिण्टन के स्थान पर हॉकी, श्रावस्ती में बैडमिण्टन के स्थान पर कबड्डी, झांसी में एथलेटिक्स के स्थान पर हॉकी एवं लखीमपुर खीरी में बैडमिण्टन के स्थान पर हॉकी खेल के लिए सहमति प्राप्त हुई है।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि 'एक जनपद एक खेल' योजना के अंतर्गत खेलो इण्डिया सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। प्रदेश के 10 जनपदों में खेल परिवर्तन के लिए प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया था। भारत सरकार द्वारा प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी गई। साथ ही भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया है कि इसकी औपचारिक स्वीकृति शीघ्र ही उपलब्ध करा दी जाएगी और सभी 10 जिलों में प्रस्तावित खेलों के अनुसार कोच की प्रक्रिया प्रारंभ कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसी क्रम में प्रस्ताव के अनुसार जनपद व मण्डल में तैनात विभागीय अधिकारियों को समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए प्रस्तावित खेलों में खेलो इण्डिया सेंटर के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## अभियान चलाकर युवक व महिला मंगल दल का होगा गठन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के सभी जिलों में अभियान चलाकर युवक एवं महिला मंगल दलों का गठन किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर अभियान चलाकर मंगल दलों के गठन की कार्रवाई कर शासन को अवगत कराने के लिए पत्र भेजा है।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश की 58189 ग्राम पंचायतों में 116378 युवक एवं महिला मंगल दलों का गठन किया जाना है।



जिसके सापेक्ष 47510 युवक एवं 42539 महिला मंगल दलों का गठन कराया जा चुका है जबकि 10679 युवक तथा 15650 महिला मंगल दलों का गठन किया जाना अवशेष है। जनपद स्तर पर एक विशेष अभियान चलाकर ग्राम पंचायत स्तर पर अवशेष युवक एवं महिला मंगल दलों का गठन किया जाएगा।

डॉ. सहगल ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर 15 से 35 आयु वर्ग के युवाओं को संगठित कर युवक एवं महिला मंगल दलों का गठन कराया जाता है। इन युवक एवं महिला मंगल दलों द्वारा राष्ट्रीय एवं सामाजिक महत्व के कार्यक्रमों यथा रक्तदान, टीकाकरण, खेलकूद, पौधरोपण, जैविक खेती, पुस्तकालय, जल संचयन साक्षरता एवं केन्द्र तथा राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में योगदान किया जाता है।

# निधि गुप्ता का हत्यारोपी सूफियान मुठभेड़ में गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ के निधि गुप्ता हत्याकांड में फरार इनामी आरोपी सूफियान को पुलिस ने दुबग्गा इलाके में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। जिसके बाद पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। सूफियान पर जबरन धर्म परिवर्तन कराने का दबाव बनाने और निधि की हत्या का आरोप है। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने सूफियान पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस को लगातार सूफियान की तलाश थी। इस बीच आरोपी को दुबग्गा इलाके से पुलिस मुठभेड़ से गिरफ्तार किया गया। पीड़ित परिजनों ने सूफियान पर निधि को छत से फेंकने का आरोप लगाया था। निधि की मौत के बाद से सूफियान फरार था। बता दें कि दुबग्गा की डूडा कॉलोनी में 19 वर्षीय निधि परिवार सहित रहती थी। उसका पास के ब्लॉक नंबर-40 में रहने वाले सूफियान नाम के युवक से परिचय था। पुलिस के मुताबिक, कुछ दिन पहले सूफियान ने उसे मोबाइल फोन दिया था। यह बात परिजनों को पता चल गई। इसकी शिकायत करने वे सूफियान के घर पहुंचे, तो दोनों परिवारों में कहासुनी हुई। इसी बीच युवती छत पर चली गई। उसके पीछे-पीछे सूफियान भी गया। इसी दौरान अचानक से चौथी मंजिल से निधि के गिरने की आवाज सुनाई दी। लोगों ने देखा तो निधि खून से लथपथ सड़क पर पड़ी थी। परिजन बेहोशी के हालत में तत्काल उसे ट्रामा सेंटर लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि सूफियान ने निधि को छत से नीचे फेंक दिया। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

## वीएचपी और बजरंग दल ने प्रदर्शन कर सूफियान को फांसी देने की मांग की



**लखनऊ।** निधि-सूफियान कांड में लव जेहाद का मामला सामने आने पर शुक्रवार को विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन चौक पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता आरोपी सूफियान को फांसी देने की मांग कर रहे थे।

## लखनऊ के प्रभारी मंत्री निधि के परिजनों से मिले, दिया हर संभव मदद का भरोसा

**लखनऊ** के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल शुक्रवार को दुबग्गा की डूडा कालोनी में पहुंचकर निधि गुप्ता के शोकाकुल परिवार से मिले व शोक संवेदना प्रकट की। मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी व सरकार द्वारा पीड़ित परिजनों को हर संभव मदद दिलाई जाएगी। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मौके पर ही जिलाधिकारी लखनऊ से दूरभाष के माध्यम से वार्तालाप कर पीड़ित परिवार की सहायता के दिशा निर्देश दिए।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 19 नवंबर, 2022



निकाय चुनाव में तो बच जायेगी प्रधानों की प्रधानी!...

# निर्धारित समय पर निकाय चुनाव में सीमा विस्तार होना मुश्किल

● 4 नगर पालिकाओं की 4 दर्जन ग्राम पंचायतों को सीमा विस्तार में शामिल करने का है प्रस्ताव, शासन से अभी तक सीमा विस्तार का नहीं हो सका है अंतिम प्रकाशन, सीतापुर, लहरपुर, बिसवां और खैराबाद में होना था सीमा विस्तार

● सीमा विस्तार होने को लेकर प्रधानों में भाजपा के प्रति है गुस्सा, 2024 लोकसभा चुनाव में नुकसान का भाजपा को हुआ भान

संवाददाता। सीतापुर

**निर्धारित समयावधि** में यदि निकाय चुनाव होते हैं तो सीतापुर के 4 दर्जन ग्राम प्रधानों की प्रधानी बच सकती है। यदि चुनाव बढ़ता है तो इन प्रधानों की प्रधानी जाने की ज्यादा संभावनाएं रहेंगी। चुनाव, निकाय से जुड़ा है, लेकिन नींद प्रधानों की हराम है, दरअसल भारतीय जनता पार्टी निकाय चुनाव में फतह करने के लिए गेटिंग-सेटिंग का फार्मूला अपना रही है। नगर पालिका हो या नगर पंचायत का सीमा विस्तार करने में जुटी हुई है। सीतापुर की 6 नगर पालिका और 5 नगर पंचायतों में से महमूदाबाद नगर पालिका और नगर पंचायत तंबौर, हरगांव एवं महोली का सीमा विस्तार हो चुका है। यहां अंतिम प्रकाशन भी किया जा चुका है, लेकिन 4 नगर पालिकाओं सीतापुर, खैराबाद, लहरपुर, बिसवां का अंतिम प्रकाशन नहीं हो सका है। इन चारो नगर पालिकाओं में सीमा विस्तार के लिए जिन ग्राम पंचायतों को जोड़ने की कवायद चल रही है, वहां के ग्राम प्रधानों की नींद हराम है। हालांकि जिला स्तर से सारी कार्रवाई पूरी हो चुकी है, शासन से सीमा विस्तार का अंतिम प्रकाशन होना बाकी है, लेकिन इस बीच वार्डों के आरक्षण को पूरा कर शासन को भेजा जाना यह साबित कर रहा है कि अब इन चार नगर पालिकाओं का सीमा विस्तार फिलहाल नहीं होगा क्योंकि वार्डों के आरक्षण पर बहुत जल्द ही शासन स्तर से मुहर लग जायेगी और शासन स्तर से पालिकाध्यक्षों के आरक्षण की प्रक्रिया भी अंतिम दौर में चल रही है। ऐसे में फिलहाल प्रधानों को बड़ी राहत मिलती दिखाई दे रही है क्योंकि अगर सीमा विस्तार में ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया तो यहां के प्रधानों का कार्यकाल सिर्फ मार्च 2023 तक ही रहेगा। सभी जानते हैं कि प्रधान का चुनाव कितना खर्चीला होता है अभी उनका डेढ़ साल का कार्यकाल हुआ है। प्रधानों ने अपनी प्रधानी बचाने के लिए जनप्रतिनिधियों से लेकर सरकार तक दौड़ भाग लगायी, न्यायालय तक का दरवाजा खटखटाया। प्रधानों का भाजपा सरकार के प्रति गुस्सा बढ़ने लगा। बताया जाता है कि 2024 लोकसभा चुनाव में प्रधानों की नाराजगी से होने वाले नुकसान को भाजपा ने भांप लिया है। शायद यही कारण है कि सीमा विस्तार में ग्राम पंचायतों को शामिल करने की तेजी में एकाएक सुस्ती देखने को मिली है। अब हम आपको यह भी बता दें कि सीतापुर नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तार में जिन 17 ग्राम पंचायतों को शामिल किए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है उनमें कनवाखेड़ा, नैपालापुर, टेड़वा चिलौला, तरीनपुर, महमूदपुर, अकबरपुर, सरैंया मलुही, पीतपुर, बिजवार खुर्द, धनीपुर, अहाता कसान, सहसापुर, भवानीपुर विलियम साहब, खूबपुर, लक्ष्मन नगर, इलसिया ग्रन्ट, बड़ौरा शामिल हैं। इसी तरह खैराबाद नगर पालिका परिषद की 11 ग्राम पंचायतें पाठकपुर, कनायतपुर, माखूपुर, अकबरपुर, मुलायमपुर, लड्डूपुर, बाराभारी, सोहरहिया, टकपुरवा, कमाल सरांय, असोढर, जमैय्यतपुर, ललियापुर, टिकरिया, विशुन नगर, अर्जुनपुर को शामिल किया गया है। बिसवां नगर पालिका परिषद में ग्राम पंचायत बिसवां देहात, जमालपुर, अमर नगर, बेनीपुर, करीमपनाह, सरैंया मिर्जापुर, जनुआपुर को आंशिक रूप से शामिल किया गया है। लहरपुर नगर पालिका परिषद में ग्राम पंचायत टांडा सालार, प्रहलादपुर, रूढ़ा भवनाथपुर, रायपुर गंज, लक्षन नगर, नवीन नगर, खानपुर सादात, बनकट, नयागांव बेहटी, राजापुर, हटिया हवेली को शामिल कर सीमा विस्तार का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। नगर निकाय के प्रस्तावित दिसम्बर में यदि चुनाव होते हैं तो इन ग्राम पंचायतों का नगर पालिका में सीमा विस्तार होने की गुंजाइश कम है, ऐसे में इन ग्राम पंचायतों के प्रधानों की प्रधानी बचे रहने की संभावनाएं ज्यादा हो गयी हैं। दूसरी तरफ सीमा विस्तार और नये परिसीमन के बाद आरक्षण में मनमुताबिक सीट होने को लेकर जिन नेताओं के मुंह में रसगुल्ले फूट रहे थे उन्हें मिर्ची लगना तय माना जा रहा है। सूत्रों की माने तो 20 नवम्बर के आस-पास वार्डों और अध्यक्षों का आरक्षण लागू हो सकता है।

## कल नैमिषारण्य आयेंगे महामंडलेश्वर स्वामी विद्यानंद सरस्वती

संवाददाता। सीतापुर

**गुजरात प्रांत** वरूमाल आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विद्यानंद सरस्वती 20 नवंबर को सीतापुर के नैमिषारण्य आएंगे। इस दौरान उनके द्वारा प्रातः 9 बजेनगर सिधौली के श्री सिद्धेश्वर मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन किया जाएगा। वह यहां करीब एक घंटा तक ठहरेंगे। इसके बाद नैमिष प्रस्थान करेंगे। इस आशय की जानकारी महामंडलेश्वर के शिष्य स्वामी प्रकाशानंद सरस्वती ने दी। उन्होंने बताया कि महामंडलेश्वर के स्वागत के लिए राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, वरूण शुक्ला, पूर्व चेयरमैन गंगाराम राजपूत, कन्हैयालाल दीक्षित, पंकज मिश्रा, अनिल मिश्र, विपिन मिश्र, अनूप श्रीवास्तव, पुष्कर गुप्ता, पंकज अवस्थी, जगत शुक्ला, विजय शर्मा, अजय श्रीवास्तव, शिवसागर दीक्षित, रोमेश शुक्ला, हरि जायसवाल, अनूज मिश्र, जयप्रकाश मिश्र, टींकू गुप्ता, राधे राजपूत, रामनरेश राजपूत आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# मनमुताबिक आता है आरक्षण तो यह दिग्गज भी लड़ेंगे चुनाव!

● पूर्व सांसद से लेकर जनप्रतिनिधियों के परिवारीजन होंगे मैदान में

● लहरपुर से पूर्व सांसद कैसर जहां लड़ सकती हैं निकाय चुनाव

● तंबौर में पूर्व मंत्री मुख्तार अनीस की पत्नी अज़ीज़ जेहरा का आ रहा नाम

संवाददाता। सीतापुर

**मन मुताबिक** आरक्षण और पार्टी से टिकट मिलता है तो इस बार नगर निकाय के चुनाव में कई दिग्गज मैदान में आपको नजर आयेंगे और सीतापुर में 6 नगर पालिका और 5 नगर पंचायतें हैं। 2017 निकाय चुनाव की अगर बात करें तो यहां भाजपा से सपा का अच्छा प्रदर्शन रहा था। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले नगर निकाय चुनाव होने से इसे सेमीफाइनल चुनाव के रूप में माना जा रहा है। ऐसे में भाजपा पिछले चुनाव के प्रदर्शन से इस बार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पूरी ताकत झोंके हुए है तो सपा भी अंदर ही अंदर भाजपा को कड़ी टक्कर देने की तैयारियों में जुटी है। टिकट मांगने वालों की लंबी फौज खड़ी हो चुकी है चूंकि अभी आरक्षण लागू नहीं हुआ है लिहाजा अधिकांश टिकट के दावेदार आरक्षण का इंतजार कर रहे हैं। मनमुताबिक आरक्षण आता है तो फिर टिकट की जोर आजमाइश तेज हो जायेगी। फिलहाल आई इंडिया अंदरखाने की खबर अपने दर्शकों को देने जा रहा है। इस बार नगर निकाय के चुनाव में पूर्व सांसद से लेकर जनप्रतिनिधियों के परिवारीजन मैदान में उतरने को अंदर ही अंदर तैयारियों में जुटे हुए हैं। इनमें सबसे बड़ा नाम सीतापुर की सांसद रहीं कैसर जहां का है, कैसर जहां लहरपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए सपा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। हालांकि वह पहले भी लहरपुर नगर पालिका परिषद की चेयरमैन रह चुकी हैं तब वह बसपा से चुनाव लड़ती थी अब सपा से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। कैसर जहां के पति जासमीर अंसारी निवर्तमान लहरपुर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन हैं और मौजूदा समय सपा के एमएलसी हैं। पिछले चुनाव में लहरपुर नगर पालिका परिषद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित थी। इसी क्रम में निकाय चुनाव लड़ने की तैयारी करने वालो में दूसरा बड़ा नाम अज़ीज़ जेहरा का है यह पूर्व मंत्री और सीतापुर के सांसद रहे स्व. मुख्तार अनीस की पत्नी हैं, अज़ीज़ जेहरा तंबौर अहमदाबाद नगर पंचायत चेयरमैन पद के लिए सपा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। सीतापुर की राजनीति में मुख्तार अनीस की गिनती सबसे बड़े नेताओं में इसलिए होती थी क्योंकि सपा के जो वट वृक्ष हैं उसकी नर्सरी मुख्तार अनीस ने ही तैयार की थी उनके बेटे जहीर अब्बास लहरपुर विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। पिछले चुनाव में नगर पंचायत तंबौर अहमदाबाद महिला वर्ग के लिए आरक्षित था। निकाय चुनाव लड़ने की तैयारी करने वालो में एक और बड़ा नाम सीतापुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद पर लंबे समय से काबिज रहने वाले पूर्व विधायक, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन राधेश्याम जायसवाल की बहू रश्मि जायसवाल का है। रश्मि जायसवाल पहले भी सीतापुर नगर पालिका परिषद की चेयरमैन रह चुकी हैं। इस बार चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी में हैं, उनके ससुर राधेश्याम जायसवाल सदर विधानसभा सीट से सपा से 4 बार विधायक रहे चुके हैं। रश्मि जायसवाल का शहर में लगा होर्डिंग्स इन दिनों इसलिए चर्चा का विषय बना है कि उसमें सिर्फउनके पति सचिन जायसवाल की ही फोटो लगी है और वह किसी पार्टी के कलर में नहीं है।

पिछली बार नगर पालिका परिषद की सीट अनारक्षित थी। निकाय चुनाव लड़ने की तैयारी करने वालो में एक और बड़ा नाम है आशीष गुप्ता का। आशीष गुप्ता स्व. ओमप्रकाश गुप्ता के छोटे बेटे हैं, ओमप्रकाश गुप्ता मिश्रिख नगर पालिका परिषद के चेयरमैन रहे हैं साथ ही निर्दलीय रूप में विधायक चुने जाने के बाद सपा से वह कई बार विधायक चुने गए। आशीष गुप्ता की मां कमला गुप्ता और बड़े भाई पूर्व विधायक अनूप गुप्ता भी मिश्रिख नगर पालिका परिषद के चेयरमैन रह चुके हैं। आशीष गुप्ता भाजपा से मिश्रिख नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने की अंदर ही अंदर तैयारी कर रहे हैं। पिछले चुनाव में यह सीट अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित की गयी थी। आशीष गुप्ता पूर्व में सीतापुर से विधानसभा और एमएलसी का चुनाव लड़ने की चाहत रख चुके हैं। मिश्रिख नगर पालिका परिषद की सीट से ही पूर्व मंत्री और विधायक रामकृष्ण भार्गव के छोटे बेटे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव भी चुनाव लड़ सकते हैं। पिछले चुनाव में विधायक रामकृष्ण ने अपनी अनुज वधू सरला भार्गव को आशीर्वाद देकर चेयरमैन बनाया था, लेकिन दोनो के रिश्तो में आई खटास जगजाहिर है। इसके अलावा आरक्षण लागू हो जाने के बाद और भी कई माननीयों ने अपने परिवारीजनों को चुनाव लड़ाने की तैयारी की हुई है साथ ही पूर्व चेयरमैन के परिवार के सदस्य भी चुनाव लड़ने का हर जतन कर रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### किरायेदारों ने मकान मालिक को किया घायल

**बरेली।** मामूली विवाद के बाद किराएदार और उसकी पत्नी व बच्चों ने मकान मालिक को घर के बाहर घसीट कर पीटा जिससे वह घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला स्वाले नगर निवासी राजू गुप्ता पुत्र अजीत गुप्ता को आज सुबह उसके ही मकान में किराए पर रहने वाले राजेंद्र मौर्य उसके बेटे विक्की मौर्य और पत्नी संतोष मौर्य में घर के बाहर खींचकर बुरी तरह पीटा जिला अस्पताल आए राजू गुप्ता ने बताया कि आज सुबह उसका अपने किराएदार राजेंद्र से किराए को लेकर मामूली विवाद हो गया जिससे नाराज राजेंद्र ने अपनी पत्नी और बेटे के साथ मिलकर उसको कमरे से बाहर निकाल लिया और घर के बाहर ले जाकर लात घूंसे से बुरी तरह पिटाई कर दी जिससे वह घायल हो गया शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बचाया उसने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी जिसने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा।

### करंट लगने से किसान की मौत

**बरेली।** धान मिल में धान बेचने गए एक किसान को मिल में ही पानी पीते समय अचानक करंट लग गया उसकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव रजपुरा निवासी 35 वर्षीय ज्वाला प्रसाद पुत्र पोथी राम की कल शाम बहेड़ी स्थिति धान मिल में करंट लगने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि ज्वाला प्रसाद कल दिन में अपने खेत में पैदा हुए गेहूं का सैंपल लेकर धान मिल गया था ताकि वह धान को बेच सकें यहीं पर मिल में लगे पानी के मोटर को चला कर पानी पीते समय अचानक पानी में करंट आ गया और वह करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर पड़ा पता चलने पर मिल में काम कर रहे मजदूरों ने उसके घरवालों को जानकारी दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए जहां पहुंचते ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक तीन बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम पूनम है।

### लावारिस हालत में मिले महिला के शव की शिनाख्त

**बरेली।** लावारिस हालत में मिले महिला के शव की शिनाख्त आज पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के बेटे ने कर ली। किला थाना क्षेत्र के गांव बेनीपुर निवासी 60 वर्षीय जमुना देवी पत्नी ओमप्रकाश के शव की शिनाख्त आज पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के बेटे विनोद ने कर ली उसने बताया कि उसकी मां और बारादरी थाना क्षेत्र में मॉडल टाउन स्थित घरों में काम करती थी और कल सुबह रोजाना की तरह काम पर जाने के लिए घर से निकली थी लेकिन काम से वापस लौटते समय अचानक उसे खून की उल्टियां होने लगी और वह बेहोश होकर सड़क किनारे गिर पड़ी अस्पताल पहुंचने से पहले उसने दम तोड़ दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा इधर जब वह घर वापस नहीं लौटी तो बेटे ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी और आज सुबह जब वह बारादरी थाने पहुंचा तब उसे पता चला कि उसकी मां का शव पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद है तब वहां पहुंचा शव की शिनाख्त कर ली।

### दुर्घटना में घायल छात्रा ने दम तोड़ा

**बरेली।** सड़क दुर्घटना में घायल एक छात्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीलीभीत के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव नकटा उर्फमुरादाबाद के रहने वाले दयाशंकर की 18 वर्षीय बेटी आरती की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पिता ने बताया की आरती बरखेड़ा स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा थी और 15 नवंबर को रोजाना की तरह कॉलेज गई थी जहां से वापस लौटते समय जब वह बजाज चीनी मिल के पास पहुंची तभी तेजी से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी जिसने आरती को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घरवालों को सूचना दी अस्पताल पहुंचे घरवाले हालत नाजुक देख कर उसे इलाज के लिए बरेली ले आए जहां बीती रात उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतका दो भाई-बहन थे उसकी मां का नाम ममता है घटना के बाद टक्कर मारने वाली बाइक चला रहा युवक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

### प्रधान अन्वेशक ने जय गोपाल केंचुआ की स्वदेशी प्रजाति की विशेषताओं को बताया

**बरेली।** जय गोपाल वर्मीकल्चर तकनीकी प्रदर्षन तथा केंचुआ प्रजनन प्रयोगषाला का भ्रमण परियोजना के प्रधान अन्वेशक डा. रणवीर सिंह सभी अधिकारियों को ''जय गोपाल'' केंचुआ की स्वदेषी प्रजाति की विषेशतायें एवं चयन प्रजनन विधि के द्वारा कैसें 25 पीढ़ीयों में विकसित के बारे में विस्तार से बताया। गोबर एवं जैविक कचरे से 60 दिन में केंचुआ खाद बनाने की गर्मी एवं जाड़े के मौसम में पैकेज आफप्रेक्टिसेज एवं जय गोपाल केंचुआ से निर्मित वर्मीकास्ट का प्राकृतिक खेती के लिये जीवांमृत बनाने का तरीका भी बताया।परियोजना का भ्रमण करने बाद श्री अनुज कुमार झा, निदेषक, पंचायती राज उ0 प्र0 सरकार ने बरेली मंडल के सभी मुख्य विकास अधिकारीयों और पंचायती राज अधिकारीयों को निर्देष दिया की वह सभी अपने जिले के प्रत्येक गॉवों में ग्राम पंचायत के प्रधान के माध्यम से गॉव के जैविक कचरे के निस्तारण के लिये केंचुआ जैविक खाद बनाने के लिये आई.वी.आर.आई. द्वारा विकसित जय गोपाल वर्मीकल्चर तकनीकी को अपनाये तथा प्राकृतिक खेती के लिय भी विकसित तरीके को भी अपनायें जिससे ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध होगें तथा जैविक खाद लगाने से जमीन का स्वस्थ भी सुधरेगा।बरेली जिले के मुध्य विकास अधिकारी श्री जग प्रवेष ने कहा कि प्रथम चरण में फार्मर फर्स्ट परियोजना के अन्तर्गत मझगवॉ और आलमपुर जफराबाद विकास खण्ड के गोद लिये गये 20 गॉवों में स्वचछ भारत अभियान ग्रामीण तथा पंचायती राज विभाग के द्वारा कार्यान्वित किया जायेगा। सभी उच्च अधिकारीयों ने आई.वी.आर.आई के जैविक कचरे के वैज्ञानिक एवं जैविक खेतीध्प्राकृतिक खेती के लिये किये गये प्रयासो की सराहना की। बरेली 18। जय गोपाल वर्मीकल्चर तकनीकी प्रदर्षन तथा केंचुआ प्रजनन प्रयोगषाला का भ्रमण श्री अनुज कुमार झा, निदेषक, पंचायती राज विभाग उ.प्र. सरकार, स्वच्छ भारत मिषन ग्रामीणतथा बरेली मंडल के सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारीयों और श्री एस. एन. सिंह, उपनिदेशक, पंचायती राज एवं नोडल अधिकारी (एस.वी.एम.जी) लखनऊ, बरेली मंडल के सभी जिलों के जिला पंचायत अधिकारियों के साथ भा.कृ.अनु.प.-भारतीय पषु चिकित्सा अनुसधान संस्थान, इज्जतनगर में किया।बरेली जिले के मुध्य विकास अधिकारी श्री जग प्रवेष ने कहा कि प्रथम चरण में फार्मर फर्स्ट परियोजना के अन्तर्गत मझगवॉ और आलमपुर जफराबाद विकास खण्ड के गोद लिये गये 20 गॉवों में स्वचछ भारत अभियान ग्रामीण तथा पंचायती राज विभाग के द्वारा कार्यान्वित किया जायेगा। सभी उच्च अधिकारीयों ने आई.वी.आर.आई के जैविक कचरे के वैज्ञानिक एवं जैविक खेतीध्प्राकृतिक खेती के लिये किये गये प्रयासो की सराहना की।

# साइकिल सवार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक की मौत, एक घायल



**मोहम्मदी-खीरी।** बहादुर नगर गांव के बबलू जो मोटरसाइकिल से एक युवक के साथ शाहजहांपुर खरीदारी करने जा रहे थे तभी शंकरपुर चौराहे के समीप साइकिल सवार से हल्की सी टक्कर हो गई जिससे मोटरसाइकिल सवार बबलू सड़क पर गिर गए और सर में चोट आ गई ,और दूसरा युवक घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया परंतु बबलू की मौके पर मौत हो गई। मृतक के चार बच्चे हैं जिसमें तीन वेटियां हैं। मौत की खबर सुनकर परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेज दिया है।

राष्ट्रीय नवजात देखभाल सप्ताह पर विशेष

# नवजात के जन्म के पहले दिन से ही रखें तीन बातों का विशेष ध्यान : सीएमओ

● नवजात को शीघ्र और केवल स्तनपान कराएं, नवजात की नाल पर कुछ न लगाएं

● नवजात को जन्म के सात दिन बाद ही नहलाएं



**लखीमपुर खीरी।** बच्चे का पहला दिन हर माँ-बाप और परिवार वालों के लिए बहुत ही खास होता है। बच्चे बहुत ही नाजुक और कोमल होते हैं। शुरूआत के कुछ महीने तो उन्हें विशेष देखभाल की जरूरत होती है। शिशु तभी स्वस्थ रहेगा जब उसकी देखभाल सही तरीके से होगी।

इस संबंध में सीएमओ डा. संतोष गुप्ता बताते हैं कि इसके लिए आवश्यक है कि उसे बाहरी संक्रमण से बचाया जाए, क्योंकि शिशु को संक्रमण होने की संभावना अधिक होती है। इसलिए पहले दिन से ही तीन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

नवजात को संक्रमण से बचाने के लिए जरूरी है कि उसे शीघ्र स्तनपान कराएं। नवजात को पीला गाढ़ा दूध जिसे कोलस्ट्रम या खीस कहते हैं उसे अवश्य दें। इसे बहुत से लोग खराब या बासी समझकर फेंक देते हैं, पर बच्चे के लिए यह पहला टीका होता है। स्तनपान से पहले नवजात को चीनी या गुड़ का पानी, मिसरी का घोल शहद, बकरी का दूध या घुट्टी न दें। दूसरी बात बच्चे की नाल को साफएवं सूखा रखें। नाल पर कुछ भी न लगायें, क्योंकि कुछ भी लगाने से संक्रमण हो सकता है। नाल को अपने आप सूखकर गिरने दें। नाल पर हल्दी, घी, पाउडर और तेल कुछ भी न लगाएं। नाल में कोई भी फर्क दिखे, जैसे नाल से मवाद या खून निकले, बदबू आए या सूजन हो तो शिशु को तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएं। तीसरी बात कि बच्चे को सात दिन तक नहलायेँ नहीं क्योंकि नवजात नौ माह बाद माँ के गर्भ से बाहर आता है उसे नए वातावरण में ढ़लने के लिए कुछ समय चाहिए। उसके शारीरिक तापमान में कोई कमी न आए। उसे गुनगुने पानी और साफकपड़े से पोंछें। कम वजन के नवजात को तब तक न नहलाएं जब तक उसका वजन दो किलोग्राम न हो जाए। मन में कोई शंका हो तो आशा कार्यकर्ता, एएनएम व प्रशिक्षित डाक्टर से मिलें।

# पेज एक का शेष

## आतंकवाद को...

लेकर प्रतिक्रिया की गंभीरता इस आधार पर अलग-अलग नहीं हो सकती कि यह किस जगह हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी आतंकवादी हमलों का एक समान विरोध होना चाहिए और कार्रवाई भी एक जैसी होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, इसके बावजूद कभी-कभी, आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई को अवरुद्ध करने के लिए आतंकवाद के समर्थन में अप्रत्यक्ष तर्क दिए जाते हैं। उनका इशारा स्पष्ट तौर पर चीन की ओर था। आतंकवाद को मानवता, स्वतंत्रता और सभ्यता पर हमला करार देते हुए मोदी ने कहा, इसकी कोई सीमा नहीं होती है। हमें आतंकियों के पीछे लगे रहना चाहिए, उनके सहयोगी नेटवर्क को तोड़ना और वित्तीय स्रोतों पर हमला करना चाहिए। केवल एक समान, एकीकृत, शून्य सहिष्णुता दृष्टिकोण ही आतंकवाद को हरा सकता है। मोदी ने कहा कि आतंकवाद के वित्तपोषण का एक स्रोत संगठित अपराध है जिसे अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, गिरोहों के आतंकवादियों के साथ गहरे संबंध हैं। बंदूक, मादक पदार्थ और तस्करी से प्राप्त पैसे को आतंकवाद में लगाया जा रहा है... आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में संगठित अपराधों के खिलाफ कार्रवाई बेहद महत्वपूर्ण है। आतंकवाद को उखाड़ फेंके जाने तक देश चैन से नहीं बैठेगा। मोदी ने कहा कि दशकों से विभिन्न नामों और रूपों में आतंकवाद ने भारत को चोट पहुंचाने की कोशिश की और इस वजह से देश ने हजारों कीमती जीवन खो दिए, लेकिन इसके बावजूद देश ने आतंकवाद का बहादुरी से मुकाबला किया है।

## एलजी व...

कहा। सूत्र ने बताया कि शाह का कार्यालय बृहस्पतिवार देर रात सील कर दिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सरकार द्वारा मुहैया कराए गए उनके आधिकारिक वाहन और कर्मियों को वापस बुलाने की प्रक्रिया जारी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद परवेश वर्मा ने शिकायत की थी कि जैस्मीन शाह डीडीसीडी के उपाध्यक्ष होने के बावजूद आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं। यह शिकायत मिलने के बाद शाह के खिलाफ कार्रवाई की गई। दिल्ली सरकार के योजना विभाग ने बृहस्पतिवार को एक आदेश जारी करते हुए बताया कि उपराज्यपाल ने शाह को डीडीसीडी के उपाध्यक्ष के रूप में काम करने और इससे जुड़े किसी भी विशेषाधिकार एवं सुविधाओं का लाभ उठाने से रोकने का आदेश दिया है।

## मथुरा में...

बैगनी रंग की साड़ी भी मिली है। आशंका है कि युवती की हत्या के बाद उसका शव यहां लाकर फेंका गया है। क्षेत्रीय पुलिस उपाधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि समीप के सभी जनपदों के थानों को इस घटना की सूचना भेजी गई है। पुलिस सबसे पहले शव का शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। युवती का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## नवलखा को...

उच्चतम न्यायालय से बृहस्पतिवार को अनुरोध किया था कि नजरबंदी के आदेश को वापस लिया जाए क्योंकि नवलखा को कोई अतिरिक्त छूट की जरूरत नहीं है जो राष्ट्रीय सुरक्षा और अखंडता के लिए खतरा वाले एक मामले में आरोपित हैं। एजेंसी ने याचिका में कहा, जांच से साबित हुआ है कि याचिकाकर्ता ने कश्मीरी अलगाववादी आंदोलन और माओवादी आंदोलन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विभिन्न मंचों एवं कार्यक्रमों में भाषण दिए और उनका समर्थन किया। इसमें कहा गया, याचिकाकर्ता से जब्त दस्तावेजों की छानबीन के दौरान सामने आया कि वे भाकपा (माओवादी) के रणनीतिक दस्तावेजों से जुड़े हैं, भाकपा (माओवादी) पार्टी के गठन से जुड़े हैं, भाकपा (माओवादी) पार्टी की महत्वपूर्ण प्रेस विज्ञप्तियां हैं, पार्टी के भूमिगत वरिष्ठ नेताओं के साथ महत्वपूर्ण गोपनीय संवाद हैं और इन सबसे उनकी भाकपा (माओवादी) पार्टी की गतिविधियों में संलिप्तता साबित होती है। हालांकि, पीठ ने 70 वर्षीय नवलखा को घर में नजरबंद रखने के अपने 10 नवंबर के आदेश को कायम रखा। शीर्ष अदालत ने कहा कि जिस घर में नवलखा रहेंगे उसमें रसोई के बाहर की ओर खुलने वाले दरवाजे को उसकी ग्रिल वाली खिड़कियों के साथ लॉक और सील किया जाना चाहिए जिसकी चाबियां एनआईए अपने पास रख सकती है। उसने कहा कि बाहर की ओर दक्षिणी दरवाजे पर एक और सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए। न्यायालय ने एनआईए को उसकी पसंद की जगह से सीसीटीवी कैमरे के फुटेज पर निगरानी रखने की अनुमति दी।

## सावरकर पर...

होगा। गौरतलब है कि अकोला जिले के वाडेगांव में बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि सावरकर ने तत्कालीन ब्रिटिश सरकार की मदद की और उनके डर से दया याचिका (क्षमा याचना) पर हस्ताक्षर किया था। कांग्रेस नेता इससे पहले भी कह चुके हैं कि सावरकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रतीक हैं। राहुल गांधी की टिप्पणी के बाद प्रदर्शन हो रहे हैं और उद्धव ठाकरे ने यहां तक कह दिया है कि वह स्वतंत्रता सेनानी पर कांग्रेस नेता के बयान से इत्तेफाक नहीं रखते हैं।

## डीपीडीपी बिल...

इकाई आंकड़ों में सेंधमारी की घटना के बारे में आंकड़ों के मालिक और बोर्ड को सूचित नहीं करती है तो उस स्थिति में उस पर 200 करोड़ रुपए का अर्थदंड लगाने का प्रस्ताव भी है। इस मसौदे पर संबंधित पक्षों से 17 दिसंबर तक सुझाव मांगे गए हैं।

## विक्रम-एस...

कि स्काईरूट एयरोस्पेस ने योजना बनाई थी। उन्होंने कहा कि रॉकेट ने योजना के अनुसार काम किया। स्पेस-एक्स चेन्नई से करीब 115 किलोमीटर दूर यहां इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे रवाना हुआ। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने इस महीने की शुरुआत में बेंगलुरु में प्रारंभ का अनावरण किया था। इस मिशन के तहत दो घरेलू और एक विदेशी ग्राहक के तीन पेलोड को अंतरिक्ष में ले जाया गया। छह मीटर लंबा रॉकेट दुनिया के पहले कुछ ऐसे रॉकेट में शामिल है जिसमें घुमाव की स्थिरता के लिए 3-डी प्रिंटेड ठोस प्रक्षेपक हैं।गोयनका ने कहा, यह भारतीय निजी क्षेत्र के एयरोस्पेस में प्रवेश करने की एक नई शुरुआत है और हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। विक्रम-एस ने चेन्नई के स्टार्ट-अप स्पेस किड्ज, आंध्र प्रदेश के स्टार्ट-अप एन-स्पेस टेक और आर्मेनियाई स्टार्ट-अप बाजूमक्यू स्पेस रिसर्च लैब उपग्रहों को लेकर अंतरिक्ष में उड़ान भरी।

## पर्यटकों को...

संभावनाओं को भुनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। हालांकि, यह भी सुनिश्चित किया गया है कि पर्यटन विकास से जुड़ी गतिविधियां राज्य की नाजुक पारिस्थितिकी को नुकसान न पहुंचाएं। इसे ध्यान में रखते हुए ही मिजोरम ने जिम्मेदार पर्यटन नीति, 2020 तैयार की है। राज्य का 90 प्रतिशत क्षेत्र वनों से आच्छादित है। इसका मिजाज और खुशनुमा जलवायु पर्यटन अनुकूल होने के लिए मजबूत पक्ष है। यहां इको-टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म की भी भरपूर गुंजाइश है। कुछ अलग हटकर देखने, करने वाले साहसी पर्यटकों के लिए यह बेहतरीन पर्यटन स्थल है। मनीषा सक्सेना ने कार्यक्रम के दूसरे दिन द पायनियर को बताया कि तथ्य यह है कि प्रतिष्ठित इंटरनेशनल टूरिज्म मार्ट (आईटीएम) को आयोजित कर मिजोरम क्षेत्र के अन्य राज्यों में शामिल हो गया है। इससे यह पता चलता है कि यह पर्यटकों के लिए काफी सुरक्षित जगह है।

## विश्व कप...

जाता है। हालांकि वर्षों से अल्कोहल की बिक्री होटल बार में अनुमति दी जाती रही है। जब कतर ने विश्व कप की मेजबानी की बोली प्रक्रिया शुरू की थी तो देश ने फीफा के व्यावसायिक भागीदारों का सम्मान करने पर सहमति जताई थी और ऐसा 2010 में मत जीतने के बाद अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय भी किया था। ब्राजील में 2014 विश्व कप में मेजबान देश को शराब की बिक्री की अनुमति के लिए एक नियम में बदलाव करने पर मजबूर होना पड़ा था। यूरोप में प्रशंसक ग्रुप फुटबॉल सपोर्टर्स यूरोप के कार्यकारी निदेशक रोनन इवेन ने कतर में बीयर की बिक्री पर प्रतिबंध के फैसले को बहुत चिंताजनक करार किया। इवेन ने ट्विटर पर लिखा, कई प्रशंसकों के लिए वे अल्कोहल पीते हैं या नहीं या फिर स्टेडियम में बिना अल्कोहल की नीति का पालन करते हैं। इससे उनके टूर्नामेंट में कोई बदलाव नहीं होगा। लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने में 48 घंटे का समय बचा है, हम खतरनाक स्थिति में प्रवेश कर चुके हैं जिसमें आश्वासन अब कोई मायने नहीं रखता। एबी इनबेव का फीफा से करार को 2011 में दो टूर्नामेंट के लिए 2022 तक बढ़ाया गया था जब कतर को मेजबान चुन लिया गया था।

# कांग्रेस देश को तोड़ सकती है, जोड़ नहीं सकती: नड्डा

**भाषा।** नवसारी (गुजरात)

**भाजपा** के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि विपक्षी दल देश को सिर्फ तोड़ सकता है, जोड़ नहीं सकता। नड्डा दक्षिण गुजरात के नवसारी जिले में भाजपा प्रत्याशी राकेश देसाई के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। नवसारी सीट पर मतदान विधानसभा चुनाव के पहले चरण में एक दिसंबर को होना है। नड्डा ने कहा, मैं सोचता हूं कि कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है या भारत तोड़ो यात्रा। उसके नेता भारत को जोड़ने की बात कर रहे हैं। लेकिन वास्तविक जीवन में वे क्या करते हैं? उनके नेता राहुल गांधी दिल्ली में जेएनयू (जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय) गए और उनका समर्थन किया जिन्होंने संसद पर हमले के मास्टरमाइंड अफजल गुरु के समर्थन में नारे लगाए थे। नड्डा ने आरोप लगाया, जब राहुल गांधी ऐसे नारे लगाने वालों के समर्थन में जेएनयू गए तो कुछ लोगों ने यह भी नारा लगाया भारत तेरे टुकड़े टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाह इंशा अल्लाह। स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर (विनायक दामोदर सावरकर) पर कल का आपका (राहुल का) बयान भी निंदनीय है। यह दिखाता है कि वे (कांग्रेस) देश को सिर्फ तोड़ सकते हैं, जोड़ नहीं सकते।

आप को नई पार्टी बताकर नजरअंदाज करते हुए नड्डा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल नीत दल ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 350 सीटों पर लड़ा था जिनमें से 349 पर उनकी जमानत जब्त हो गई थी। उन्होंने जोर देते हुए कहा, लिख लें, हाल में हुए हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में सभी 67 सीटों पर उनकी जमानत जब्त हो जाएगी। नड्डा ने दावा किया कि भाजपा ने (विकास के लिए) मिशन मोड में काम किया है जबकि बाकी दलों ने कमीशन के लिए काम किया।

कोविड-19 महामारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए नड्डा ने कहा कि भारत महज नौ महीनों में दो टीके विकसित करने और पूरी आबादी को महामारी के दौरान सुरक्षित करने में सफल रहा। हमने करीब 100 देशों को टीके भेजे, जिनमें से 38 देशों को नि:शुल्क टीके भेजे गए। अब भारत देने वाला देश बन गया है, मांगने वाला नहीं रहा। गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में, एक दिसंबर और पांच दिसंबर को मतदान होने हैं और मतगणना आठ दिसंबर को होगी।

## सावरकर पर राहुल की टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस के पुणे कार्यालय में घुसे

**पुणे (महाराष्ट्र)।** भाजपा के कई कार्यकर्ता शुक्रवार को कांग्रेस के पुणे नगर मुख्यालय में घुस गए और हिंदुत्व विचारक वी डी सावरकर पर टिप्पणी के विरोध में राहुल गांधी की तस्वीरों पर कालिख पोतने की कोशिश की। शिवाजी नगर थाना के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने राहुल के खिलाफ नारेबाजी की और कांग्रेस भवन की दीवारों पर पोस्टर चिपकाए, जिनमें माफीवीर जवाहरलाल नेहरू लिखा हुआ था। पुलिस निरीक्षक अरविंद माणे ने कहा, हमने कांग्रेस भवन से 10 से 15 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। भाजयुमो के एक सदस्य ने कहा कि वे सावरकर के बारे में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की टिप्पणी की निंदा करने आए थे। हमें संदेह है कि राहुल को कांग्रेस का इतिहास पता भी है, या नहीं क्योंकि दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सावरकर को सम्मान पत्र दिया था। महाराष्ट्र के अकोला जिला स्थित वड़ेगांव ग्राम में बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान राहुल ने सावरकर की आलोचना करते हुए आरोप लगाया था कि उन्होंने (सावरकर ने) ब्रिटिश शासकों की मदद की थी और डर के कारण उन्हें एक माफीनामा लिखा था। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा था कि सावरकर भाजपा और आरएसएस के प्रतीक हैं। उनकी इस टिप्पणी से विवाद छिड़ गया। पुणे पुलिस ने शुक्रवार को स्वारगेट इलाके में सावरकर के स्मारक के एक बोर्ड पर माफीवीर लिखने को लेकर कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। स्वारगेट थाना के वरिष्ठ निरीक्षक अशोक इंदालकर ने कहा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वारगेट इलाके के सारसबाग के नजदीक स्थित सावरकर स्मारक के एक बोर्ड पर कथित तौर पर माफीवीर लिखा था। इस सिलसिले में भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना), 504 (किसी व्यक्ति को इरादतन अपमानित कर उकसाना), 188 (लोकसेवक के आदेश की अवज्ञा करना) और सार्वजनिक संपत्ति विरूपण रोकथाम अधिनियम की संबद्ध धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।



राहुल गांधी के बयान पर पोस्टर को लेकर प्रदर्शन करते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

## दस साल पुराना हुआ पॉक्सो अधिनियम, एक मामले में साबित हुआ दोष तो तीन में आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम पर किए गए अध्ययन के अनुसार 10 साल पुराने इस कानून के तहत दर्ज मामलों में से एक में दोष साबित हुआ तो तीन मामलों में आरोपी को बरी कर दिया गया। स्वतंत्र थिंकटैंक विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी की पहल जस्टिस, एक्सेस एंड लोवरिंग डिलेज़ इन इंडिया ने यह अध्ययन किया है, जिसका शीर्षक पॉक्सो का एक दशक है। विश्व बैंक के डेटा एविडेंस फॉर जस्टिस रिफॉर्म्स कार्यक्रम के सहयोग से यह अध्ययन किया गया है। अध्ययन के दौरान लगभग 4 लाख पॉक्सो मामलों से संबद्ध आंकड़े एकत्र किए गए और लंबित मामलों व निपटाए जा चुके मामलों का पैटर्न समझने के लिए 2.31 लाख मामलों का विश्लेषण किया गया।

आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक मामले लंबित हैं। राज्य में नवंबर 2012 से लेकर फरवरी 2021 के बीच पॉक्सो के तहत जितने मामले दर्ज किए गए उनमें से तीन चौथाई या 77.77 प्रतिशत लंबित पाए गए।

वहीं, सबसे अधिक मामलों का निपटान तमिलनाडु में किया गया। राज्य में नवंबर 2012 से लेकर फरवरी 2021 के बीच जितने मामले दर्ज हुए, उनमें से 80.2 प्रतिशत का निपटान कर दिया गया। अध्ययन में कहा गया है, पॉक्सो के तहत किसी एक मामले में दोष साबित हुआ तो तीन मामलों में आरोपी को बरी कर दिया गया। दोषसिद्धि की तुलना में बरी किए जाने की दर काफी अधिक रही। उदाहरण के लिए, आंध्र प्रदेश में दोषसिद्धि की तुलना में बरी किए जाने की दर सात गुना अधिक रही है, जबकि पश्चिम बंगाल में यह दोषसिद्धि से पांच गुना अधिक है। केरल एकमात्र ऐसा राज्य है जहां यह अंतर बहुत कम है। राज्य में 20.5 प्रतिशत मामलों में दोषमुक्ति और 16.49 प्रतिशत में दोष साबित हुआ।

## केंद्र व निर्वाचन आयोग बांग्लादेशी प्रवासियों पर टीएमसी विधायक के बयान का संज्ञान लें : भाजपा

**कोलकाता।** बंगाल में भाजपा नेतृत्व ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय और निर्वाचन आयोग से एक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक की टिप्पणियों का संज्ञान लेने का आग्रह किया, जिसमें कथित तौर पर पार्टी कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि राज्य में केवल उन बांग्लादेशी प्रवासियों को ही मतदाता सूची में जगह मिले जो सत्ता पक्ष का समर्थन करते हैं। भाजपा ने कहा कि एक निर्वाचित प्रतिनिधि की ऐसी टिप्पणियां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित, एक वीडियो ने राज्य में विवाद पैदा कर दिया है, जिसमें पश्चिम बंगाल के एक विधायक कथित तौर पर टीएमसी कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने के लिए कह रहे हैं कि राज्य में सत्ताधारी पार्टी का समर्थन करने वाले बांग्लादेशी प्रवासियों को ही मतदाता सूची में जगह मिले।

## भाजपा में शामिल होने की पेशकश की गई थी, विनम्रता से मना कर दिया: के. कविता

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव की बेटी और तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) की विधान पार्षद के. कविता ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में निजामाबाद से भाजपा के लोकसभा सदस्य धर्मपुरी अरविंद पर निशाना साधा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को फोन करने के उनके दावे को खारिज किया।

भाजपा ने उनसे संपर्क कर, पार्टी में शामिल होने की पेशकश की थी, इस संबंध में मीडिया में आई खबरों पर पूछे गए सवालों के जवाब में कविता ने कहा, मैं बहुत सुलझी हुई नेता हूं। मैं इस देश की राजनीति में बहुत लंबे समय तक रहना चाहती हूं। मैं किसी का नाम नहीं लूंगी। मेरे समक्ष पेशकश की गई थी और भाजपा के दोस्तों, उसके मित्र संगठनों ने मुझसे पार्टी में शामिल होने को कहा था और उस प्रस्तावित मॉडल को शिंदे मॉडल बताया था।

शिंदे मॉडल हाल के दिनों में महाराष्ट्र की सत्ता में हुए फेर-बदल से जुड़ा हुआ है जहां शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पार्टी के एक धड़े ने विद्रोह कर दिया जिसके कारण महा विकास आघाड़ी सरकार 29 जून को गिर गई। उसके बाद शिंदे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिला लिया और 30 जून को राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कविता ने आगे कहा कि तेलंगाना के लोग अपनी पार्टी और अपने नेताओं को धोखा नहीं देते हैं। उन्होंने कहा, हम अपनी ताकत से नेता बनेंगे, पिछले दरवाजे से नहीं। मैंने बहुत विनम्रता से उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया है... मेरे पास जो प्रस्ताव आया था, मैंने उससे साफ इंकार कर दिया है क्योंकि मेरा दिल उस पार्टी में है जहां मेरे माननीय नेता केसीआर गारु हैं।

भाजपा नेताओं द्वारा उनका नाम लिए जाने के संबंध में सवाल करने पर, टीआरएस नेता ने कहा कि अगर केन्द्रीय एजेंसियां आएंगी तो वह साबित कर सकती हैं कि वे (एजेंसियां) गलत हैं। भाजपा नेता अरविंद पर निशाना साधते हुए कविता ने कहा कि अगर भाजपा नेता झूठ फैलाना बंद नहीं करते हैं तो, जनता उन्हें सबक सिखाएगी और उसके गंभीर परिणाम होंगे। कविता ने कहा कि उनके राजनीतिक करियर में उन्होंने किसी की व्यक्तिगत आलोचना नहीं की है और हमेशा मुद्दों पर बोला है। भाजपा सांसद को अपने खिलाफ झूठा प्रचार बंद करने की चेतावनी देते हुए कविता ने कहा कि अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो निजामाबाद में उन्हें चप्पलों से पीटा जाएगा। इस बीच, टीवी पर प्रसारित दृश्यों में कुछ अज्ञात लोग भाजपा सांसद धर्मपुरी अरविंद के शहर स्थित आवास में तोड़फोड़ करते नजर आ रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### कोर्ट ने आरबीआई अधिकारियों की भूमिका की जांच से जुड़ी स्वामी की याचिका पर सीबीआई को और समय दिया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देश के विभिन्न बैंक घोटालों में आरबीआई अधिकारियों की भूमिका की जांच का अनुरोध करने वाली सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को जवाब दाखिल करने के लिए और चार हफ्ते का समय दिया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कहा कि यह मामले की सुनवाई छह हफ्ते के बाद करेगी। उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को 17 अक्टूबर को नोटिस जारी किया था। भाजपा नेता स्वामी ने आरोप लगाया है कि विभिन्न कंपनियों जैसे कि किंगफिशर, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और यश बैंक से जुड़े घोटालों में आरबीआई अधिकारियों की संलिप्तता की जांच नहीं की गई है। उन्होंने दलील दी कि विभिन्न परियोजनाओं के लिए कोष आवंटन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद सीबीआई जांच के दौरान आरबीआई के नामितों को वर्ष 2000 से अब तक छुआ तक नहीं गया है। याचिका में कहा गया, आरबीआई के पास निगरानी, विनियमन और ऑडिट करने समेत देश की सभी बैंकिंग कंपनियों के संचालन को निर्दिष्ट करने की शक्ति है, इसके बावजूद आरबीआई के एक भी पदाधिकारी को न्याय के कठघरे में नहीं लाया गया है।

### पंजाब मंत्रिमंडल ने पुरानी पेंशन योजना को मंजूरी दी, अधिसूचना जारी की गई: मुख्यमंत्री भगवंत मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के मंत्रिमंडल ने 2004 में बंद की गई पुरानी पेंशन योजना के दोबारा कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी है। मान ने कहा कि उनकी अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में गन्ने के लिए 380 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से दाम तय करने की अधिसूचना को भी मंजूरी दे दी गई। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे मान से पुरानी पेंशन योजना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मंत्रिमंडल ने पुरानी पेंशन योजना को मंजूरी दे दी है। विस्तृत जानकारी दी जाएगी। पुरानी पेंशन योजना से अनेक कर्मचारियों को फायदा होगा। अधिसूचना जारी कर दी गई है। पुरानी पेंशन योजना एक अप्रैल 2004 को बंद कर दी गई थी। उसके तहत सरकार पेंशन की पूरी राशि का भुगतान करती थी। करीब एक महीने पहले हुई कैबिनेट की बैठक में पंजाब सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए इस योजना को बहाल करने का फैसला किया था। पुरानी पेंशन योजना को दोबारा लागू करना कर्मचारियों की प्रमुख मांग थी।

### नेशनल कॉन्फ्रेंस ने पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के सबसे पुराने राजनीतिक दल नेशनल कॉन्फ्रेंस ने शुक्रवार को पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की। निवर्तमान पार्टी अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला ने पद छोड़ने की घोषणा कर दी है। पार्टी महासचिव अली मोहम्मद सागर ने अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की। चुनाव पांच दिसंबर को होगा, जो पार्टी संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला की जयंती भी है। अधिसूचना के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख एक दिसंबर है। इस तरह की अटकलें हैं कि 85 वर्षीय अब्दुल्ला पार्टी संरक्षक की तरह जिम्मेदारी निभाएंगे और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला को नया अध्यक्ष बनाया जा सकता है, जो अभी उपाध्यक्ष हैं। फारूक अब्दुल्ला ने आज ऐलान किया कि वह पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव में नहीं उतरेंगे। लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला ने कहा, पार्टी का कोई भी सदस्य इस पद के लिए चुनाव लड़ सकता है। यह एक लोकतांत्रिक कवायद है। फारूक अब्दुल्ला पहली बार 1983 में नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष बने थे।

## थरूर ने दलबदलू नेताओं को बताया स्नोलीगॉस्टर शब्द को लेकर सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

**नई दिल्ली।** अंग्रेजी भाषा के जटिल शब्दों के जरिए अक्सर सोशल मीडिया मंचों पर बहस छेड़ने वाले कांग्रेस नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को अपने हितों को तवज्जो देने वाले नेताओं पर तंज कसते हुए स्नोलीगॉस्टर शब्द का इस्तेमाल किया जिसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स के बीच फिर चर्चा शुरू हो गई। थरूर ने गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में कई नेताओं के पाला बदलने की पृष्ठभूमि में ऐसे नेताओं पर कटाक्ष करते हुए ट्विटर पर इस शब्द का उपयोग किया। अंग्रेजी भाषा के शब्दकोषों के अनुसार, स्नोलीगॉस्टर शब्द ऐसे नेता के लिए इस्तेमाल होता है जो लोगों की सेवा करने की बजाय अपने निजी फायदों की चिंता ज्यादा करता है। थरूर इस शब्द का उपयोग सोशल मीडिया पर अतीत में दो बार कर चुके हैं। 2017 में जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महागठबंधन छोड़कर भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई थी।

## मोहन भागवत ने जबलपुर में पदाधिकारियों के साथ बैठक की

**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को यहां महाकौशल क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। संगठन के एक पदाधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025 में संघ अपना शताब्दी वर्ष मनाएगा और उससे पहले देश के प्रत्एक घर तक पहुंचने और संघ के आधार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। संघ के एक पदाधिकारी ने कहा कि संघ स्वदेशी सामान अभियान को बढ़ावा देने की इच्छा रखता है, ताकि घरों में विदेशी वस्तुओं के उपयोग को हतोत्साहित किया जा सके।

पदाधिकारी ने कहा, सर संघचालक डॉ मोहन भागवत ने संघ पदाधिकारियों के साथ-साथ संघ के मंडल कार्यालय केशव कुटी में समूहों के साथ बात की। भागवत चार दिवसीय दौरे पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे। संघ प्रमुख का यह दौरा महत्वपूर्ण है क्योंकि संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के लिए केवल दो वर्ष ही शेष है।

संघ के महाकौशल प्रांत सह प्रचार प्रमुख प्रशांत वाजपेई ने कहा कि शताब्दी समारोह को भव्य तरीके से मनाने की योजना है। वाजपेई ने कहा, भागवत शनिवार को राष्ट्र निर्माण, ग्राम विकास, कृषि, श्रमिक कल्याण, पर्यावरण और जीवन के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी विषय पर बोलेंगे। उन्होंने कहा कि रविवार को भागवत आरएसएस के स्वयंसेवकों के परिवार के सदस्यों से मिलेंगे और देश के विकास में परिवार की भूमिका पर बात करेंगे। एक अनुमान के अनुसार, आरएसएस के पास लगभग तीन हजार प्रचारक (पूर्णकालिक कार्यकर्ता) हैं जो रक्षा, शिक्षा, श्रमिक संघों और जनजातीय जैसे क्षेत्रों में संगठन की विभिन्न शाखाओं में ड्यूटी निभा रहे है।


नागपुर में भारतीय एअर फोर्स की एरोबिक टीम सारंग एअर फेस्ट 2022 का अभ्यास करते हुए।

## अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर आधारित फिल्म में शीर्ष भूमिका निभाएंगे पंकज त्रिपाठी

**मुंबई।** अभिनेता पंकज त्रिपाठी फिल्म मैं रहूं या न रहूं, ए देश रहना चाहिए- अटल नामक फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म निर्माताओं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उत्कर्ष नैथानी द्वारा लिखित और तीन बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता रवि जाधव द्वारा निर्देशित यह फिल्म वाजपेई की जीवन यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो भारतीय जनता पार्टी के सह-संस्थापकों में शुमार थे। त्रिपाठी (46) ने कहा कि वाजपेई जैसे प्रतिष्ठित और बहुआयामी व्यक्तित्व की भूमिका निभाकर वह सम्मानित महसूस कर रहे हैं। पंकज त्रिपाठी ने एक बयान में कहा, ऐसे करुणामई राजनेता को पर्दे पर पेश करना सम्मान की बात है। वह केवल एक राजनीतिज्ञ ही नहीं बल्कि एक उत्कृष्ट लेखक और एक प्रसिद्ध कवि भी थे। उनके जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति का किरदार निभाना मेरे जैसे कलाकार के लिए सम्मान की बात है।

## न्यायमूर्ति एस.के. कौल ने ईडी निदेशक के सेवा विस्तार से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई से खुद को अलग किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस. के. कौल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक का कार्यकाल बढ़ा कर पांच साल तक करने के संशोधित कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई से शुक्रवार को खुद को अलग कर लिया। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही ईडी प्रमुख के रूप में संजय कुमार मिश्रा को फिर से एक साल का कार्यकाल विस्तार दिया गया था। हालांकि, न्यायाधीश ने खुली अदालत में अपने फैसले संबंधी घोषणा के लिए कोई कारण नहीं बताया, लेकिन शीर्ष न्यायालय ने पिछले साल यह स्पष्ट कर दिया था कि मिश्रा का कार्यकाल और नहीं बढ़ाया जा सकता। न्यायमूर्ति कौल और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ प्रवर्तन निदेशालय के प्रमुखों को कार्यकाल विस्तार देने के विवादास्पद मुद्दों पर दायर याचिकाओं की सुनवाई कर रही है।

न्यायमूर्ति कौल ने आदेश दिया कि विषय को उस पीठ में सूचीबद्ध किया जाए, जिसके वह सदस्य नहीं हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश होते हुए पीठ को बताया कि केंद्र ने शीर्ष न्यायालय में लंबित याचिकाओं को नाकाम करने के लिए ईडी के मौजूदा निदेशक मिश्रा का कार्यकाल फिर से बढ़ाया है। पीठ ने कहा, चूंकि पक्षकारों के वकील ने विषय में कुछ तात्कालिकता का उल्लेख किया है, इसलिए विषय को आवश्यक आदेशों के लिए प्रधान न्यायाधीश के समक्ष रखा जाएगा। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला और जया ठाकुर, तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा और साकेत गोखले द्वारा दायर याचिकाओं सहित याचिकाओं का एक समूह सुनवाई के लिए पीठ के समक्ष आया था।

आदेश के अनुसार, केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को मिश्रा को एक साल का कार्यकाल विस्तार दिया। भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी को इस पद पर तीसरी बार यह कार्यकाल विस्तार मिला है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 1984 बैच के आईआरएस अधिकारी मिश्रा 18 नवंबर 2023 तक पद पर रहेंगे। मिश्रा (62) को 19 नवंबर 2018 को दो साल के लिए ईडी का निदेशक नियुक्त किया गया था।

बाद में, 13 नवंबर 2020 को जारी एक आदेश में केंद्र सरकार ने नियुक्ति पत्र को संशोधित कर दिया और उनके दो साल के कार्यकाल को बदल कर तीन साल कर दिया गया। सरकार ने पिछले साल एक अध्यादेश जारी किया था, जिसके तहत ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के प्रमुखों के कार्यकाल को दो साल के कार्यकाल के बाद तीन साल तक बढ़ाया जा सकता है।

## महाराष्ट्र : सावरकर के पैतृक गांव के लोगों ने राहुल की टिप्पणी पर विरोध जताया

**नासिक।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हिंदुत्व विचारक और स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर पर टिप्पणी के विरोध में सावरकर की जन्मस्थली नासिक के भगूर में लोगों ने शुक्रवार को बाजार बंद रखा। अकोला जिले के वाडेगांव में बृहस्पतिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया था कि विनायक दामोदर सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की थी और कारागार में रहने के दौरान उन्होंने डर के कारण माफीनामे पर हस्ताक्षर करके महात्मा गांधी और अन्य समकालीन भारतीय नेताओं को धोखा दिया था। कांग्रेस नेता की टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आह्वान पर आवश्यक सेवाओं को छोड़कर दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान शुक्रवार को दिन भर बंद रहे। बालासाहेबांची शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने भी बंद का समर्थन किया। भाजपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि इलाके के लोगों ने छत्रपति शिवाजी चौक पर विरोध-प्रदर्शन किया।

## इस अदालत की भाषा अंग्रेजी है: हिंदी में दलील पेश करने वाले वादी से कहा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को व्यक्तिगत रूप से पेश होकर अपने मामले में हिंदी में दलील देने वाले एक वादी से कहा कि इस अदालत की भाषा अंग्रेजी है। न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ ने पाया कि बुजुर्ग याचिकाकर्ता शंकर लाल शर्मा यह नहीं समझ नहीं पा रहे हैं कि अदालत क्या कह रही है। इसके बाद, पीठ ने याचिकाकर्ता को विधिक सहायता के लिए एक वकील उपलब्ध कराया। शर्मा ने अपने मामले की सुनवाई शुरु होते ही हिंदी में दलील पेश करते हुए कहा कि उनका मामला शीर्ष अदालत सहित विभिन्न अदालतों में जा चुका है, लेकिन उन्हें कहीं से भी कोई राहत नहीं मिली है।

न्यायमूर्ति जोसेफ ने शर्मा से कहा, हमने मामले से संबंधित फाइल पढ़ी है। यह एक बहुत ही पेचीदा मामला है, लेकिन आप जो कुछ कह रहे हैं, उसे हम समझ नहीं पा रहे हैं। न्यायमूर्ति ने कहा, इस अदालत की भाषा अंग्रेजी है। यदि आप चाहें तो हम आपको एक वकील उपलब्ध करा सकते हैं जो आपके मामले में बहस करेंगे। इस बीच, एक अन्य अदालत में पेश हो रहीं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल माधवी दीवान उनकी मदद के लिए पहुंची और उन्होंने पीठ द्वारा कही जा रही बातों को अनुवाद कर उन्हें बताया। शर्मा से बात करने के बाद, दीवान ने पीठ से कहा कि याचिकाकर्ता विधिक सहायता के लिए वकील रखने संबंधी शीर्ष अदालत के प्रस्ताव को स्वीकार करने को इच्छुक है। इसके बाद, पीठ ने शर्मा के ठीक पीछे बैठे एक अन्य वकील से पूछा कि क्या वह याचिकाकर्ता की सहायता कर सकते हैं। उनके सहमत होने के बाद, पीठ ने वकील से कहा, उम्मीद है कि आप यह सहायता निशुल्क कर रहे हैं। वकील ने कहा, हां, मैं यह सहायता निशुल्क करूंगा। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई चार दिसंबर के लिए निर्धारित कर दी।

## भाजपा हिमाचल प्रदेश में इतिहास रचने को तैयार, कांग्रेस के सपने चकनाचूर होंगे : अविनाश खन्ना

**शिमला।** भाजपा के हिमाचल प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने शुक्रवार को दावा किया कि पार्टी विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल करेगी और उसे किसी निर्दलीय या बागी के समर्थन की आवश्यकता नहीं होगी। खन्ना ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में अपने कार्यकाल के दौरान किए गए अभूतपूर्व विकास के आधार पर उस रिवाज को बदलने के लिए भी चुनाव लड़ा है, जहां हर पांच साल में सरकार बदल जाती है। विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस राज्य में सरकार बनाने का सपना देख रही है, लेकिन आठ दिसंबर को नतीजे आने पर उसके सपने चकनाचूर हो जाएंगे। भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी। हिमाचल प्रदेश की 68 विधानसभा सीटों के लिए 12 नवंबर को मतदान हुआ था।

# उ. कोरिया ने अमेरिका को लक्ष्य बनाकर आईसीबीएम का किया प्रक्षेपण

भाषा। सियोल

**उत्तर कोरिया ने** शुक्रवार को एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का प्रक्षेपण किया जो जापान के समुद्री क्षेत्र के पास जाकर गिरी। उत्तर कोरिया का इस महीने यह दूसरा बड़ा परीक्षण है, जो अमेरिकी सरजमीं पर परमाणु हमले करने की उसकी संभावित क्षमता को दिखाता है। उत्तर कोरिया का हथियारों का परीक्षण करने का मकसद अपने परमाणु शस्त्रागार को बढ़ाना और अंततः कूटनीतिक वार्ता में अधिक रियायतें हासिल करना है। वह ए कार्रवाईयों ऐसे समय में कर रहा है जब चीन और रूस ने उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रतिबंधों को सख्त करने के अमेरिकी कदमों का विरोध किया है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि उत्तर कोरिया के राजधानी क्षेत्र से सुबह करीब सवा 10 बजे आईसीबीएम का प्रक्षेपण किए जाने का पता चला है और हथियार उत्तर कोरिया के पूर्वी तट की ओर जाता नजर आया। जापान ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि आईसीबीएम ऊंचाई से दागी गई जो होक्काइडो (जापान) के पश्चिम में गिरी। उत्तर कोरियाई मिसाइल ने एक हजार किलोमीटर (620 मील) की अधिकतम ऊंचाई पर लगभग 6,000-6,100 किलोमीटर (3,600-3,790 मील) की रफ्तार से उड़ान भरी। जापान के रक्षा मंत्री यासुकाजु हमदा ने पत्रकारों से कहा कि ऐसा लगता है कि मिसाइल ऊंचाई से दागी गई। मिसाइल के वारहेड के वजन के आधार पर हथियार 15,000 किलोमीटर (9,320 मील) से अधिक तक मार करने में सक्षम प्रतीत होता है ऐसे में यह पूरे अमेरिका को निशाना बना सकता है। यह प्रक्षेपण एक लापरवाही भरा कदम है जो जापान के साथ-साथ पूरे क्षेत्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया के उकसावे के खिलाफ साझा कार्वाई के लिए जापान...अमेरिका, दक्षिण कोरिया और अन्य देशों के साथ मिलकर काम करता रहेगा। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने प्रक्षेपण को उकसावे भरी कार्वाई और एक गंभीर खतरा करार दिया, जो अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय शांति व सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है। अमेरिका के साथ घनिष्ठ समन्वय के साथ दक्षिण कोरिया उत्तर कोरिया के किसी भी उकसावे का कड़ा जवाब देने को तैयार है। बैंकॉक में एक क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने पहले पत्रकारों से कहा था कि ऐसा माना जा रहा है कि मिसाइल जापान के मुख्य उत्तरी द्वीप होक्काइडो के पश्चिम में जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंदर समुद्र में गिरी। तीन नवंबर को उत्तर कोरिया द्वारा प्रक्षेपित एक आईसीबीएम उम्मीद के मुताबिक उड़ान नहीं भर पाई। ऐसा माना जा रहा है कि तीन नवंबर के परीक्षण में एक नए प्रकार की आईसीबीएम शामिल थी।

## अमेरिकी सांसदों ने चीन के खतरों से निपटने के लिए बाइडन से व्यापक रणनीति बनाने का किया आग्रह



**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी के दो वरिष्ठ सीनेटर ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से चीन द्वारा पेश किए जा रहे खतरे का मुकाबला करने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार करने का बृहस्पतिवार को आग्रह किया। सीनेटर जिम रिस्क और मिट रॉमनी ने बृहस्पतिवार को बाइडन को लिखे एक पत्र में कहा, हम आपके प्रशासन से आग्रह करते हैं कि वह चीन के संबंध में तुरंत एक व्यापक रणनीति तैयार करना शुरू करें। इस पत्र की प्रति मीडिया के लिए भी जारी की गई। उन्होंने कहा कि अमेरिका को चीन की आक्रामकता को रोकने के लिए, तेजी से कार्वाई करनी चाहिए। उन्होंने पत्र में कहा, चीन की कार्वाइयां कुछ चिंताजनक हैं.. उसके तेजी से बढ़ते सैन्य व परमाणु कार्यक्रम, नौवहन की स्वतंत्रता का उल्लंघन, भारत एवं जापान के खिलाफ आक्रामकता, ताइवान को खुद में शामिल करने के उसके प्रयास आदि। दोनों रिपब्लिकन सीनेटर ने कहा, प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष (नैंसी) पेलोसी की ताइवान यात्रा के जवाब में बैलिस्टिक मिसाइल दागना और ताइवान को घेरने सहित चीन की आक्रामक कार्वाइयां... ताइवान के संबंध में अमेरिकी नीति को निर्धारित करने और मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को कमजोर करने का एक प्रयास है। सांसदों ने यह पत्र ऐसे समय में लिखा है, जब हाल में बाइडन ने इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ आमने-सामने की मुलाकात की थी। राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद बाइडन की शी के साथ यह पहली व्यक्तिगत मुलाकात थी।

## अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष पद की दावेदारी पेश नहीं करेंगी पेलोसी

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी** प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह नई कांग्रेस (संसद) में प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष पद की दावेदारी पेश नहीं करेंगी। मध्यावधि चुनाव में प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी की जीत से डेमोक्रेटिक पार्टी का बहुमत खत्म हो गया है। पेलोसी के अध्यक्ष पद की दावेदारी से पीछे हटने से नई पीढ़ी के नेताओं के लिए मार्ग प्रशस्त होगा। पेलोसी ने सदन में अपने ओजस्वी भाषण में कहा कि उन्होंने करीब 20 साल तक डेमोक्रेटिक पार्टी का नेतृत्व करने और उनके पति पॉल पर हुए हमले- तथा जनता की सेवा करने के बाद इस पद से हटने का फैसला किया है। पिछले महीने सैन फ्रांसिस्को में पेलोसी के पति पॉल पर उनके घर में हमला हुआ था। कैलिफोर्निया से डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता और अमेरिकी इतिहास में महत्वपूर्ण हस्ती के रूप में अपना नाम दर्ज कराने वाली पेलोसी आधुनिक समय में प्रतिनिधि सभा की सर्वाधिक शक्तिशाली अध्यक्ष थीं।

## पाकिस्तान में नए सेना प्रमुख की नियुक्ति में देरी से पैदा हुआ असमंजस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मे शायद ही किसी मामले पर इतनी ज्यादा राजनीतिक गहमागहमी और मीडिया हलचल पैदा होती है, जितनी सेना प्रमुख की नियुक्ति को लेकर उत्पन्न होती है। पाकिस्तान में सैन्य तख्तापलट की आशंका रहती है, इस लिहाज से सेना प्रमुख की नियुक्त काफी बड़ा मुद्दा माना जाता है। पाकिस्तान मे सेना प्रमुख की शक्तियां किसी कानूनी किताब के अनुसार तय नही होती है बल्कि प्रभुत्व के दम पर उसे शक्तियां मिली होती हैं। पाकिस्तान के परमाणु शक्ति संपन्न देश होने की वजह से सेना प्रमुख की नियुक्ति पर देश ही नही बल्कि दुनियाभर की नजर रहती है। सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा 29 नवंबर को सेवानिवृत्त होने जा रहे है। उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति एक प्रशासनिक मामला है। कानून के अनुसार वर्तमान प्रधानमंत्री के पास शीर्ष के तीन-स्टार जनरल में से किसी एक को सेना प्रमुख चुनने की शक्ति होती है, लेकिन राजनीतिक रूप से इसका मतलब अलग होता है। प्रधानमंत्री किसी ऐसे व्यक्ति को सेना प्रमुख चुनना चाहता है जो अपना काम करता रहे और उसके लिए चुनौती न बने। पाकिस्तान के 75 से अधिक साल के इतिहास में आधे से ज्यादा समय तक देश पर शासन करने वाली सेना ने अब तक सुरक्षा और विदेश नीति के मामलो मे अपनी शक्ति का काफी इस्तेमाल किया है।

## पाकिस्तान के सिंध में वैन के खाई में गिरने से 20 लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बाढ़ प्रभावित सिंध प्रांत में एक वैन के पानी से भरे गड्ढे में गिर जाने से 12 बच्चों सहित कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। घटना बृहस्पतिवार को उस समय हुई जब महिलाओं और बच्चों समेत श्रद्धालुओं को लेकर सूबे के खैरपुर से सहवान शरीफ की ओर जा रही यात्री वैन खैरपुर के पास सिंधु राजमार्ग पर बाढ़ के पानी के लिए बनाए गए गड्ढे में गिर गई। दुनिया टीवी ने बताया कि 12 बच्चों सहित 20 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, शवों को निकालकर सैयद अब्दुल्ला शाह संस्थान, सहवान शरीफ भेजा गया है। पुलिस अधिकारी इमरान कुरैशी ने कहा कि वैन खैरपुर जिले से यात्रियों को सहवान मे एक प्रसिद्ध सूफी दरगाह ले जा रही थी।सिंधु नदी मे पानी के प्रवाह को तेज करने के लिए सिंधु राजमार्ग से आगे, 30 फुट चौड़ा गड्ढा बनाया गया था। करीब दो माह से यह गड्ढा पानी से भरा था। तीन दशकों में रिकॉर्ड बारिश से देश की सबसे भयानक बाढ़ के कारण पाकिस्तान अभूतपूर्व पीड़ा से गुजरा है। बाढ़ की वजह से।,600 से अधिक लोगों की जान चली गई और कई सड़क तथा पुल क्षतिग्रस्त हो गए।

## गाजा में जन्मदिन पार्टी के दौरान आग लगने से एक ही परिवार के 17 सदस्यों की मौत

जाबालिया शरणार्थी शिविर (गाजा पट्टी)। गाजा पट्टी मे जन्मदिन की पार्टी के दौरान एक अपार्टमेंट मे आग लगने की घटना मे मरने वालो मे एक ही परिवार के 17 सदस्य शामिल है। एक रिश्तेदार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हमास के नियंत्रण वाले गाजा में अधिकारियो ने बताया है कि जाबालिया शरणार्थी शिविर मे तीन मंजिला एक आवासीय इमारत में आग लगने की वजह वहां रखी गैसोलीन बताई जा रही है। यह स्पष्ट नही है कि गैसोलीन में आग कैसे लगी। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच की जा रही है। अधिकारियो ने मरने वालो की संख्या 21 बताई है। उन्होने बताया कि आग से इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल नष्ट हो गई। उन्होने बताया कि यह अर्पाटमेंट अबू राया परिवार का है। परिवार के प्रवक्ता मोहम्मद अबू राया ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि एक बच्चे की जन्मदिन पार्टी के लिए परिवार के लोग एकत्र हुए थे।

## अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार काठमांडू पहुंचे

काठमांडू। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार नेपाल मे रविवार को होने वाले आम चुनाव के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर शुक्रवार को यहां पहुंचे। कुमार (62) भारत के निर्वाचन आयोग के दो अधिकारियो सहित चार सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। नेपाल में 20 नवंबर को संघीय संसद के 275 सदस्यो और सात प्रांतीय विधानसभाओ की 550 सीट के लिए चुनाव होने है। नेपाल के निर्वाचन आयोग के संयुक्त सचिव शालिग्राम शर्मा पौडेल ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कुमार और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यो का स्वागत किया। काठमांडू पहुंचने के कुछ ही देर बाद कुमार, उनकी पत्नी और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य नेपाल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पोखरा के लिए रवाना हो गए। कुमार अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियो के साथ चुनाव का निरीक्षण करेंगे। कुमार 22 नवंबर को अपनी पांच दिवसीय यात्रा समाप्त करने से पहले काठमांडू और आसपास के क्षेत्रों मे मतदान केंद्रो का दौरा करेंगे।

# भारत का भविष्य पहले से कहीं अधिक उज्ज्वल है : अमेरिकी सांसद

भाषा। वाशिंगटन

**भारत के** साथ अमेरिका के प्रगाढ़ होते संबंधों पर खुशी जताते हुए अमेरिकी सांसद जॉन कार्टर ने कहा कि भारत का भविष्य आज पहले से कहीं अधिक उज्ज्वल है। कार्टर ने प्रतिनिधि सभा में बुधवार को कहा, मैं ब्रिटिश साम्राज्य से भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आज (सदन में) खड़ा हुआ हूं। उन्होंने कहा कि पिछले दशकों में लोकतंत्र और स्वशासन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता अटूट रही है और उसका भविष्य आज पहले से कहीं अधिक उज्ज्वल है। उन्होंने कहा, मैं भारत के साथ अमेरिका के संबंधों के अनवरत मजबूत होने से उत्साहित हूं, जैसा कि पिछले 75 साल से जारी है और भारतीयों को हमारा मित्र बताने पर मुझे गर्व है। कार्टर ने कहा, संसद ने 15 अगस्त, 1947 को भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम पारित किया था जिसने भारत को लगभग 90 वर्षों के बाद आधिकारिक तौर पर एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। कार्टर ने कहा, संसद के इस अधिनियम ने इतिहास के सबसे बड़े लोकतंत्र के निर्माण को चिह्नित किया, जो एक अरब से अधिक आबादी वाले मजबूत राष्ट्र का संचालन करता है। कार्टर के इस बयान से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने उभरती प्रौद्योगिकियों एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित अन्य क्षेत्रों में भारत एवं अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी की स्थिति की समीक्षा की थी।

## बहुपक्षीय मंचों की शुचिता भंग करना पाकिस्तान की बुरी आदत : भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने सुरक्षा परिषद में सुधारों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की एक बैठक में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने को लेकर पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि झूठ फैलाने की उसकी दुस्साहसपूर्ण करतूतों और बहुपक्षीय मंचों की शुचिता भंग करने की उसकी बुरी आदत की अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा निंदा की जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों के मुद्दे पर महासभा ने बृहस्पतिवार को एक समग्र बैठक की जिसमें पाकिस्तान ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के सलाहकार प्रतीक माथुर ने कहा, इस पवित्र सदन का पाकिस्तान लगातार दुरुपयोग करता आ रहा है, भारत को हक है कि वह उसका जवाब दे और आज मैं इस मंच पर भारत के उस हक के साथ अपनी बात रखूंगा।

# पत्रकार की हत्या मामले में सऊदी क्राउन प्रिंस को बचाने के लिए अमेरिका ने उठाए कदम

भाषा। वाशिंगटन



**राष्ट्रपति जो** बाइडन प्रशासन ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस के कार्यालय को उन्हें अमेरिका के पत्रकार की हत्या मामले में उनकी भूमिका के लिए मुकदमों से बचाना चाहिए। यह एक बड़ा बदलाव है क्योंकि इस नृशंस हत्या को लेकर प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की निंदा के लिए जो बाइडन ने जोरदार आभियान चला चुके हैं। प्रशासन ने कहा कि प्रिंस की आधिकारिक स्थिति से उन्हें वाशिंगटन पोस्ट के मारे गए लेखक जमाल खशोगी की मंगेतर और उनके द्वारा स्थापित अधिकार समूह डेमोक्रेसी फॉर द अरब वर्ल्ड नाउ द्वारा दायर मुकदमे में प्रतिरक्षा मिलनी चाहिए। राज्य विभाग ने बृहस्पतिवार को खशोगी की हत्या में सऊदी क्राउन प्रिंस को अमेरिकी अदालतों से बचाने की कोशिश करने के प्रशासन के फैसले को विशुद्ध रूप से एक कानूनी दृढ़ संकल्प करार दिया। साथ ही कहा कि अनुरोध गैर-बाध्यकारी है और एक न्यायाधीश अंततः निर्णय करेगा कि प्रतिरक्षा प्रदान की जाए या नहीं। लेकिन इससे मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और कई अमेरिकी सांसदों का नाराज होना तय है। क्योंकि सऊदी अरब ने देश और विदेश में शांतिपूर्ण आलोचकों के खिलाफ कारावास और अन्य जवाबी कार्वाई को कड़ा करने समेत तेल उत्पादन में कटौती कर दी है। तेल में कटौती के इस कदम को अमेरिका और उसके सहयोगियों के उस दमनकारी प्रयास के रूप में देखा जा रहा है जिसका मकसद यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए रूस को दंडित करना है।

# बाजार दूसरे दिन फिसला, सेंसेक्स 87 अंक नुकसान में

**साप्ताहिक आधार पर लगभग स्थिर**

भाषा। मुंबई

**वैश्विक बाजारों** में सुस्त रुख और वाहन, वित्त तथा ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में 400 से अधिक अंक लुढ़कने के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कुछ हद तक उबरते हुए 87.12 अंक या 0.14 प्रतिशत टूटकर 61,663.48 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 36.25 अंक या 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,307.65 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में सबसे अधिक 2.46 प्रतिशत की गिरावट आई। मारुति, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, आईटीसी और विप्रो के शेयर भी प्रमुख रूप से गिरावट में रहे। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू मोर्चे पर कोई ź393ास हलचल नहीं होने के कारण स्थानीय बाजार अब भविष्य की दिशा के लिए वैश्विक रुझान पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, विकसित देशों के बाजारों में नकारात्मक रुझान और अमेरिकी केंद्रीय बैंक की आक्रामक टिप्पणियों ने दुनिया भर में चल रहे सकारात्मक रुझानों को प्रभावित किया है। नायर ने कहा, सुधार के देर से प्रयास के बावजूद सरकारी बैंकों को छोड़कर घरेलू बाजार में बड़े पैमाने पर नकारात्मक प्रवृत्ति के साथ कारोबार हुआ। वहीं, साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 131.56 अंक यानी 0.21 प्रतिशत तथा निफ्टी में 42.05 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई का स्मॉलकैप सूचकांक 0.45 प्रतिशत और मिडकैप 0.44 प्रतिशत टूट गया। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में बंद हुआ। यूरोपीय बाजार शुरूआती कारोबार में सकरात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट बृहस्पतिवार को गिरावट में बंद हुआ था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90.09 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर आ गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से 618.37 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## अर्थव्यवस्था मजबूत, लेकिन वैश्विक चुनौतियों को लेकर संवेदनशीलः आरबीआई लेख

**मुंबई।** सकल मुद्रास्फीति में कमी के संकेत मिलने के साथ ही घरेलू स्तर पर अर्थव्यवस्था में लचीलापन देखने को मिल रहा है, लेकिन यह अभी भी वैश्विक प्रतिकूलताओं के प्रति संवेदनशील है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक लेख में यह बात कही गई। आरबीआई के ताजा बुलेटिन में प्रकाशित लेख में यह भी कहा गया कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में गिरावट का जोखिम बना हुआ है, वैश्विक वित्तीय स्थितियां सख्त होती जा रही हैं और बाजार की नकदी में कमी वित्तीय कीमतों में उतार-चढ़ाव को बढ़ा रही है। इसमें आगे कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था में आपूर्ति प्रतिक्रिया मजबूत हो रही है। लेख में कहा गया, सकल मुद्रास्फीति (हेडलाइन इंफ्लेशन) में कमी के संकेत दिखने के साथ ही घरेलू व्यापक आर्थिक परिदृश्य में मजबूती है, लेकिन यह वैश्विक चुनौतियों के प्रति संवेदनशील भी है। लेख के मुताबिक शहरी मांग मजबूत दिखाई दे रही है, जबकि ग्रामीण मांग कमजोर है, लेकिन हाल ही में इसमें तेजी आई है। लेख को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व में एक टीम ने तैयार किया है। आरबीआई ने कहा कि यह लेखकों की राय पर आधारित है तथा केंद्रीय बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

## बेहतर लोग ट्विटर के साथ, मुझे चिंता नहीं: मस्क

**न्यूयॉर्क,।** ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क ने कहा है कि सोशल मीडिया कंपनी के भविष्य को लेकर वह बहुत ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि सर्वश्रेष्ठ लोग कंपनी के साथ हैं। दरसअल मस्क ने जो समयसीमा दी थी उसका पालन करते हुए सैकड़ों कर्मचारी कंपनी छोड़ चुके हैं। ट्विटर ने संदेश भेजकर कर्मचारियों से कहा था कि अगले कुछ दिन के लिए वह कार्यालय भवनों को बंद कर रही है। जिसके बाद अनेक कर्मचारियों ने कंपनी छोड़ दी थी। कंपनी के एक उपयोगकर्ता ने ट्वीट करके मस्क से पूछा था लोगों का कहना है कि ट्विटर बंद होने वाला है, इसका क्या मतलब है। इसके जवाब में मस्क ने ट्वीट किया, सर्वश्रेष्ठ लोग ट्विटर में रूक रहे हैं। मुझे खास चिंता नहीं है। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि मस्क ने कर्मचारियों को यह तय करने के लिए बृहस्पतिवार शाम पांच बजे तक कि समयसीमा दी थी कि वे ट्विटर छोड़ना चाहते हैं या कंपनी में रहना चाहते हैं। जिसके बाद सैकड़ों कर्मचारियों ने कंपनी को अलविदा कहने और तीन महीने की क्षतिपूर्ति लेने का निर्णय लिया।

## कुछ विदेशी कंपनियां भारत में हाइपरलूप तकनीक लाने की इच्छुक : नीति सदस्य

भाषा। नई दिल्ली

नीति आयोग के सदस्य वी के सारस्वत ने शुक्रवार को कहा कि कुछ विदेशी कंपनियां भारत में अत्यधिक उच्च गति वाली रेल यात्रा के लिए हाइपरलूप तकनीक लाने की इच्छुक हैं, हालांकि इस संबंध में चर्चा अभी शुरुआती चरण में है। सारस्वत हाइपरलूप प्रौद्योगिकी की तकनीकी और व्यावसायिक व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए गठित समिति के प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि समिति ने इस बारे में एक प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की है। उन्होंने कहा, हमने कुछ कंपनियों के साथ बातचीत भी की है, जो विदेशी कंपनियां हैं। ए पहले ही इस (हाइपरलूप) तकनीक को विकसित कर रही हैं। सारस्वत ने आगे कहा, उन्होंने इस तकनीक को भारत में लाने में कुछ दिलचस्पी दिखाई है। चर्चा बेहद शुरुआती चरण में है। हाइपरलूप एक उच्च गति वाली रेलगाड़ी है, जो एक सुरंगनुमा ट्यूब के अंदर वैक्यूम में चलती है। इस तकनीक की चर्चा व्यवसाई एलन मस्क ने की है। दुनिया भर में वर्जिन हाइपरलूप सहित कई अन्य कंपनियां इस तकनीक पर काम कर रही हैं।

### छंटनी अगले साल भी रहेगी जारी : अमेजन सीईओ

**न्यूयॉर्क,।** अमेजन के कॉरपोरेट कर्मियों की बड़े पैमाने पर छंटनी जारी रहने के बीच कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एंडी जेस्सी ने कहा है कि यह सिलसिला अगले साल भी जारी रहेगा। कर्मचारियों को भेजे संदेश में जेस्सी ने कहा, मैं बिना किसी संदेह के यह कह सकता हूं कि इस समय हमने जो निर्णय लिया है वह बहुत ही मुश्किल है। सिएटल की कंपनी अमेजन बीते कुछ महीनों से अपने कारोबार के विभिन्न क्षेत्रों में लागत कम करने के प्रयास कर रही है। कंपनी में वार्षिक समीक्षा प्रक्रिया चल रही है जिसमें यह पता लगाया जाता है कि धन की बचत कहां और किस प्रकार की जा सकती है। जेस्सी ने कहा कि इस वर्ष की समीक्षा अधिक कठिन है जिसकी वजह आर्थिक परिदृश्य और बीते कुछ वर्षों में कंपनी में तेजी से हुई भर्तियां हैं।

## एआईआईबी को नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट प्रौद्योगिकियों में बढ़ाना चाहिए निवेश: सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) को नवीकरणीय ऊर्जा और स्मार्ट प्रौद्योगिकी में निवेश बढ़ाना चाहिए, इसके साथ ही उन्होंने इस बहुपक्षीय एजेंसी से भारत में क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने का भी अनुरोध किया।

Public Notice

NOTICE is hereby given that (1) Mr. Bhim Singh, (2) Purushottam Singh Thakur, (3) Mr. Satyendra, (4) Mr. Laxman Singh, (5) Mrs. Yamini, (6) Mr. Nirmal Singh, (7) Mr. Mahinder Kumar are owners of Property bearing Municipal No. 11673, area measuring 75 Sq. Yds., Out of Khasra No. 3570/642/2, Block-U, Gali No. 1, Situated at Basti Reghar, sat Nagar, Karol Bagh, New Delhi by way of Conveyance Deed dated 19.08.2020 Doc. No. 3936 & Relinquishment Deed dated 02.03.2021 Document No. 2008 and Relinquishment Deed dated 02.03.2021 Document No. 2009. Now, (1) Mr. Bhim Singh, (2) Purushottam Singh Thakur, (3) Mr. Satyendra, (4) Mr. Laxman Singh, (5) Mrs. Yamini, (6) Mr. Nirmal Singh, (7) Mr. Mahinder Kumar have intending to sell the above said property to Mr. Vikas Sethi and further Mr. Vikas Sethi agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our client IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

## न्यूट्रीचॉइस ने डाइट कंसल्टेशन की शुरुआत की

**मुंबई।** इस वर्ल्ड डायबिटीज डे पर ब्रिटानिया न्यूट्रीचॉइस ने अपनी तरह की पहली सेवा शुरू की है जो कि डायबिटीज के रोगियों के लिए बेहतर न्यूट्रिशन के विषय में जागरूकता प्रदान करती है। इस सेवा के अंतर्गत रयान फर्नांडो जोकि एक न्यूट्रिशन एक्सपर्ट हैं लोगों को उनकी उम्र के हिसाब से खान-पान का ध्यान रखने के लिए कंसल्टेशन प्रदान करेंगे। यह अभियान भारत में 15 मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंचेगा और डायबिटीज को रोकने एवं प्रबंधित करने में मदद करेगाए साथ ही डायबिटीज के रोगियों के लिए स्वस्थ भोजन के विषय में जागरूकता भी बढ़ाएगा। यदि डायबिटीज की बात की जाए तो चीन के बाद भारत दुनिया में दूसरा ऐसा देश है जिसमें 77 मिलियन लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं ;स्रोत आईडीएफद्ध डायबिटीज इस सदी की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्या है जो कि समस्त विश्व में अपना प्रसार कर चुकी है। डायबिटीज मृत्यु दर के 10 प्रमुख कारणों में से एक है। भारत में डायबिटीज से पीड़ित हर 2 में से 1 वयस्क का निदान नहीं हो पाता है। भारत में डायबिटीज के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और यहां पर सेडेंटरी लाइफस्टाइल तथा गलत खानपान इस रोग के पनपने के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है। यह एक ऐसी समस्या है जिससे लाखों लोग प्रभावित हैं परंतु इस बीमारी का कोई एक समाधान अभी तक नहीं मिला है जो सभी के लिए उपयुक्त हो। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चीफमार्केटिंग ऑफीसर अमित दोषी ने कहा कि यदि डायबिटीज की बात की जाए तो भारत पूरी दुनिया में दूसरे नंबर पर आता है जहां पर लोग डायबिटीज का प्रबंधन करने की कोशिश कर रहे हैं।

### महामारी के दौरान पैदा हुई दूरी को खत्म करने की पहल

**नई दिल्ली।** लॉजिटेक पर्सनल वर्कस्पेस को सरल बनाने के लिए काम कर रहा है। वन टच मीटिंग कंट्रोल और इनबिल्ट स्पीकरफोन के साथ ऑल इन वन डॉकिंग स्टेशन लॉजी डॉक के लॉन्च के साथ लॉजिटेक रिमोट और हाइब्रिड वर्कर के लिए वीडियो मीटिंग के अनुभव में सुधार कर रहा है। आनंद लक्ष्मणन ने कहा, महामारी के दौरान पैदा हुई दूरी को खत्म करने के लिए हम एक समाधान के साथ आए हैं, जो एक डिसरप्टीव, सरल और आधुनिक डॉकिंग सॉल्यूशन है।

# आंकड़ा संरक्षण विधेयक के तहत उल्लंघन मामले में 500 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाने का प्रस्ताव

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार ने** डिजिटल निजी आंकड़ा संरक्षण विधेयक 2022 के प्रस्तावित मसौदे के तहत प्रावधानों का उल्लंघन करने पर जुर्माने की राशि बढ़ाकर 500 करोड़ रुपए तक कर दी है। निजी आंकड़ा संरक्षण विधेयक के 2019 में जारी मसौदे में जुर्माने की राशि 15 करोड़ रुपए या किसी भी कंपनी के वैश्विक कारोबार का चार फीसदी रखना प्रस्तावित था। मसौदा विधेयक में कहा गया, इस विधेयक का उद्देश्य डिजिटल निजी आंकड़ों का प्रसंस्करण कुछ इस प्रकार से करने की व्यवस्था देना है जिससे कि अपने निजी आंकड़ों की रक्षा करने का लोगों का अधिकार कायम रहे। साथ ही निजी आंकड़ों का प्रसंस्करण कानूनी उद्देश्यों के अलावा किसी और काम के लिए नहीं किया जाए। प्रस्तावित विधेयक आंकड़ा संरक्षण विधेयक के स्थान पर लाया गया है जिसे सरकार ने इस वर्ष अगस्त में वापस ले लिया था। मसौदा विधेयक के तहत भारतीय आंकड़ा संरक्षण बोर्ड की स्थापना करना प्रस्तावित है जो विधेयक के अनुरूप काम करेगा। इसमें कहा गया, जांच के निष्कर्ष में बोर्ड को ऐसा पता चलता है कि बहुत अधिक उल्लंघन किया गया है तो व्यक्ति को सुनवाई का समुचित अवसर देने के बाद वित्तीय जुर्माना लगाया जा सकता है जो प्रत्एक मामले में 500 करोड़ रुपए से अधिक नहीं होना चाहिए। आंकड़ों का प्रसंस्करण करने वाली इकाई अपने नियंत्रण या अधिकार में मौजूद निजी जानकारी या आंकड़ों की सेंधमारी के खिलाफ संरक्षण करने में नाकाम रहती है तो उस पर 250 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## सरकार ने सार्वजनिक बैंकों के सीईओ के लिए अधिकतम कार्यकाल बढ़ाकर दस वर्ष किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तथा प्रबंध निदेशक (एमडी) के लिए अधिकतम कार्यकाल बढ़ाकर 10 वर्ष कर दिया है। इस कदम से सरकार को बैंकिंग क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को लंबे समय तक साथ बनाए रखने में मदद मिलेगी। सरकार ने 17 नवंबर 2022 को अधिसूचना जारी की जिसमें बताया गया कि नियुक्ति की अवधि पहले के पांच वर्ष से बढ़ाकर अब दस वर्ष कर दी गई है। पहले, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशक या कार्यकारी निदेशक को अधिकतम पांच वर्ष या 60 वर्ष की आयु पूरी होने तक (जो भी पहले हो) का ही कार्यकाल मिलता था। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के पूर्णकालिक निदेशकों के लिए भी यही मापदंड होता था। अधिसूचना मे कहा गया गया कि प्रबंध निदेशक समेत पूर्णकालिक निदेशक का आरंभिक कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक नही होना चाहिए, इसमें विस्तार दिया जा सकता है लेकिन यह भी आरंभिक कार्यकाल को मिलाकर दस वर्ष से अधिक नही होना चाहिए। सरकार के इस फैसले से बैंकों को ऐसी प्रतिभाओं को अपने साथ बनाए रखने में मदद मिलेगी जो 45-50 वर्ष की आयु मे ही पूर्णकालिक निदेशक के पद पर पहुंच गए।

SBFC
SBFC Finance Limited
Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, SangamComplex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com|
Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

सार्वजनिक सूचना

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनैन्स लिमिटेड द्वारा दिनांक 25 नवंबर 2022 को क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O-7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II,नई दिल्ली-110024, गौतम बुध नगर जनपद : प्लाट नंबर-5,ग्राउंड फ्लोर,वाइट कैसल होटल के सामने, डबरी रोड, सलारपुर, भंगेल, सेक्टर - 101, जनपद गौतम बुध नगर, नॉएडा-201304 गाजियाबाद जनपद शाखा 2वी, RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़ जनपद पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग,गढ़ रोड़, हापुड़-245101 पर की जाएगी।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में असमर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

नीलाम किये जाने वाले स्वर्ण आभूषण शाखा विवरण के साथ नीचे उल्लेखित विभिन ग्राहकों के ग्राहक ID के सभी लिंक किये गए खातों से सम्बंधित हैं।

Delhi: ,AP00010401,AP00021421,AP00049376,AP00050148,AP00088997,AP00092078, AP00125911,AP00153595 ,AP00161577,AP00163273,AP00171422,AP00172111, AP00175976,AP00181579,AP00182233,AP00183478,AP00186028,AP00192385, AP00193883,AP00194850,AP00197822,AP00198344,AP00207108,AP00213327, AP00270842,AP00301891,AP00304047,AP00305380,AP00306648,AP00307546, AP00311746,AP00313965,AP00314003,AP00320203,AP00322550,AP00323135, AP00324929,AP00326622,AP00352242,AP00367775,AP00370790,AP00371918, AP00373263,AP00376658,AP00377632,AP00385823,AP00386121,AP00386709, AP00392346,AP00393991,AP00396608,AP00396707,AP00398293,AP00402641, AP00406368,AP00406383,AP00406742,AP00406745,AP00413048,AP00414057, AP00420945,AP00423671,AP00425040,AP00431184,AP00431716,AP00431732, AP00433155,AP00433157,AP00437615,AP00438199,AP00440055,AP00447872, AP00448159,AP00449038,AP00449810,AP00456627,AP00457050,AP00458665, AP00458992,AP00461137 GHAZIABAD: AP00327442,AP00328066,AP00328797, AP00331115,AP00339067,AP00339337,AP00392524,AP00398357,AP00407734, AP00415167,AP00437299,AP00437351,AP00449811 HAPUR: AP00345892, AP00354234,AP00431507 NOIDA:AP00466100

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:
एसबीएफसी फायनैन्स लिमिटेड
संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207,
फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरूग्राम शाखा 0124-4276037 नॉएडा: 8368589407,
एसबीएफसी फायनैन्स लिमिटेड को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है

# जनचौपाल में बोले डीएम, कोई समस्या हो तो बतायें

संवाददाता। चित्रकूट



जनचौपाल में समस्यायें सुनते डीएम पायनियर

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने अकबरपुर गांव में शीतकालीन जनचौपाल में प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड, दिव्यांग, विधवा पेंशन, शौचालय, गांव में रास्ता, गौशाला, कन्या सुमंगला योजना, विद्युत, प्राथमिक विद्यालय, किसान सम्मान निधि, हैण्डपम्प रिबोर, नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग निर्माण, संचारी रोग नियंत्रण, सुमन आजीविका समूह, गायत्री आजीविका समूह, उज्जवला योजना आदि ग्रामीण समस्याओं पर जनता से वार्तालाप किया। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कहा कि जिस विभाग से किसी को कोई समस्या हो, तत्काल निराकरण करायें। मनरेगा में कहा कि पात्रों को जिनके जाबकार्ड नहीं बनें, बनवायें। गोल्डन कार्ड के बारे में पूंछकर कहा कि आशा रात को गांव में आती है या नहीं। हर घर जाती है या नहीं। कोई शिकायत हो बतायें। आशाओं से कहा कि लोगों के कार्य करने को गांव में जायें। कार्य न करने पर सेवा समाप्त कर दी जायेगी। कोटेदारों से वार्ता की। गांव वालों ने कहा कि कोई समस्या नहीं है। उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण में पूंछा कि गांव में फागिंग हुई है या नहीं। ग्रामीणों ने कहा कि फागिंग हुई है। जिलाधिकारी ने हिदायत दी की प्रधान व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिलकर गांव में अच्छे ढंग से फागिंग करायें। उज्जवला कनेक्शन में पात्रों को कनेक्शन नहीं मिले तो कैम्प लगाकर कनेक्शन करायें। शासन की मंशानुरुप गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें। किसी कार्य में लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। इस मौके पर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसडीएम राजबहादुर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, बीडीओ आस्था पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, बीएसए लवप्रकाश यादव, डीएसओ बीके महान, समाजकल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला दिव्यांग अधिकारी प्रतिभा पाल, सचिव मान सिंह, प्रधान गुडिया सिंह आदि मौजूद रहे।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर बैग में मिला युवती का शव

भाषा। मथुरा

● **नहीं हो पायी शिनाख्त, पुलिस ने जताई गोली मारकर हत्या किए जाने की आशंका**

**मथुरा** जनपद में शुक्रवार दोपहर यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर लाल रंग के एक ट्राली बैग में प्लास्टिक में पैक एक युवती का शव बरामद किया गया है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (देहात) त्रिगुण विनेश ने बताया कि दोपहर में यह सूचना मिली कि राया क्षेत्र के कृषि अनुसंधान केंद्र के समीप यमुना एक्सप्रेसवे से सटे सर्विस रोड पर लाल रंग के ट्रॉली बैग पड़ा है।

अधिकारी ने बताया कि बैग को खोलने पर उसमें प्लास्टिक में पैक किया हुआ युवती का एक शव पाया गया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि गोली मारकर हत्या करने के बाद उसका शव यहां लाकर डाला गया है। उन्होंने बताया कि युवती के कपड़ों से उसकी कोई पहचान सम्भव नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस अपनी जांच में जुटी हुई है और उसकी शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। इसके बाद युवती की हत्या करने वाले का पता लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवती की उम्र करीब 22 वर्ष जान पड़ती है। उसका कद पांच फीट दो इंच है और रंग गोरा और उसके लंबे काले बाल हैं। युवती ने स्लेटी कलर की टी-शर्ट पहनी हुई थी, जिस पर लेजी डेज लिखा है। नीचे नीला और सफेद फूल पत्तीदार प्लाजो पहन रखी थी। उसके बाएं हाथ पर कलावा और काला धागा बंधा है।

विनेश ने बताया कि सूटकेस में लालसफेद एवं बैगनी रंग की साड़ी भी मिली है। आशंका है कि युवती की हत्या के बाद उसका शव यहां लाकर फेंका गया है। क्षेत्रीय पुलिस उपाधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि समीप के सभी जनपदों के थानों को इस घटना की सूचना भेजी गई है। पुलिस सबसे पहले शव का शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। युवती का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### सांसद रवि किशन ने गुजरात में मोदी छे गीत जारी किया

**गोरखपुर (भाषा)।** सांसद और लोकप्रिय अभिनेता रवि किशन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर गुजराती-भोजपुरी गीत गुजरात में मोदी छे जारी किया। आगामी गुजरात चुनाव को देखते हुए यह गीत जारी किया गया है। इस गीत को जारी किए जाने के 10 घंटे के भीतर 9900 लोगों ने इसे देखा। इस गीत के लिए जारी पोस्टर में सरदार वल्लभ भाई पटेल, प्रधानमंत्री मोदी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और सांसद रवि किशन का उल्लेख किया गया है। इस गाने को उत्तर प्रदेश और बिहार के उन लोगों के लिए तैयार किया गया है जो गुजरात में रहते हैं। सांसद रवि किशन ने उम्मीद जताई है कि यह गाना गुजरात में यूपी-बिहार के लोगों के बीच लोकप्रिय होगा। यहां संवाददाताओं से बातचीत में रवि किशन ने कहा कि गुजरात में मोदी छे गाना प्रधानमंत्री मोदी की ईमानदारी और भ्रष्टाचार एवं भाई भतीजावाद के खिलाफ उनकी नीति और गुजरात मे विकास के बारे मे है। इस गीत मे महात्मा गांधी और सरदार पटेल का भी जिक्र है।

### युवती के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया (भाषा)।** पुलिस ने विवाह करने के बहाने एक 20 वर्षीय युवती का कथित तौर पर अपहरण करने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी एक व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि बांसडीह रोड पुलिस थाना अंतर्गत रहने वाली युवती का विवाह करने के बहाने इस साल आठ सितंबर को 25 वर्षीय एक युवक द्वारा कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया था और उसके साथ तीन दिनों तक दुष्कर्म किया गया था। पुलिस ने कहा कि आरोपी ने युवती को जान से मारने की धमकी भी दी थी। बाद में युवती ने पुलिस को इस संबंध में शिकायत की और संबद्ध धाराओं के तहत आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को परिखरा बस अड्डे से गिरफ्तार किया गया और आगे की कार्वाई की जा रही है।

### पति की हत्या की दोषी पत्नी को आजीवन कारावास की सजा

**बलरामपुर (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले की एक अदालत ने पति की हत्या के मामले में पत्नी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और उस पर 10,000 रूपए जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता नवीन तिवारी ने शुक्रवार को बताया की रेहरा थाना क्षेत्र के जनकपुर लोनियनडिहवा गांव मे 13 सितंबर 2018 को उदयभान चौहान (48) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई हंसराज की तरह से मृतक उदयभान की पत्नी सरस्वती देवी पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने छानबीन के दौरान आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर साक्ष्यों को इकट्ठा किया। उन्होंने बताया कि अदालत में दोनो पक्षों की दलीले सुनने और साक्ष्यों के आधार पर सरस्वती देवी को दोषी मानते हुए अपर जिला एवम सत्र न्यायलय फास्ट ट्रैक अदालत (प्रथम) ने सरस्वती देवी को आजीवन कारावास और दस हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

### सिघांडा व्यापारी चन्दन को पुलिस ने खोये हुए 31 हजार रुपये किए सुपुर्द

**मेंहदावल।** चन्दन पुत्र स्व0 रामसुभग निवासी मोतीनगर थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा थाना मेहदावल पर आकर मौखिक सूचना दिया गया कि उनके द्वारा कस्बा मेहदावल में सिंघाड़ा का व्यापार किया जाता है। मैं कस्बा मेहदावल में आकर पूर्व में विक्रय किये हुए सिंघाड़े का 31 हजार रु0 वसूल कर काली पालीथीन में रखा था, मेरा पैंसा कहीं गुम हो गया है। इस सूचना पर तत्काल चीता मोबाइल कर्मचारीगण कां0 अखिलेश पाण्डेय व कां0 रत्नेश सिंह मौके पर पहुंचकर खोजबीन किया गया तो उक्त पालीथीन एक 06 वर्ष के बच्चे के पास से बरामद हुई, बच्चे की माता द्वारा बचाया गया कि साहब यह पैंसा हमारा नहीं है जिसका हो उसे दिलवा दीजिये। सूचनाकर्ता चन्दन उपरोक्त को थाने पर बुलाकर पालीथीन व उसमें रखे पैंसे को तस्दीक कराकर खोया हुआ पैंसा सुपुर्द किया गया।

### प्रशिक्षित लाभार्थियों को मिला टेबलेट

**मेंहदावल।** प्रदेश सरकार की ओर से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए चलाई जा रही टेबलेट वितरण योजना की कड़ी में शुकवार को छात्रों में टैबलेट का वितरण हुआ। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना में प्रशिक्षित लाभार्थियों को स्मार्टफोन का वितरण जनप्रतिनिधि द्वारा किया गया। जिला प्रबंधक धीरेंद्र विक्रम सिंह ने लाभार्थियों को स्मार्टफोन वितरित करते हुए स्मार्टफोन की उपयोगिता के बारे में बताया। धीरेंद्र सिंह ने कहा कि हर विद्यार्थी को अपनी तैयारी के लिए इंटरनेट और उसके उपकरण की आवश्यकता है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर मेधावी को टैबलेट देने का निर्णय लिया और धरातल पर पारदर्शिता के साथ उसका वितरण किया जा रहा है।बच्चे देश के भविष्य हैं और आज वे मेधावी तब बन सकते हैं जब वे हर क्षेत्र के आधुनिक तकनीक की जानकारी रखें। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया यह टैबलेट बहुत महत्वपूर्ण है।

### महिला ने निकाले खाते से 56 हजार रुपये, युवक ने किये पार

**जालौन (उरई)।** सेंट्रल बैंक से रुपये निकालने आई महिला के 56 हजार रुपये बैंक के अंदर से ही अज्ञात युवक ने चोरी कर लिए। पीड़ित महिला को जब तक अहसास हुआ तब तक युवक वहां से भाग निकला। पीड़िता के पति की सूचना पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दलालपुरा निवासी रामदेवी पति रामदास के साथ घर के कुछ काम के लिए बस स्टैंड स्थित सैंट्रल बैंक की शाखा से दोपहर करीब 12 बजे रुपये निकालने के लिए आई थीं। बैंक में उन्होंने डेढ़ लाख रुपये निकाले और बैंक में ही कुर्सी पर बैठकर पति के साथ रुपये गिनने लगी। बैंक में मौजूद एक युवक उन पर नजर रखे हुए था। रुपये गिनकर पति रुपये रखने के लिए बाहर कोई पॉलीथीन आदि लेने के लिए चले गए और रुपये उन्होंने पत्नी को ही दे दिए। महिला ने रुपये अपने बगल में साड़ी से छिपाकर रख लिए। पास ही बैठा युवक पीछे से हाथ डालकर रुपये निकालने लगा। महिला को जब तक रुपये निकाले जाने का अहसास हुआ तब तक युवक 56 हजार रुपये निकालकर वहां से भाग गया। महिला ने शोर मचाया तो पति भी वहां आ गया। जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखा तो युवक रुपये निकालता हुआ दिखा। उक्त संदर्भ में कोतवाल कमलेश तिवारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस युवक की पहचान का प्रयास कर रही है। शीघ्र ही युवक पुलिस की गिरफ्त में होगा।

### युवक ने पुलिस को दी लूट की झूठी सूचना

**जालौन (उरई)।** नगर में बीज खरीदने के लिए आए युवक ने पुलिस को लूट की झूठी सूचना दे दी। रुपये युवक के पास से ही बरामद हुए। पुलिस युवक से पूछतांछ कर रही है। माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बंगरा निवासी राघवेंद्र कुमार नगर में बीज खरीदने के लिए आया था। दोपहर में उसने पुलिस को सूचना दी कि गल्ला मंडी के पास से बाइक सवार दो लोगों ने उसे रोककर जबरन उसकी जेब में पड़े 17 हजार रुपये छीन लिए और रुपये लेकर दोनों वहां से भाग गए। रुपये छीने जाने की घटना को लेकर पुलिस तत्काल सक्रिय हुई और आसपास पूछतांछ की लेकिन ऐसी कोई घटना पुलिस के सामने नहीं आई। पुलिस ने जब युवक की तलाशी ली तो उसकी जेब से साढ़े 16 हजार रुपये बरामद हो गए। पुलिस ने लूट की झूठी सूचना देने वाले आरोपी को कोतवाली में बैठाया है। पुलिस युवक से झूठी सूचना देने के मामले में पूछतांछ कर रही है।

# फर्जी डिग्री पर नौकरी करने वाले चार शिक्षक बर्खास्त, दर्ज होगी रिपोर्ट

भाषा। प्रतापगढ़

**उत्तर** प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में टीईटी की फर्जी डिग्री लगा कर नौकरी करने वाले चार शिक्षकों को बर्खास्त कर उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि वर्ष 2016 में पंद्रह हजार सहायक शिक्षकों कि नियुक्ति हुई थी, जिसमें शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की फर्जी डिग्री लगा कर विकास खंड लालगंज के प्राथमिक स्कूल भोजपुर में तैनात सहायक शिक्षिका वंदना सिंह, बाबागंज के प्राइमरी स्कूल कोडरखुर्द के सहायक शिक्षक मो. इकबाल व प्राइमरी स्कूल सरायमती के सहायक शिक्षक राम प्रकाश धोबी तथा बेलखरनाथ के प्राइमरी स्कूल नौहरहुसैन पुर के सहायक शिक्षक नौशाद अली ने नौकरी हासिल की थी। उन्होंने बताया कि शिकायत पर जांच में फर्जी डिग्री पाए जाने पर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था, स्पष्टीकरण देने के बजाए चारों शिक्षक स्कूल छोड़ कर फरार हो गए थे। उन्होंने बताया कि चारों शिक्षकों को बृहस्पतिवार को बर्खास्त कर खंड शिक्षा अधिकारियों को संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने, और वेतन कि राशि की वसूली करने का निर्देश दिया गया है।

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**बस्ती ( भाषा )** जिले में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को न्यायालय ने 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 45 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के थाना कलवारी पर 9 मई 2020 को शिकायत दर्ज करवाने वाले वादी की नाबालिग पुत्री को घर में अकेला पाकर अभियुक्त मोनू उर्फ लक्ष्मीकांत द्वारा दुष्कर्म किया गया था।

# चार बाल वैज्ञानिक राज्य स्तर के लिए चयनित

संवाददाता। उन्नाव



**राजकीय** बालिका इंटर कॉलेज मोतीनगर उन्नाव मे संपन्न हुई 30 वीं बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता मे 4 बाल वैज्ञानिक राज्य स्तर के लिए चयनित । इस प्रतियोगिता मे कई विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया । सीनियर वर्ग में एम आर आर एस इंटर कॉलेज पुरवा उन्नाव के छात्र अंकुल चौधरी, सौरभ ने मंदिर, मस्जिद, बारात घर में प्रयोग किए हुए फूलों से धूपवत्ती, मच्छर मारने वाली अगरबत्ती बनाई और प्रदूषण कम करने व इसको व्यापार व रोजगार से जोड़कर पारितंत्र और मानव की भूमिका पर ध्यान दिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सीनियर वर्ग मे ही ए पी एम पी एस इंटर कॉलेज शुक्लागंज के दिबिशा और अदिती सिंह अपशिष्ट पदार्थों को उपयोग मे लेकर प्रदूषण और पारितंत्र भविष्य की कार्य योजना तथा स्थान प्राप्त किया । जूनियर वर्ग में एम आर आर एस इंटर कॉलेज पुरवा की अंशिका और श्रेया मिश्रा ने पंक्षी सुरक्षित तब पारितंत्र सुरक्षित् विषय पर पंक्षियो के विलुप्तीकरण की समस्या एव समाधान प्रस्तुत किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया।जूनियर वर्ग मे ही ए पी एम पी एस शुक्लागंज उन्नाव शौर्या सविता तथा श्रेया दीक्षित ने मानव के खान पान और पोषण व शरीर मे होने वाले रोगों की जानकारी दी।इस प्रकार जिले से राज्य स्तर के लिए चार प्रोजेक्ट का चयन हुआ। लौहपुरूष सरदार पटेल इंटर कॉलेज

जिला समन्वयक डा सतेंद्र सिंह राठौर, सहायक समन्वयक अवधकिशोर बाल विज्ञान कांग्रेस उन्नाव ने बाल वैज्ञानिको को जागरूक किया। जिला विद्यालय निरीक्षक उन्नाव रविशंकर तथा प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मोतीनगर उन्नाव किरन भारती तथा निर्णायक टीम ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मेरठ जेल में मुलाकात के बहाने नशे की गोलियां आपूर्ति करने के आरोप में वकील गिरफ्तार

**मेरठ ( भाषा )।** उत्तर प्रदेश में मेरठ के चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में मिलने के बहाने नशे की गोलियां आपूर्ति करने के आरोप में पुलिस ने एक वकील को गिरफ्तार किया है। इस घटना के बाद जेल में सुरक्षा इंतजाम और सख्त कर दिए गए हैं। मेडिकल थाना प्रभारी अखिलेश गौड़ ने शुक्रवार सुबह पीटीआई-भाषा को बताया कि आरोपी अभियुक्त जागृति विहार निवासी वकील अनुज गुप्ता बृहस्पतिवार दोपहर चप्पल के तल्ले में नशे की 2400 गोलियां छिपाकर बंदी को देने के लिए जेल में आया था। शक होने पर सुरक्षाकर्मियों ने वकील की जांच की तो उन चप्पलों में नशें की 2400 गोलियां मिलीं। डिप्टी जेलर राकेश वर्मा की तहरीर पर आरोपी वकील अनुज गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। अखिलेश गौड़ के मुताबिक चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में शराब माफिया साजन उर्फ लुक्का बंद है।

# प्राणनाथ महाविद्यालय में वीरांगना ऊदा देवी को किया याद

संवाददाता। चित्रकूट




वीरांगना को याद करती छात्रायें। पायनियर

**मऊ** कस्बे के महामति प्राणनाथ महाविद्यालय में वीरांगना ऊदा देवी को शहीद दिवस पर छात्र-छात्राओं ने वीरांगना की शौर्य गाथा सुनाई।

शुक्रवार को महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एस कुरील ने कहा कि आज ही के दिन 1857 में अवध में अंग्रेजों के खिलाफ क्रान्ति का बिगुल फूंका गया था। अपने युद्ध कौशल की बदौलत ऊदा देवी ने 36 अंग्रेजों को मौत के घाट उतारा था। प्राचार्य डॉ संतोष कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम दौरान बेगम हजरत महल में ऊदा देवी ने युद्ध की कमान अपने हाथों में ली थी। अंग्रेजों के सेनापति हर तरफकान्तिकारियों के आन्दोलन को दबाने में लगे थे। अंग्रेजी सेना को रोकने की जिम्मेदारी ऊदा देवी को सौंपी गई थी। उन्होंने बताया सिकंदर बाग के पास अंग्रेजों ने ऊदा देवी को घेर लिया था। वीरांगना ने हार नहीं मानी। 36 अंग्रेजों को मौत के घाट उतारकर वीरगति को प्राप्त हुई। उनका बलिदान देश कभी नहीं भूल पायेगा। प्राध्यापक पूरन सिंह ने भी कविता के माध्यम से ऊदा देवी के जीवन पर रोशनी डाली। इस मौके पर महाविद्यालय की छात्रा अंजली शुक्ला, हिमांशु मिश्रा, पूजा पाण्डेय, रश्मि देवी, मानसी मिश्रा, गायत्री देवी व छात्र उदितनारायण दिनकर, मिथलेश कुमार आदि ने विचार व्यक्त किये। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा चन्दारानी ने गीत पेश किया। इस मौके पर महाविद्यालय का स्टाफ मौजू रहा।

# सड़क किनारे मिला शव सुढ़ार निवासी दिनेश का निकला



**जालौन ( उरई )।** गुरूवार की रात करीब 10 बजे बंगरा रोड पर सुढ़ार सालाबाद के पास एक व्यक्ति का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। शुक्रवार को उक्त व्यक्ति की शिनाख्त हुई जो सुढ़ार गांव का था।

गुरुवार की रात करीब 10 बजे सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव लहूलुहान अवस्था में सड़क किनारे पड़ा था। व्यक्ति को देखकर लग रहा था कि किसी ने उसे टक्कर मार दी है। अधिक खून बह जाने से उसकी मौत हो गई। राहगीरों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को अस्पताल पहुंचाया। आसपास गांव में पूछतांछ करने पर उसकी पहचान दिनेश कुमार (30) पुत्र सिया निवासी सुढ़ार के रूप में हुई। मृतक के भाई राजू ने उसकी पहचान की। भाई ने बताया कि उनका छोटा भाई दिनेश कुमार अविवाहित था। वह कोंच चौराहे पर कटिंग की दुकान पर काम करता था। रात में यदि गांव का कोई वाहन मिल जाता था तो वह उससे घर आ जाता था। अन्यथा वह पैदल ही घर आता था। गुरूवार को भी भाई दुकान पर गए थे। रात में वापस आते समय गांव के करीब ही किसी अज्ञात वाहन ने उनके भाई को टक्कर मार दी। जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## घर में घुस किशोरी से छेड़खानी विरोध करने पर की मारपीट

**जालौन ( उरई )।** घर में अकेली किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने घर में घुसकर छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर मारपीट भी की। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी तबियत खराब थी। वह अपना इलाज कराने के लिए सितंबर माह में पत्नी व परिजनों के साथ लखनऊ गए थे। इस दौरान उनकी 13 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। इसका फायदा उठाकर बीती 7 सितंबर को गांव का ही करन सिंह जबरन घर में घुस गया और पुत्री के साथ छेड़खानी करने लगा। जब उसने विरोध किया तो उसने पुत्री के साथ मारपीट भी कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख वह जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। इलाज कराकर जब वह वापस लौटा तो पुत्री ने उसे इस बात के बारे में बताया। जब उसने करन से शिकायत की तो वह उल्टा धमकाने लगा और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगा।

# कलियुग में वही महान, जिसे भगवान की लीला सुनने का अवसर मिलता है

संवाददाता। जालौन (उरई)



भागवत कथा का श्रवण कराते भागवताचार्य और उपस्थित श्रोतागण पायनियर

**जीवन में** जो जैसा करता है, वैसा ही फल मिलता है। दुख तब होता है, जब किसी चीज पर हमारा मन लग जाता है। यह ग्राम रूरा मल्लू में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन भागवताचार्य पंडित रमा महाराज ने कही।

क्षेत्रीय ग्राम रूरा मल्लू में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन भागवताचार्य पंडित रमा महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कलियुग में वह व्यक्ति महान है, जिसे भगवान की लीला सुनने का अवसर प्राप्त होता है। मन की इच्छाओं का अंत कभी नहीं होता है। ऐसे में राम नाम से ही मुक्ति मिलती है। यह विश्व ही भगवान की मूर्ति है, विश्व का ही व्यापक अर्थ है विष्णु। विष्णु की नाभि से ब्रह्म का जन्म हुआ और ब्रह्म के दाहिने अंग से स्वायंभुव मनु, बांए अंग से शतरूपा, इन्हीं से जड़-चेतन, स्थावर, जंगम सभी प्राणियों की उत्पत्ति हुई। तो मनु से मानव हुए इसलिए मानव भगवान के ही अंश हैं। मनुष्य यदि सद्कार्य करे तो वह फिर से भगवान में मिल सकता है। बताया कि मनुष्य धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति करने आया है। यदि इनमें से एक से भी वह वंचित रहा तो उसका मानव जीवन असफल हो जाता है। इससे पूर्व कलश यात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें 121 कलश सिर पर रखकर महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। जो खर्रा से हरकौती गांव होकर रूरा मल्लू में आकर समाप्त हुई। इस मौके पर यज्ञकर्ता पंडित अश्वनी पाठक, यज्ञपति ब्रजकिशोर गोस्वामी, पारिक्षित प्रमोद पाल, सुधीर गुर्जर, बाबा ठाकुर, रामरातन कुशवाहा, राहुल राजावत, रितु राजावत, फूल कुंवर, मीरा पाल, रजनी, गंगोत्री, नीलू, संदीपा, गायत्री, नीलम, सपना, अंजु मंजु आदि मौजूद रहे।

## ग्रामोदय विवि का ग्राम प्रवास शिविर आयोजित

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के बीएससी प्रथम वर्ष के बायो समूह के छात्र छात्राओं का एक दल शुक्रवार को ग्राम प्रवास शिविर के अंतर्गत ग्राम टेढी गया। इस कार्यक्रम में 36 छात्र एवं 42 छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में प्राध्यापक प्रो0 घनश्याम गुप्ता, डॉ0 रवीन्द्र सिंह, डा0 साधना चौरसिया, गुलाब रानी एवं शिवानी शामिल रहीं । ग्राम प्रवास कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने टेढ़ी गांव पहुंचकर वहां के प्राथमिक एवं मिडिल विद्यालय के शिक्षकों से चर्चा की। तत्पश्चात छात्रों को 10-10 के समूहों में बांटकर विभिन्न विषयों पर गांव के लोगों से जानकारी एकत्र करने के लिए भेजा गया। इसके लिए निर्धारित विषय थे रू साक्षरता की स्थिति, स्वास्थ्य की स्थिति, परिवार संरचना अर्थात एकाकी या संयुक्त, पशुपालन की स्थिति, फसल चक्र की स्थिति, विद्यालय द्वारा किए जा रहे नवाचार,गांव में जल का स्तर ,मन्दाकिनी जल संरक्षण आदि ।

# न्यूज़ीलैंड दौरा नए खिलाड़ियों को और मौका देना : हार्दिक

**भाषा।** वेलिंगटन



**टी20 विश्व** कप की निराशा को पीछे छोड़ते हुए भारतीय कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पंड्या ने शुक्रवार को यहां कहा कि न्यूजीलैंड के सीमित ओवर के मौजूदा दौरे का मकसद नए खिलाड़ियों की भूमिका में स्पष्टता और उन्हें मौका प्रदान करना है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की जगह हार्दिक तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में टीम की अगुआई कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि भारतीय टीम पिछले नतीजों के बारे में सोचने में भरोसा नहीं करती। उन्होंने कहा, ए खिलाड़ी भले ही उम्र से युवा हों लेकिन अनुभव के मामले में नहीं हैं। ए काफी आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) खेल चुके हैं और काफी अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेल चुके हैं। मुझे लगता है कि आज के युवा ज्यादा क्रिकेट नहीं खेलने से घबराते नहीं हैं। अगर हालात की मांग होती है तो मैं और काफी अनुभवी खिलाड़ी विभिन्न भूमिकाएं निभाएंगे लेकिन यह दौरा नए खिलाड़ियों के लिए और अधिक स्पष्टता, मौके और खुद को अभिव्यक्त करने का मौका देने के लिए है। विश्व कप हो चुका है, मैंने इसे पीछे छोड़ दिया है। निराशा रहेगी लेकिन हम पीछे जाकर चीजें नहीं बदल सकते। हम अब आगे के बारे में, इस श्रृंखला के बारे में सोच रहे हैं। तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के बाद इतने ही मैचों की वनडे श्रृंखला खेली जाएगी। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि मौजूदा श्रृंखला एडम मिल्ने जैसे खिलाड़ियों को परखने का अच्छा मंच है जिन्हें टी20 विश्व कप में खेलने का मौका नहीं मिला जिसमें न्यूजीलैंड और भारत दोनों ही टीमें सेमीफाइनल चरण में बाहर हो गई थीं। भारत को सेमीफाइनल में विजेता बनी इंग्लैंड से जबकि न्यूजीलैंड को पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा। विलियमसन ने कहा, यह बेहतर होने की बात है, विशेषकर नॉकआउट मैचों में। एडम मिल्ने जैसे खिलाड़ी टी20 विश्व कप टीम में भी थे लेकिन उन्हें मौका नहीं मिला इसलिए यह उन्हें कुछ मैच का समय देने का अच्छा समय है। हम नई शुरूआत करेंगे, यह नई श्रृंखला है, दोनों टीमें आगे के बारे में सोच रही हैं। दोनों टीमें फाइनल तक पहुंचना चाहती थीं लेकिन हमें इस श्रृंखला के लिए तैयार करने के लिए एक हफ्ते का आराम मिला। नियमित खिलाड़ियों के बिना यहां खेलने आई भारतीय टीम के बारे में पूछने पर विलियमसन ने कहा, मुझे कोई संदेह नहीं है कि ए सभी भारत के बड़े खिलाड़ी होंगे, मैंने इन सभी को आईपीएल में देखा है। ए काफी प्रतिभाशाली हैं। विलियमसन ने कहा कि भारत के खिलाफ आगामी तीन मैचों की श्रृंखला उनकी टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए चयनकर्ताओं को प्रभावित करने और अगले साल होने वाले 50 ओवर के विश्व कप में दावा ठोकने का अच्छा मौका प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, ज्यादातर टीमें बड़े टूर्नामेंट के लिए तैयारी करती हैं जो ज्यादा दूर नहीं है और वनडे प्रारूप युवाओं के लिए अच्छा मौका होगा। मुझे पूरा भरोसा है कि खिलाड़ियों के पास चमकने के लिए काफी मौके होंगे। हमें देखना होगा कि हमें खेलने के लिए किस तरह की पिच मिलती है जिसके मुताबिक हमें ढलना होगा। श्रृंखला का दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच रविवार को माउंट मोनगानुई में खेला जाएगा।

## बारिश के कारण न्यूजीलैंड-भारत का पहला टी-20 रद



वेलिंगटन। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शुक्रवार को यहां बारिश के कारण बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया। यहां के स्काई स्टेडियम मे बारिश थोड़ी देर के लिए रूकी लेकिन तेज बारिश होने लगी। मैच को स्थानीय समयानुसार रात 08.52 बजे रद्द कर दिया गया। पांच-पांच ओवर के मैच के लिए कटऑफ समय रात 09:56 था, लेकिन गीली आउटफील्ड के कारण इसे एक घंटे पहले ही रद्द कर दिया गया। बारिश के कारण टॉस भी संभव नही हुआ।। श्रृंखला का अगला टी20 मैच माउंट मोनगानुई में रविवार को खेला जाएगा। भारत को इस दौरे पर अब दो और टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलनी है। दोनो टीमें हाल ही मे ऑस्ट्रेलिया मे टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल चरण से बाहर होने के बाद इस श्रृंखला से नई शुरुआत करना चाहेंगी। विश्व कप मे भारत को चैम्पियन बने इंग्लैड से हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैड को उपविजेता पाकिस्तान ने हराया था। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति मे अनुभवी हरफनमौला हार्दिक पांड्या भारतीय टी20 टीम की अगुवाई कर रहे है जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत उप कप्तान है। भारतीय कप्तान पंड्या ने कहा, खिलाड़ी इस दौरे को लेकर काफी रोमांचित है। न्यूजीलैड शानदार देश है और खेलने के लिहाज से कमाल की जगह है। बदकिस्मती से आज खेलने का मौका नही मिला। मैच के लिए बड़ी संख्या मे दर्शक यहां पहुंचे थे। हम भी उत्साहित थे लेकिन पेशेवर क्रिकेट मे यह ऐसा है जिसे हमे स्वीकार करने की जरूरत है। इस दौरे के लिए रोहित के अलावा दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल को विश्राम दिया गया है। अनुभवी खिलाड़ियो की गैरमौजूदगी मे शुभमन गिल, उमरान मलिक, ईशान किशन और संजू सैमसन को टीम मे मौका दिया गया है। टी20 विश्व कप के बाद मुख्य कोच राहुल द्रविड़ समेत पूरे कोचिंग स्टाफ को भी विश्राम दिया गया है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख और पूर्व खिलाड़ी वीवीएस लक्ष्मण को इस दौरे के लिए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

## बीसीसीआई ने चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चयन समिति को बर्खास्त किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट** टीम के आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को कड़ा फैसला करते हुए चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चार सदस्ईय राष्ट्रीय चयन समिति को बर्खास्त कर दिया। चेतन के कार्यकाल के दौरान भारतीय टीम 2021 में खेले गए टी20 विश्वकप के नॉकआउट चरण में नहीं पहुंच पाई थी। इसके अलावा वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी हार गई थी। चेतन (उत्तर क्षेत्र), हरविंदर सिंह (मध्य क्षेत्र), सुनील जोशी (दक्षिण क्षेत्र) और देबाशीष मोहंती (पूर्वी क्षेत्र) का राष्ट्रीय चयनकर्ता के रूप में कार्यकाल बहुत कम दिन का रहा। इनमें से कुछ की नियुक्ति 2020 तो कुछ कि 2021 में की गई थी। एक सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता का कार्यकाल अमूमन चार साल का होता है और उसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। कुरूविला का कार्यकाल समाप्त होने के कारण पश्चिम क्षेत्र से कोई चयनकर्ता नहीं था। पीटीआई ने 18 अक्टूबर को बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक के बाद खबर दी थी कि चेतन को बर्खास्त किया जा सकता है। बीसीसीआई ने शुक्रवार को राष्ट्रीय चयनकर्ताओं (सीनियर पुरुष) के लिए आवेदन मंगाए। आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 नवंबर है।

## कोविड-19 के कारण गंवाए गए मौकों की भरपाई के लिए कुछ अतिरिक्त मैच खेलने में परेशानी नहीं : सोढी



**वेलिंगटन।** पिछले कुछ समय से व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर की काफी आलोचना हो रही है लेकिन न्यूजीलैंड के सीनियर स्पिनर ईश सोढी को कोविड-19 महामारी के दौरान गंवाए गए समय की भरपाई के लिए कुछ अतिरिक्त मैच खेलने में कोई परेशानी नहीं है। टी20 विश्व कप के खत्म होने के एक हफ्ते से कम समय बाद ही आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड वनडे श्रृंखला खेलेंगे जबकि भारतीय टीम हार्दिक पंड्या की अगुआई में न्यूजीलैंड का सीमित ओवर का दौरा कर रही है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शुक्रवार को यहां बारिश की भेंट चढ़ गया। यह पूछने पर कि क्या व्यस्त कार्यक्रम से खिलाड़ियों पर काफी दबाव हो रहा है तो सोढी इससे सहमत नहीं थे। सोढी ने भारत के खिलाफ दौरे का पहला मैच रद्द होने के बाद पत्रकारों से कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने कार्यक्रम पर इतना ध्यान नहीं दिया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हमें थोड़े से समय में ही काफी क्रिकेट खेलना पड़ रहा है और इसका कोविड-19 से कुछ लेना देना है या नहीं क्योंकि इसमें काफी क्रिकेट नहीं हो पाया था।

## सुंदर को लंकाशर और एनसीए में बिताए समय से दमदार वापसी का भरोसा



**वेलिंगटन।** चोटिल होने के कारण एक साल से अधिक समय तक बाहर रहने के बाद टी20 टीम में वापसी करने वाले हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर का मानना है कि इंग्लैंड की काउंटी टीम लंकाशर में खेलने से उन्हें न्यूजीलैंड में चल रही सीमित ओवरों की श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिल सकती है। पिछले एक साल के दौरान चोट के कारण ज्यादातर समय खेल से दूर रहने वाले वाशिंगटन ने पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय मैचों में वापसी की। उन्हें न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के दौरे में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। सुंदर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टी20 मैच बारिश के कारण रद्द होने से पहले कहा, मैंने एनसीए में काफी समय बिताया है, चोटिल होने से पहले लंकाशर के लिए खेलने का अनुभव शानदार रहा था। मैंने फिटनेस के लिए अपने शरीर पर बहुत काम किया है, खासकर कंधे पर काफी ध्यान दिया है। दाएं हाथ से ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने वाले इस खब्बू बल्लेबाज ने कहा, न्यूजीलैंड मेरे पसंदीदा देशों में से एक है। यहां का मौसम और लोग वास्तव में शानदार है। जब से हम यहां आए है, हमने पैदल रेस्तरां और दुकान जाने का लुत्फ उठाया है।

## भारत के खिलाफ नौ दिसंबर टी 20 श्रृंखला खेलेगी ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम

नई दिल्ली। मौजूदा टी20 विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया नौ से 20 दिसंबर के बीच हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम के खिलाफ यहां पांच टी20 मैचो की श्रृंखला खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को यह घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका मे फरवरी मे शुरू होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्वकप की तैयारियो के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण होगी।

## सौरव गांगुली ने खेलों को बच्चों की शिक्षा का हिस्सा बनाने की वकालत की

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बच्चों के जीवन कौशल में सुधार के लिए देश में खेल को स्कूली शिक्षा का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। गांगुली ने 20 नवंबर को विश्व बाल दिवस से पहले वीडियो संदेश मे प्रत्एक बच्चे के लिए शिक्षा के अधिकार की वकालत भी की।

## पुरूषों के टेनिस टूर की पुरस्कार राशि बढ़ी

तूरिन। एटीपी टूर और एटीपी चैलेंजर टूर की कुल पुरस्कार राशि 2023 मे 37.5 मिलियन (3.7 करोड़) डॉलर बढ़कर 217.9 मिलियन (21.79 करोड़) डॉलर हो जाएगी। पुरूष टेनिस सर्किट मे यह पहली बार हुआ है कि इतनी बड़ी राशि एक ही सत्र मे बढ़ाई गई हो।

## ऑगर अलीसिमे को हराकर फ्रिट्ज सेमीफाइनल में, जोकोविच से होगा सामना

**तुरिन।** टेलर फ्रिट्ज ने एटीपी फाइनल्स मे फेलिक्स ऑगर अलीसिमे को करीबी मुकाबले मे हराकर सेमीफाइनल मे जगह बनाई। अमेरिका के इस खिलाड़ी के सामने सत्र के आखिरी टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच की चुनौती होगी। फ्रिट्ज ने कनाडा के खिलाड़ी को 7-6, 6-7, 6-2 से हराया। शुरूआती दोनो सेट मे कांटे का मुकाबला रहा लेकिन फ्रिट्ज ने तीसरे सेट मे अपने दबदबे वाले खेल से ऑगर अलीसिमे को पछाड़ दिया। सेमीफाइनल मे जगह पक्की कर चुके कैस्पर रूड को हालांकि दिग्गज राफेल नडाल से 5-7, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा।

## इंटर–स्कूल फुटबॉल का फाइनल आज

**लखनऊ।** टीएचएस इंटर स्कूल फुटबॉल के दूसरे दिन अंडर-14 और अंडर-19 आयु वर्ग के ग्रुप सी और डी में कुल 12 मैच खेले गए। अंडर-19 वर्ग के ग्रुप सी में डीपीएस इंदिरा नगर ने एलपीएस गोमती नगर को 3-0 से हराया। डीपीएस की तरफ से विद्यांशए इब्राहीम और रजा ने एक एक गोल किया। टेंडर हार्ट्स स्कूल, कुर्सी रोड ग्राउंड में खेले जा रहे टूर्नामेंट में इसी वर्ग के ग्रुप डी में मोंटफ ोर्ट इंटर कॉलेज ने रामेश्वरम इंटरनेशनल को 3-0 से हराया। मोंटफोर्ट से अभिनव ने दो और दिलनवाज ने एक गोल किया। अंडर-14 वर्ग में एलपीएस गोमती नगर को 4-0 से हराकर मॉडर्न स्कूल ने जीत हासिल की। माडर्नन स्कूल की ओर से शहान ने अकेले चार गोल दागे। एलपीएससी सहारा स्टेट और मोंटफोर्ट इंटर कॉलेज के बीच खेले गए एक अन्य मैच में एलपीएससी ने 4-0 से जीत दर्ज की।

# ग्रीन को आईपीएल खेलने से नहीं रोकेंगे: कमिंस



**भाषा।** सिडनी

**ऑस्ट्रेलिया** के कप्तान पैट कमिंस चाहते है कि कैमरून ग्रीन राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने में अपनी सारी ऊर्जा लगाएं, लेकिन वह इस युवा हरफनमौला को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने से नहीं रोकेंगे। इस 23 साल के खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के भविष्य के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने भारत दौरे पर डेविड वार्नर की अनुपस्थिति में पारी की शुरुआत करते हुए प्रभावित किया था। ग्रीन ने इस दौरे पर दो अर्धशतक जड़े थे और 214.54 के स्ट्राइक रेट तथा 39.22 के औसत के साथ रन बनाए थे। सहजता से बड़े शॉट खेलने की क्षमता के कारण ग्रीन अगर आईपीएल की आगामी नीलामी में शामिल होने का मन बनाते है तो वह कई फ्रेंचाइजी टीमों की नजर में होंगे। कमिंस ने एसईएन रेडियो से कहा, हाँ, वह इस दौड़ (आईपीएल नीलामी में शामिल होना) में शामिल हो सकता है। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे, मुझे लगता है कि नीलामी में अभी थोड़ा समय है। उन्होंने कहा, एक कप्तान के रूप में स्वार्थी होकर देखे तो मुझे अच्छा लगेगा कि वह ऑस्ट्रेलिया के लिए अपनी सारी ऊर्जा बचाएं।

## जयसूर्या, अकरम लंका प्रीमियर लीग के ब्रांड दूत बने

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सनत जयसूर्या और वसीम अकरम को छह से 23 दिसंबर तक चलने वाली लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के तीसरे चरण के लिए ब्रांड दूत बनाया गया है। सर्वकालिक विस्फोटक बल्लेबाजों में शुमार जयसूर्या ने श्रीलंका के लिए 20,000 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन और 440 विकेट झटके हैं जबकि अकरम ने पाकिस्तान के लिए अपने शानदार करियर में कुल 916 विकेट चटकाए हैं। जयसूर्या ने कहा, मैं एलपीएल के तीसरे चरण में ब्रांड दूत बनकर काफी खुश हूं। यह टूर्नामेंट घरेलू क्रिकेट कैलेंडर में जुड़ना शानदार है और इससे श्रीलंका में कुछ बेहतरीन प्रतिभाएं सामने आई हैं। इससे हमें बेहतरीन क्रिकेट प्रतिभा खोजने और उन्हें तराशने के लिए आदर्श मंच मिला है जैसे हमने इस साल के शुरू के दौरान एशिया कप में देखा। एलपीएल श्रीलंका को अपनी टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम तैयार करने में मदद कर रहा है। वहीं 1992 वनडे विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे अकरम ने कहा कि वह टूर्नामेंट का ब्रांड दूत बनकर काफी खुश हैं।

## मैंने पिछले छह वर्षों में पहली बार इतना अच्छा महसूस किया: स्मिथ

**एडीलेड।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा कि वह पिछले 12 महीने से अपनी तकनीक को सुधारने की कोशिश कर रहे थे और अब पिछले छह साल में बल्ले से सर्वश्रेष्ठ लय में होने का महसूस कर रहे हैं। स्मिथ ने गुरुवार को 77 गेंदों में नाबाद 80 रन की पारी खेली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने यहां पहले एकदिवसीय में विश्व चैंपियन इंग्लैंड को छह विकेट से हराया। इस पूर्व कप्तान के मुताबिक उनकी यह पारी पूर्णता के करीब थी। स्मिथ ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, (यह) शायद सबसे अच्छा था जो मैंने लगभग छह वर्षों में महसूस किया है।

## युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप: रिदम क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** भारत के रिदम ने स्पेन के ला नुसिया में पुरुषों और महिलाओं की युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के तीसरे दिन पुरुषों के 92 किग्रा से अधिक वर्ग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की जबकि चार अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने अंतिम–16 चरण में प्रवेश किया। रिदम ने लातविया के मिक बर्जिन्स के खिलाफ आक्रामक शुरुआत की और रिंग में उतरते ही दनादन मुक्के बसराने लगे। उनके आक्रामक खेल ने बर्जिन्स को संभालने का कोई मौका नहीं दिया और रेफरी को शुरुआती चरण में ही मैच रोककर भारतीय खिलाड़ी को विजेता घोषित करना पड़ा। इससे पहले जदुमणि सिंह मांडेंगबम (51 किग्रा) और भरत जून (92 किग्रा) ने पुरुषों के अंतिम–32 दौर में जीत के साथ भारत को दिन की अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद युवा एशियाई चैम्पियन वंशज ने इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में अपनी जीत का सिलसिला आगे बढ़ाया। हरियाणा के इस मुक्केबाज ने अंतिम –32 मुकाबले में सर्वसम्मत निर्णय से जापान के मासाटेक योशिजुमी को हराया। अमन राठौर (67 किग्रा) ने भी प्यूर्टो रिको के एलेक्सिस सोटो को 5–0 से आसानी से शिकस्त दी। रॉकी चौधरी अकेले भारतीय मुक्केबाज रहे जिसे तीसरे दिन हार का सामना करना पड़ा। वह 80 किग्रा वर्ग में तुर्की के हैलिल डोगरू से।–4 से हार गए।

# एशियाई टेटे के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनी मनिका

**भाषा।** बैंकॉक



**स्टार टेबल** टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा शुक्रवार को यहां एशियाई कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बन गई। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की अपने से बेहतर रैंकिंग की चेन सू यू को 4–3 से हराया। विश्व रैंकिंग में 44वें नंबर की मनिका ने महिला एकल के कड़े मुकाबले में विश्व की 23वें नंबर की चेन को 6–11, 11–6, 11–5, 11–7, 8–11, 9–11, 11–9 से पराजित किया। मनिका एशियाई कप के 39 साल के इतिहास में भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड अपने नाम सुनिश्चित कर चुकी हैं। इससे पहले 2015 में अचंता शरत कमल और 2019 में जी साथियान छठे स्थान पर रहे थे। इस भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले चीन की दुनिया में सातवें नंबर की चेन जिंगटोंग को उलटफेर का शिकार बनाया था। मनिका शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल में जापान की विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी और यहां दूसरी वरीयता प्राप्त मीमा इतो से भिड़ेंगी। दूसरा सेमीफाइनल चीन की विश्व नंबर चार वांग यिदी और जापान की हिना हयाता (विश्व नंबर छह) के बीच खेला जाएगा। इस दो लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में विश्व रैंकिंग और क्वालिफिकेशन के आधार पर महाद्वीप के पुरुष और महिला वर्ग में चोटी के 16 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मनिका ने पहला गेम गंवाने के बावजूद शानदार वापसी की और टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की। इस जीत से मनिका ने ताइपे की खिलाड़ी के खिलाफ अपने रिकॉर्ड में सुधार करके उसे 2–4 कर दिया है। मनिका ने मैच के बाद कहा, वह बेहतरीन खिलाड़ी है। मैं हाल में विश्व टीम चैंपियनशिप में उससे हार गई थी। लेकिन इस बार मैंने अपनी रणनीति बदली जिसका मुझे फायदा मिला। आज की जीत से मेरा मनोबल बढ़ा है और मैं कल का मैच पूरी एकाग्रता के साथ खेलूंगी। मनिका ने पहला गेम गंवाने के बाद मैच पर पूरी तरह से नियंत्रण बनाया और अगले तीन गेम अपनी झोली में डाले। ताइपे की खिलाड़ी ने इसके बाद दो गेम जीतकर मैच को निर्णायक गेम तक खींच दिया जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने बाजी मारी।

## भारत ने 15वीं एशियाई एयरगन चैम्पियनशिप का समापन 25 स्वर्ण से किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत ने** कोरिया के डेगू में 15वीं एशियाई एयरगन चैम्पियनशिप में अपने दबदबे भरे अभियान का अंत 25 स्वर्ण पदकों से किया जिसमें शुक्रवार को अंतिम दिन जीते गए दो स्वर्ण पदक शामिल रहे। मनु भाकर और सम्राट राणा ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम जूनियर स्पर्धा जीती जबकि रिदम सांगवान और विजयवीर सिद्धू ने सीनियर स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत ने पूर्ण दबदबा बनाते हुए आठ दिन में प्रतियोगिता में 28 में से 25 स्पर्धा जीती। सांगवान और सिद्धू ने एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में कजाखस्तान के वालेरी और इरिना को 17–3 से पराजित किया। उन्होंने 579 के स्कोर से पहला स्थान हासिल किया था जबकि कजाखस्तान 577 के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहा था। शिवा और युविका की दूसरी भारतीय जोड़ी ने क्वालीफाइंग में 573 के स्कोर से चौथा स्थान हासिल किया और एक कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया, पर उन्हें कोरियाई जोड़ी से 6–16 से हारकर कांस्य पदक से चूकना पड़ा। जूनियर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में मनु और सम्राट की जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में 578 का स्कोर बनाया।

# स्पेन व पुर्तगाल फुटबॉल विश्व कप अभ्यास मैच में जीते



दोहा में प्रशंसक के साथ रोनाल्डो

**भाष। दोहा**

**युवा खिलाड़ी** अंसू फाटी के शानदार खेल के दम पर स्पेन ने फीफा विश्व कप के अपने आखिरी अभ्यास मैच में जॉर्डन को 3–। से शिकस्त दी। राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश कर रहे फाटी ने शानदार लय में होने का सबूत देते हुए मैच के 13वें मिनट में गोल किया। टीम के लिए गेवी पेज और निको विलियम्स ने भी गोल दागे। एक समय स्पेन के लिए सबसे कम उम्र में गोल करने का रिकॉर्ड बनाने वाले फाटी ने अक्टूबर 2020 के बाद किसी आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। जॉर्डन के लिए मैच के आखिरी लम्हों में हमजा अल–दर्दौर ने सांत्वना गोल किया। दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना मैदान में उतरी पुर्तगाल की टीम ने नाइजीरिया को 4–0 से हराया। इस मैच में ब्रूनो फर्नांडिस ने दो गोल दागे। टीम के लिए गोंकालो रामोस और जोआओ मायरियो भी गोल किए। रोनाल्डो पेट की परेशानी के कारण बुधवार को अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया था। अन्य अभ्यास मैचों में रूस की जगह विश्व कप में शामिल होने वाले घाना ने स्विट्जरलैंड को 2–0 से हराया। विश्व कप के लिए 36 साल बाद क्वालीफाई करने वाले कनाडा ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जापान को 2–। से मात दी।

## विश्व कप स्टेडियमों में अल्कोहल वाली बीयर की बिक्री पर प्रतिबंध



**दोहा।** विश्व कप के आठ स्टेडियमो मे अल्कोहल वाली बीयर की बिक्री पर शुक्रवार को प्रतिबंध लगा दिया गया। यह फैसला फीफा टूर्नामेंट के शुरू होने से दो दिन पहले ही किया गया। अल्कोहल मुक्त बीयर देश मे होने वाले 64 मैचो के दौरान बेची जाएगी। फीफा ने एक बयान मे कहा, मेजबान देश के अधिकारियो और फीफा के बीच चर्चा के बाद स्टेडियम की परिधि से बीयर की बिक्री को हटाकर फीफा फैन फेस्टिवल , प्रशंसको के अन्य स्थलो और लाइसेंस प्राप्त स्थलो पर अल्कोहल वाले पेय पदार्थो की बिक्री पर ध्यान देने का फैसला किया गया। शैंपेन, वाइन, व्हिस्की और अन्य अल्कोहल स्टेडियम के लग्जरी आतिथ्य क्षेत्रों मे परोसे जाएंगे। इन स्थानो के बाहर बीयर एकमात्र अल्कोहल होगा जो नियमित टिकटधारको को बेची जाएगी। विश्व कप की बीयर प्रायोजक बडवाइजर की मूल कंपनी एबी इनबेव ने टिप्पणी के अनुरोध पर तुरंत जवाब नही दिया। एबी इनबेव प्रत्एक विश्व कप मे बीयर बेचने के एक्सक्लूसिव अधिकारो के लिए करोड़ो डॉलर का भुगतान करती है और प्रशंसको के लिए काफी स्टॉक ब्रिटेन से कतर भेज चुकी है। बडवाइजर की मूल कंपनी की फीफा से यह साझेदारी 1986 टूर्नामेंट से शुरू हुई थी और उत्तरी अमेरिका मे अगले विश्व कप के लिए इसे जारी रखने के लिए बातचीत कर रही है। इस तरह का अचानक लिया फैसला पश्चिम मे अतिवादी लग सकता है लेकिन कतर मे वंशानुगत उत्तराधिकारी अमीर का सभी सरकारी फैसलो पर पूर्ण अधिकार होता है जहां इस्लाम का अतिरूढ़िवादी रूप से पालन किया जाता है। हालांकि वर्षो से अल्कोहल की बिक्री होटल बार मे अनुमति दी जाती रही है। जब कतर ने विश्व कप की मेजबानी की बोली प्रक्रिया शुरू की थी तो देश ने फीफा के व्यावसायिक भागीदारो का सम्मान करने पर सहमति जताई थी और ऐसा 2010 मे मत जीतने के बाद अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय भी किया था। ब्राजील मे 2014 विश्व कप मे मेजबान देश को शराब की बिक्री की अनुमति के लिए एक नियम मे बदलाव करने पर मजबूर होना पड़ा था। यूरोप मे प्रशंसक ग्रुप फुटबॉल सपोर्टर्स यूरोप के कार्यकारी निदेशक रोनन इवेन ने कतर मे बीयर की बिक्री पर प्रतिबंध के फैसले को बहुत चिंताजनक करार किया। इवेन ने ट्विटर पर लिखा, कई प्रशंसको के लिए वे अल्कोहल पीते है या नही या फिर स्टेडियम मे बिना अल्कोहल की नीति का पालन करते है। इससे उनके टूर्नामेंट मे कोई बदलाव नही होगा।

## सादियो सर्जरी के बाद बाहर

**दोहा।** सेनेगल के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी सादियो माने पैर की चोट की सर्जरी के बाद विश्व कप से बाहर हो गए हैं। बायर्न म्यूनिख और सेनेगल फुटबॉल महासंघ ने यह जानकारी दी। बायर्न की ओर से जारी बयान के मुताबिक 30 साल के माने के दाहिने पैर का शुक्रवार देर रात ऑस्ट्रिया के इन्सब्रुक में ऑपरेशन हुआ। उन्हें यह चोट आठ नवंबर को वेडर ब्रेमेन के खिलाफ जर्मन लीग के मैच में लगी थी। बायर्न ने कहा, एफसी बायर्न के अग्रिम पंक्ति का यह खिलाड़ी अब विश्व कप में सेनेगल के प्रतिनिधित्व के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा और अगले कुछ दिनों में म्यूनिख में अपना रिहैबिलिटेशन (उपचार से उबरने की प्रक्रिया) शुरू करेगा। सेनेगल टीम के चिकित्सक मैनुअल अफोंसो ने इससे पहले उम्मीद जताई थी कि माने विश्व कप के कुछ मैचों में खेलेंगे लेकिन अब इसकी कोई संभावना नहीं है। हमने आज का एमआरआई देखा है और दुर्भाग्य से उनकी प्रगति उम्मीदों के अनुकूल नहीं है।

## अर्जेंटीनी स्ट्राइकर गोंजालेज और जोक्विन भी बाहर

**दोहा।** अर्जेंटीना के स्ट्राइकर निकोलस गोंजालेज और जोक्विन कोरिया चोटों के कारण विश्व कप से बाहर हो गए। अर्जेंटीना फुटबॉल महासंघ ने कहा कि फियोरेंटिना क्लब के लिए खेलने वाले गोंजालेज गुरूवार को ट्रेनिंग सत्र के दौरान मांसपेशियों में चोट लगा बैठे और अब उनकी जगह एटलेटिको मैड्रिड के फॉरवर्ड एंजेल कोरिया लेंगे। महासंघ ने यह भी कहा कि जोक्विन कोरिया को 26 सदस्ईय टीम से एक विशेष चोट की वजह से बाहर किया गया। इंटर मिलान के इस खिलाड़ी की जगह अटलांटा यूनाईटेड के फॉरवर्ड थियागो अलमाडा को शामिल किया गया। जोक्विन कोरिया ने बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात पर 5–0 की जीत के दौरान एक गोल दागा था। अर्जेंटीना ग्रुप सी में मंगलवार को विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में सऊदी अरब से भिड़ेगी और फिर चार दिन बाद उसका सामना नीदरलैंड से होगा। टीम का अंतिम ग्रुप मैच 30 नवंबर को पोलैंड से होगा।

## 34वीं सब जूनियर अंडर–13 नेशनल बैडमिंटन आज से

**लखनऊ।** देश के सब जूनियर वर्ग के सभी सीडेड खिलाड़ी योनेक्स सनराईज 34वीं सब जूनियर अंडर-13 नेशनल बैडमिंटन चैपियनशिप-2022 में खिताब के लिए दावेदारी करते नजर आएंगे। पांच दिवसीय इस चैंपियनशिप के मुकाबले बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी के बैडमिंटन हाल में आयोजित किये जाएंगे। चैंपियनशिप की शुरुआत 19 नवंबर से होगी। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के सचिव डा.सुधर्मा सिंह के अनुसार इस चैंपियनशिप में बालक एवं बालिका की एकल एवं युगल स्पर्धा खेली जायेगी जिसमें देश के भर के 31 राज्यों से से लगभग 300 बालक व बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे। चैंपियनशिप का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक करेंगे। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप के मुकाबले नॉकआउट आधार पर खेले जाएंगे। इस चैंपियनशिप में दो राज्यों सिक्किम एवं मेघालय की टीमें किन्ही कारणों से प्रतिभाग नहीं कर पा रहीं हैं। शेष 31 टीमें लखनऊ पहुंच चुकी हैं तथा सभी टीमों ने आज चैंपियनशिप की पूर्व संध्या पर अकादमी के कोर्ट पर अभ्यास कर अपनी तैयारियों की परख की। इस चैंपियनशिप में अंडर-13 आयु वर्ग में बालक व बालिका एकल तथा बालक व बालिका युगल के मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले 23 नवंबर 2022 को खेले जाएंगे। इस चैंपियनशिप की आयोजन समिति के चेयरमैन विराज सागर दास एवं अध्यक्ष डाण्नवनीत सहगलए सचिव.डाण्सुधर्मा सिंह तथा चैंपियनशिप रेफरी पी कृष्णैया होंगे। चैंपियनशिप में बालक एकल में 77 बालिका एकल में 76 बालक युगल में 37 और बालिका युगल में 37 खिलाड़ियों को इंट्री दी गयी है।

## मेल्टवाटर चैंपियन्स टूर फाइनल्स: एरिगेसी जीते, प्रज्ञानानंदा हारे

**सेन फ्रांसिस्को।** भारतीय ग्रैंडमास्टर (जीएम) अर्जुन एरिगेसी ने लगातार तीन हार के बाद शुक्रवार को यहां मेल्टवाटर चैंपियन्स टूर फाइनल्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहली जीत दर्ज की जबकि पिछले मुकाबले में जीत का स्वाद चखने वाले उनके हमवतन आर प्रज्ञानानंदा को हार का सामना करना पड़ा। एरिगेसी ने अजरबैजान के शाखरियार मामेदयारोव को 3-। से हराया, तो वहीं प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के जीएम वेस्ली सो से।-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने नीदरलैंड के जीएम अनीश गिरी को 3-0 से हराया, जबकि वियतनाम के क्वांग लीम ले ने पोलैंड के जीएम जान-क्रिज्सस्टोफ डूडा के विजई अभियान को रोका। क्वांग ने 3-। से जीत दर्ज की। अब तक खराब लय से जूझ रहे एरिगेसी ने अपने खेल के स्तर को सुधार करते हुए अनुभवी मामेदयारोव के खिलाफ पहला मुकाबला ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे मुकाबले को 58 चाल मे अपने नाम किया।

## अवनी ने 13 शॉट के अंतर से खिताब जीता

**चंडीगढ।** एमेच्योर अवनी प्रशांत ने शुक्रवार को यहां 13 शॉट के बड़े अंतर से हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 15वें और अंतिम चरण का खिताब जीता। वैश्विक प्रतियोगिता मे व्यस्त रहने के कारण इस साल हीरो महिला गोल्फ टूर मे कम भाग लेने वाली अवनी ने तीन दौर मे 68-66-70 के साथ कुल 12 अंडर 204 का स्कोर बनाया। अवनी का दबदबा इस तरह का था कि उन्होंने तीनो दिन एकल बढ़त बनाए रखी। गौरिका बिश्नोई दूसरे स्थान पर रही। उनका कुल स्कोर एक ओवर 217 रहा। स्नेहा सिंह (77-72-75) और लखमेहर परदेसी (73-75-76) ने संयुक्त तीसरा स्थान हा